


खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स


लखनऊ, गुरुवार 8 मई 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 187 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com | वैसाख शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 9 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## पहलगाम हमले के शहीदों की पत्नियों को देश के सैन्य बलों ने किया नमन

# ऑपरेशन सिंदूर

# 25 मिनट, 24 मिसाइल हमले आतंकियों के नौ ठिकाने ध्वस्त



**कर्नल सोफिया कुरैशी** ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए मासूम नागरिकों और उनके परिवारों को न्याय देने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया। जिन ठिकानों को निशाना बनाया गया वहां से आतंकियों के प्रमुख और बड़े प्रशिक्षण शिविर संचालित किए जा रहे थे।



**विंग कमांडर व्योमिका सिंह** ने बताया कि ऑपरेशन के लिए ठिकानों का चयन विश्वसनीय खुफिया जानकारी और इन ठिकानों की गतिविधियों के आधार पर किया गया था। इनका चयन करते समय यह बात ध्यान में रखी गई थी कि नागरिक ठिकानों और आम लोगों को किसी तरह का नुकसान न पहुंचे।

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पहलगाम में निर्मम आतंकवादी हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को चुन-चुन कर मारने के सरकार के संकल्प को पूरा करने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 25 मिनट तक ताबड़तोड़ 24 मिसाइल हमले कर नौ आतंकवादी ठिकानों को पूरी तरह ध्वस्त कर आतंकवादियों के नेटवर्क की कमर तोड़ दी।

दावा है कि हमलों में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं। भारत की ये जवाबी कार्रवाई पहलगाम हमले के 15 दिन बाद की गई है और इसका नाम दिया है 'ऑपरेशन सिंदूर'। ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने हत्या कर दी थी। विदेश सचिव विक्रम मिस्री, सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में देश को छह और सात मई की दरमियानी रात को एक बज कर पांच मिनट से डेढ़ बजे तक चले ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी। ब्रीफिंग से पहले एक स्लाइड में बताया गया कि पाकिस्तान कई दशकों से आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है और आतंकवादियों के हमलों में अब तक करीब 350 आम लोग और 600 से अधिक सुरक्षाकर्मी मारे गए हैं। ऑपरेशन सिंदूर में जिन नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया है, उनमें से चार पाकिस्तान में और पांच पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में हैं। इन ठिकानों पर आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के मुख्यालय, भर्ती, प्रशिक्षण केन्द्र और लांच पैड हैं। श्री मिस्री ने जोर देकर कहा कि बीती रात सीमापार की गई कार्रवाई नपी तुली, गैर उकसावे वाली एवं जिम्मेदाराना थी जिसका उद्देश्य आतंकवादी ढांचे को नेस्तनाबूद करना और आतंकवादियों को आगे किसी भी ऐसी हरकत के लिए अक्षम बनाना था। इस कार्रवाई में पाकिस्तान के किसी सैन्य ठिकाने को निशाना नहीं बनाया गया। इसमें निंर्दोष लोगों की जान नहीं गई और न ही उनकी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई 25 अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पहलगाम हमले के बाबत जारी बयान की भावना के अनुरूप है। विदेश सचिव ने कहा कि पाकिस्तान आधारित आतंकवादी मॉड्यूल पर हमारी खुफिया निगरानी से संकेत मिला था कि भारत पर आगे भी हमले हो सकते हैं, अत: इन्हें रोकना और इसने निपटना दोनों को बेहद आवश्यक समझा गया। गुरुवार सुबह भारत ने -**शेष पृष्ठ दो पर**



## सेना ने सटीक निशाना साध केवल आतंकियों के ठिकाने किए ध्वस्त




**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारतीय सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ योजना के अनुसार पहले से तय किए गए आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर इतिहास रचा है। श्री सिंह ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर पर पहली प्रतिक्रिया में जोर देकर कहा कि इस कार्रवाई में किसी भी नागरिक ठिकाने को जरा सा भी नुकसान नहीं पहुंचाया गया है। इसका उद्देश्य आतंकवादियों को ठिकाने लगाकर आतंकवाद की कमर तोड़ना था। रक्षा मंत्री ने सीमा सड़क संगठन की विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि सेना ने केवल उन्हीं को मारा है, जिसने भारत को आहत किया था।

## ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम हमले का जवाब, हमें सेना पर गर्व: शाह



**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने पहलगाम आतंकवादी हमले के सटीक जवाब के लिए अपने सैन्य बलों की कार्रवाई को गौरवान्वित करने वाला बताते हुए कहा कि आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए भारत दृढ़रूप से प्रतिबद्ध है। श्री शाह ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि हमें अपने सैन्य बलों पर गर्व है। ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम में हमारे निर्दोष भाइयों की नृशंस हत्या का भारत का जवाब है। मोदी सरकार भारत और उसके लोगों पर किसी भी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। श्री शाह ने सेना की कार्रवाई व सैन्य बलों के 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्रशंसा की और सेना पर गर्व किया है।

## भारतीय सेना के हमलों में मसूद अजहर के परिवार के 10 सदस्य मारे गए



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के बहावलपुर सुभानअल्लाह परिसर में किए गए हमलों में कुख्यात आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर के परिवार के 10 सदस्य और उसके चार करीबी सहयोगी मारे गए हैं।

आतंकवादी समूह ने इस परिसर का इस्तेमाल शरणस्थली के रूप में किया था। मारे गए लोगों में मसूद अजहर की बड़ी बहन और बहनोई, उसका भतीजा और उसकी पत्नी शामिल हैं। जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख के बयान का हवाला देते हुए समाचार रिपोर्ट में कहा गया है कि उसके परिवार की एक और भतीजी और पांच बच्चे भी मारे गए। इसमें कहा गया है कि अजहर का एक करीबी सहयोगी और दो अन्य करीबी सहयोगी भी भारतीय हमलों में मारे गए हैं । भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में जैश, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े नौ आतंकवादी शिविरों पर हमला किया है। बहावलपुर में सुभानअल्लाह परिसर पर हमला 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत किए गए दो महत्वपूर्ण हमलों में से एक था। इन हमलों में 80 से अधिक आतंकवादी मारे गए हैं।

## मोदी की यूरोप के तीन देशों की यात्रा टली

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस माह के मध्य में क्रोएशिया, नॉर्वे एवं नीदरलैंड्स की यात्रा स्थगित कर दी गई है। सूत्रों ने बताया कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सैन्य बलों की सीमापार कार्रवाई एवं उसके बाद उपजी परिस्थितियों को देखते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी की यूरोप के इन तीन देशों की यात्रा टाल दी गई है। श्री मोदी को 12 मई से 17 मई तक इन देशों की यात्रा करनी थी।

## अपने सैन्य बलों पर गर्व है: राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में सैन्य बलों की कार्रवाई को गौरवान्वित करने वाला करार देते हुए बुधवार को कहा कि सफल सिंदूर अभियान को अंजाम देने वाले अपने सशस्त्र बलों पर उन्हें गर्व है। श्री गांधी ने कहा कि हमें अपने सशस्त्र बलों पर गर्व है। जय हिंद। पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ पहले दिन से ही तीखे तेवर अपनाते हुए श्री गांधी ने इस आतंकी कार्रवाई का करारा जवाब देने का सरकार से आग्रह करते हुए कहा था कि उनकी पार्टी इस हमले पर हर जवाबी कार्रवाई में सरकार के साथ खड़ी है।

## देश के 18 हवाई अड्डों पर सिविल उड़ानों पर 10 मई तक रोक

**नई दिल्ली।** देश के उत्तर और पश्चिमी हिस्सों में 18 हवाई अड्डों पर सिविल उड़ानों को 10 मई तक रोक दिया गया है। भारतीय सेनाओं द्वारा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान में 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाए जाने के कुछ घंटों बाद बुधवार तड़के अचानक सिविल उड़ानों को बंद करने के निर्देश दिए गए। सूत्रों के अनुसार, जिन हवाई अड्डों पर सिविल उड़ानों को बंद किया गया है उन हवाई अड्डों की सूची में लेह, थोइस, श्रीनगर, जम्मू, अमृतसर, पठानकोट, चंडीगढ़, जोधपुर, ग्वालियर, जैसलमेर, बीकानेर, जामनगर, भठिंडा, भुज, धर्मशाला, शिमला, राजकोट और पोरबंदर शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार उड़ानें रोकने के लिए नोटिस टू एयरमैन भी जल्द ही जारी किए जाने की उम्मीद है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ये हवाई अड्डे 10 मई तक नागरिक उड़ानों के लिए बंद रहेंगे। इनमें नियमित उड़ानें और चार्टर्ड उड़ानें दोनों शामिल हैं।

## दिल्ली से लेकर मुंबई तक हुई मॉक ड्रिल

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के रिश्तों में बढ़ते तनाव और संभावित हमले की आशंका के मद्देनजर बुधवार को देश के 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 244 जगहों पर युद्ध के दौरान बचाव के तरीकों की मॉक ड्रिल हुई। बता दें कि, इसके लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से सभी राज्यों को निर्देश जारी किया गया था।

## सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में 22 नक्सली किए ढेर



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर की कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर जारी 'नक्सल उन्मूलन ऑपरेशन' के 16वें दिन बुधवार को सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली। सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में 20 से 22 नक्सलियों के मारे जाने का दावा किया। इनमें से अब तक 18 नक्सलियों के शव बरामद किए जा चुके हैं।

नक्सलियों के मूवमेंट की पुष्टि ड्रोन कैमरे से लिए फोटो में भी हो रही है। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के आखिरी गढ़ कर्रेगुट्टा की पहाड़ियों पर जमा नक्सलियों को सुरक्षाबल चौतरफा घेरे हुए हैं। इस ऑपरेशन पर दिल्ली से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक (डीजी) ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह भी नजर बनाए हुए हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) (नक्सल ऑप्श) विवेकानंद सिन्हा, सीआरपीएफ के

### 18 नक्सलियों के शव बरामद

महानिरीक्षक (आईजी) राकेश अग्रवाल व बस्तर के आईजी पी. सुंदरराज भी मुठभेड़ की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उम्मीद है शाम तक जवान ऐतिहासिक सफलता की ओर बढ़ सकते हैं। नक्सलियों को उनके मांद में डीआरजी कोबरा, सीआरपीएफ और एसटीएफ़ के बहादुर जवान मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर स्थित कर्रेगुट्टा की पहाड़ी के पास सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ अभी जारी है। सुरक्षा बलों द्वारा बड़े स्तर पर नक्सल-विरोधी ऑपरेशन चलाया जा रहा है। बीजापुर जिले और उससे सटी तेलंगाना सीमा पर पिछले 16 दिनों से नक्सल विरोधी अभियान जारी है। इस अभियान के तहत बुधवार सुबह से पुलिस और नक्सलियों के बीच भारी गोलीबारी हो रही है।

छत्तीसगढ़ के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विवेकानंद सिन्हा ने बताया कि अब तक पुलिस ने 18 नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। गोली बारी जारी है। इधर बस्तर रेंज के आईजी पी सुंदरराज ने जारी बयान में कहा है कि गुरुवार को ऑपरेशन संकल्प के अच्छे परिणाम की अपेक्षा है। सभी सुरक्षाबल सुरक्षित हैं और बस्तर क्षेत्र को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध हैं। चूंकि ऑपरेशन प्रगति पर है सुरक्षा कारणों से इस समय संपूर्ण जानकारी साझा नहीं की जा सकती। उपयुक्त समय पर अधिकृत पदाधिकारी आवश्यक जानकारी साझा करेंगे। चूंकि ऑपरेशन प्रगति पर है सुरक्षा कारणों से इस समय संपूर्ण जानकारी साझा नहीं की जा सकती। उपयुक्त समय पर अधिकृत पदाधिकारी आवश्यक जानकारी साझा करेंगे।

## पाकिस्तान की नागरिक क्षेत्रों में भारी फायरिंग में 15 निर्दोष लोगों की मौत

**श्रीनगर।** पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत के ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेनाओं के पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी शिविरों पर सटीक हमलों के बाद बौखलाया पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) और अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर देर रात से भारी गोलीबारी कर रहा है, जिसमें पुंछ और तंगधार में 15 निर्दोष लोगों की मौत हो गई और 43 अन्य घायल हो गए। भारतीय सेना ने भी पाकिस्तान की अंधाधुंध फायरिंग का मुंहतोड़ जवाब दिया है और पाकिस्तानी चौकियों पर हमले में कई पाकिस्तानी सैनिकों के मारे जाने की खबर है। सेना ने एक बयान में यह जानकारी दी है। सेना ने कहा है कि हताश पाकिस्तानी सेना ने पुंछ और तंगधार क्षेत्रों में नागरिक ठिकानों और आबादी को निशाना बनाकर फायरिंग की है। सेना ने कहा कि वह पाकिस्तान की अंधाधुंध फायरिंग का करारा जवाब दे रही है।

## मोदी ने राष्ट्रपति मुर्मू को दिया ऑपरेशन का अपडेट



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उन्हें भारतीय सेनाओं द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिए चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी।

राष्ट्रपति भवन सचिवालय ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। इससे पहले प्रधानमंत्री ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता की और केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति की बैठक में भी इस पर चर्चा की।

## संक्षिप्त समाचार

### ओवैसी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का स्वागत किया

**हैदराबाद।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष एवं सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान में आतंकी शिविरों को निशाना बनाकर भारतीय रक्षा बलों के 'ऑपरेशन सिंदूर' का स्वागत किया है। ओवैसी ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि मैं पाकिस्तान में आतंकी शिविरों पर हमारे रक्षा बलों द्वारा किए गए सर्जिकल स्ट्राइक का स्वागत करता हूं। पाकिस्तानी डीप स्टेट को कड़ा सबक सिखाया जाना चाहिए कि अब कभी दूसरा पहलगाम नहीं हो सकता। पाकिस्तान के आतंकी ढांचे को पूरी तरह से नष्ट किया जाना चाहिए। जय हिंद। ऑपरेशन सिंदूर। ओवैसी की टिप्पणी ऑपरेशन सिंदूर के बाद बढ़े तनाव के मद्देनजर आई है जिसने अपने रणनीतिक और सुरक्षा निहितार्थों के लिए राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया है।

### पटनायक, केजरीवाल ने दी सेना को बधाई

**नई दिल्ली।** बीजू जनता दल (बीजद) के प्रमुख नवीन पटनायक तथा आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ की गई सफल सैन्य कार्रवाई के लिए भारतीय रक्षा बलों को बधाई दी है। पटनायक ने कहा कि मुझे बताया गया है कि भारतीय सुरक्षा बलों को आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर में सफलता मिली है। मैं उन्हें तहेदिल से बधाई देता हूं। केजरीवाल ने कहा कि मुझे भारतीय सेना और हमारे बहादुर सैनिकों पर गर्व है। आप पार्टी के संजय सिंह ने भी कहा कि अब समय आ गया था कि सेना ने आतंकी ठिकानों को बर्बाद कर दिया है और वह भारतीय सेना को सर झुका के नमन करते हैं।

### सैन्य कार्रवाई मन मुताबिक, अब सभी बरतें संयम: थरूर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं तिरुवनंतपुरम से लोकसभा सदस्य शशि थरूर ने कहा है कि भारतीय सैन्य बलों की कार्रवाई उनके मन के मुताबिक हुई है और बदला ले लिया गया है। थरूर ने कहा कि संघर्ष इसी न्यायपूर्ण जवाबी कार्रवाई तक सीमित रहे इसलिए अब सभी पक्षों को संघर्ष को नियंत्रित करने के लिए काम करना होगा। हमारे सैन्य शक्ति की आतंकी ठिकानों पर सुनियोजित, गणनापूर्ण, सटीक हमलों का एक सेट। ठीक वैसी की कारवाई हुई, जिसकी मैंने पिछले सप्ताह वकालत करते हुए कहा था कि जोरदार प्रहार करो, चतुराई से प्रहार करो। मैं सरकार की सराहना करता हूं और अपने बहादुर सशस्त्र बलों के साथ पूरी मजबूती के साथ खड़ा हूं।

### सेना के साहस और पराक्रम पर देश को गर्व: नीतीश

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान पर भारतीय सेना की कार्रवाई पर आज कहा कि सेना के साहस और पराक्रम पर पूरे देश को गर्व है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए आतंकी हमले के जवाब में सेना द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादियों के नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया है। कुमार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध पूरा देश एकजुट है।

# एयर स्ट्राइक पर मुसलमानों ने तिरंगा यात्रा निकाली

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ मुस्लिम शिया धर्म गुरु बोले- जवानों को सलाम

भारतीय सेना की ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई से देशभर में जश्न का माहौल है। जैसे ही दुश्मन देश पर भारतीय सेना के हमले की खबर लोगों को हुई, लोग हाथों में तिरंगा लेकर सड़कों पर उतर आए।

भारतीय सेना की एयर स्ट्राइक पर लोग जश्न मना रहे हैं, आतिशबा. जी और ढोल की थाप पर झूम रहे हैं। देश 'भारतीय सेना जिंदाबाद' और 'भारत माता की जय' के नारों से गूंज रहा है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक भारतीय सेना की बहादुरी की चर्चा हो रही है। संगम नगरी प्रयागराज में लोगों ने हाथों में तिरंगा लिए आतिशबाजी की। मुस्लिम समाज के लोग गदगद हैं। ऑल इंडिया सूफी सज्जादानशीन काउंसिल के चेयरमैन ने सैन्यकर्मियों के साहस को सलाम किया। इस खुशी में धार्मिक नगरी मथुरा में दिनेश फलाहारी ने मिठाई बांटी। उन्होंने कहा कि आज भारत ने अपनी ताकत का सिर्फ अभी छोटा सा ट्रेलर दिखाया है। संगम नगरी प्रयागराज में श्रृंगवेरपुर धाम के पीठाधीश्वर शांडिल्य महाराज ने इस कार्रवाई की सराहना की है।

यहां लोगों ने जमकर आतिशबा. जी की। राज्य की राजधानी लखनऊ में भी लोग जश्न में डूबे हुए हैं। 1090 चौराहे पर विश्व हिंदू रक्षा परिषद के कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा और सनातनी झंडा लेकर खुशी मनाई। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में मॉर्निंग वॉक पर आईं महिलाओं ने पाकिस्तान पर गुस्सा उतारा।

# पहलगाम में मृतकों के परिजनों ने जताई खुशी

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर से पहलगाम में मारे गए 26 निर्दोष लोगों के परि. जनों में जश्न का माहौल है। पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों में दो विदेशी भी शामिल थे। इनमें एक संयुक्त अरब अमीरात से और दूसरा नेपाल से थे। 22 अप्रैल को आतंकियों ने सभी का धर्म पूछकर उनकी हत्या कर दी थी। मृतकों में इंदौर, मुंबई, हरियाणा, उत्तराखंड, कोलकाता, नेपाल, कानपुर, बिहार, बेंगलुरु, पुणे, भावनगर और अन्य स्थानों के पर्यटक शामिल थे।

भारतीय सेना की इस कार्रवाई के बाद बिहार के रोहतास जिले के अरूही गांव में जश्न का माहौल है। अरूही वह गांव है, जहां के निवासी आईबी के अधिकारी मनीष रंजन थे, जिनकी आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी। मंगलवार की देर रात भारतीय सेना के द्वारा की गई कार्रवाइ के बाद आईबी अधिक. ारी मनीष रंजन के भाई शशि मिश्रा ने खुशी जताई है। उन्होंने इसके लिए पीएम नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद मानवता के लिए खतरा है और इसे जड़ से मिटाने के लिए लगातार इस तरह की कार्रवाई होनी चाहिए। शहीद मनीष रंजन के चाचा दीपक कुमार मिश्रा ने कहा कि आतंकवादियों ने जिस तरह से हमारे बहन-बेटियों के सिंदूर को उजाड़ा है, उसी तरह हमारे सैनिकों ने भी ऑपरेशन सिंदूर चलाकर सिंदूर का बदला ले लिया है। पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए हरियाणा के करनाल निवासी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की मां आशा नरवाल ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कहा कि मोदी सरकार ने बदला ले लिया है। उनका परिवार और सारी जनता उनके साथ है।

भारतीय सेना ने सिंदूर का बदला ले लिया




### शुभम के पिता बोले 'सैल्यूट आर्मी'

**कानपुर।** पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के शिकार शुभम द्विवेदी के परिवार ने आतंकवादी ठिकानों पर भारतीय सेना की कार्रवाई पर संतोष जताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सैन्य बलों के प्रति आभार व्यक्त किया है। शुभम द्विवेदी के पिता संजय द्विवेदी ने भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' पर संतुष्टि जताते हुए कहा कि थैंक्यू मोदी जी, सैल्यूट आर्मी। उन्होंने भारतीय सेना की कार्रवाई को सलाम करते हुए प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद किया और कहा, सेना की इस कार्रवाई ने हमें सरकार पर भरोसा करने का हौसला दिया है। शुभम की पत्नी ऐशन्या ने कहा कि भारतीय सेना ने आतंकवादियों के खिलाफ जो कार्रवाई की गई है। ये उनके पति को सच्ची श्रद्धांजलि है। यूपी विस अध्यक्ष सतीश महाना शुभम द्विवेदी के घर पहुंचे और शोक संतप्त वातावरण के बीच उन्होंने शुभम की पत्नी के चरणों में झुककर नमन किया।

## सिंदूर अभियान से अमेरिका समेत कई देशों को अवगत कराया: डोभाल

# पाक तनाव बढ़ाएगा, तो मिलेगा जवाब

**नई दिल्ली, वार्ता**




■ एनएसए ने अपने समकक्षों से बात करते हुए कहा कि भारत तनाव नहीं बढ़ाना चाहता भविष्य में भी समकक्षों से करते रहेंगे बात: अजीत

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने बुधवार को कई देशों के अपने समकक्षों से बात करते हुए कहा कि भारत तनाव को नहीं बढ़ाना चाहता है, लेकिन अगर पाकिस्तान जवाबी कार्रवाई करके तनाव बढ़ाएगा, तब करारा जवाब दिया जाएगा।

डोभाल ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और अन्य हिस्सों में आतंकवादी अड्डों पर किए गए 'सिंदूर अभियान' से अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, सऊदी अरब और जापान सहित समेत कई देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहाकारों को अवगत कराया है। सूत्रों के अनुसार राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डोभाल ने अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मार्को रुबियो, ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जोनाथन पोवेल, सऊदी अरब के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शेख ताहनून, संयुक्त अरब अमीरात की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के महासचिव अली अल शम्सी और जापान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मासाताका ओकानो को सिंदूर अभियान की कार्रवाई से अवगत कराया है। उन्होंने रूस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सर्गेई शोईगू, चीन के विदेश मंत्री वांग ई और फ्रांस के राष्ट्रपति के राजनयिक सलाहकार इम्मानुअल बोने को भी कार्रवाई की जानकारी दी है। सूत्रों ने कहा है कि डोभाल भविष्य में भी इस संबंध में अपने समकक्षों के साथ बातचीत करते रहेंगे। सूत्रों के अनुसार उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत का तनाव बढ़ाने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन अगर पाकिस्तान तनाव बढ़ाने का फैसला करता है, तो वह दृढ़ता से जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### भारत का पैगाम-छेड़ोगे, तो छोड़ेंगे नहीं: नड्डा




**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने बुधवार को कहा कि पहलगाम पर भारत का पैगाम है कि उसे छेड़ा गया तो ऐसा करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। नड्डा ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि पहलगाम पर भारत का पैग़ाम- छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की आत्मा पर हमला करने वालों को कड़ी सज़ा मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि भारत आतंकवाद को उसकी जड़ से उखाड़ फेकने में सक्षम भी है और संकल्पबद्ध भी है। मिटा देंगे आतंकवाद का नासूर। ऑपरेशन सिन्दूर।

### ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद का मजबूत जवाब

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर हमला एक मजबूत जवाब है। उन्होंने एक्स पर कहा कि भारत आतंकवाद को कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत यह सुनिश्चित करेगा कि आतंक के हर अपराधी पर कार्रवाई हो।

### कांग्रेस कार्य समिति ने एक स्वर में किया ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद बुधवार को पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति की अनौपचारिक आपात बैठक बुलाई, जिसमें पहलगाम हमले के जवाब में सशस्त्र बलों की कार्रवाई का एकजुटता से और एक स्वर में समर्थन किया गया। कार्य समिति की बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस देश के वीर सैनिकों की साहसिक कार्रवाई की सराहना करती है और आतंकवाद के खिलाफ उठाए जा रहे हर कदम में देश के साथ खड़ी है। अचानक और अनौपचारिकरूप से बुलाई गई इस बैठक में दिल्ली में मौजूद पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं को शामिल होने का आग्रह किया गया था। खड़गे ने कहा कि देश में जो घटना घटी है और इसको लेकर सरकार जो कदम उठा रही है, उस पर आज हमने कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक बुलाई।

हम अपने सशस्त्र बलों पर गर्व करते हैं, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के आतंकी ठिकानों पर साहसिक और निर्णायक कार्रवाई करते हुए मुहंतोड़ जवाब दिया है। हम अपने जांबाज़ सैनिकों के साहस, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रभक्ति को सलाम करते हैं। उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के दिन से ही कांग्रेस ने साफ़ तौर पर सशस्त्र बलों और सरकार के साथ एकजुटता से खड़े होकर सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ हर निर्णायक कार्रवाई का समर्थन किया था। पाकिस्तान और पीओके से उत्पन्न होने वाले आतंकवाद के सभी रूपों के विरुद्ध भारत की राष्ट्रीय नीति बहुत स्पष्ट और अडिग है। देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए सभी स्तर पर एकजुटता की सर्वाधिक जरूरत है। कांग्रेस देश के वीर जवानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इतिहास गवाह है कि हमारे नायकों ने हमेशा राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखते हुए, देश की एकता और अखंडता के लिए अपनी शहादत तक दी है।

# अगर तुम आंख उठाओगे तो हम सिर काट लेंगे

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ कर्नल सोफिया कुरैशी के भाई का पाकिस्तान को संदेश
■ अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी देश की आवाज बन रही हैं सोफिया


भारत-पाक के बीच जारी तनाव के बीच सोफिया कुरैशी, का नाम आज हर किसी की जुबां पर छाया हुआ है। भारतीय सेना के पाकिस्तान पर हुए एक्शन ऑपरेशन सिंदूर में अहम भूमिका निभाने वाली इस जाबांज लेडी कर्नल ने साबित कर दिया कि भारत की बहादुर बेटियां किसी से कम नहीं है। वो आज सिर्फ सीमाओं की रखवाली नहीं कर रहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी देश की आवाज बन रही हैं।

ऑपरेशन सिंदूर के बारे में दुनिया को जानकारी देने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी के भाई मोहम्मद संजय कुरैशी का बयान सामने आया है। उनका कहना है कि भारतीय सेना पर उन्हें गर्व है। उन्होंने पाकिस्तान को संदेश देते हुए कहा कि अगर वो आंख उठाएगा, तो हम भारतीय सिर काटने से भी गुरेज नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ जो कार्रवाई की उस पर उन्हें फख्र है। इसके साथ ही मोहम्मद संजय कुरैशी ने कहा कि उनकी बहन ने इस ऑपरेशन में जो भूमिका निभाई है, उन्हें उस पर गर्व है। भाई ने बताया कि उनके बच्चों के लिए उनकी बुआ सोफिया एक आदर्श हैं, आज पूरा देश उनकी बहन पर नाज कर रहा है। कहा कि देश में अभी भी सभी धर्म के लोग प्यार मोहब्बत के साथ रहते हैं और आगे भी रहेंगे। सोफिया के भाई ने बताया कि उनके दादा और पिता भी सेना में सेवाएं दे चुके हैं। वहीं उनकी बहन ने भी सेना में जाने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि भारत में हिंदू और मुस्लिम दोनों धर्मों में गंगा जमुना की परंपरा वर्षों से चली आ रही है, लेकिन दहशतगर्द इस परंपरा को मिटाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन ऐसा कभी नहीं होगा। अगर आतंकियों ने फिर कोई ऐसी नापाक हरकत की तो उन्हें उसका अंजाम भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि देश की बेटियों के सिंदूर को आतंकियों ने हटा दिया था इसलिए इसका नाम ऑपरेशन सिंदूर रखा गया, जो बिल्कुल सही है।

## अर्थ व्यापार

# चौतरफा लिवाली से शेयर बाजार में तेजी

**मुंबई, वार्ता**



**भारत**-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बावजूद ब्रिटेन के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के मजबूत रुख की बदौलत हुई चौतरफा लिवाली से आज शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 105.71 अंक उछलकर 80,746.78 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 34.80 अंक बढ़कर 24414.40 अंक पर पहुंच गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों में अधिक लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 1.36 प्रतिशत की छलांग लगाकर 42,970.15 अंक और स्मॉलकैप 1.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ 47,377.90 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4046 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2206 में तेजी जबकि 1683 में गिरावट रही, वहीं 157 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की कुल 2902 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1772 में लिवाली जबकि 1049 में बिकवाली हुई वहीं 81 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव ने निवेशकों को सतर्क कर दिया, जिससे बाजार में अस्थिरता बनी रही। शुरुआती कारोबार के दौरान निवेशकों की भावनाएं अस्थिर रहीं। इस अस्थिरता की प्रमुख वजह भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वालू कश्मीर (पीओके) में किए गए मिसाइल हमले रहे, जिन्हें ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया है। सैन्य घटनाक्रम के चलते निवेशक सतर्क दिखे और बाजार में भारी उतार-चढ़ाव रहा। बीएसई में हेल्थकेयर और एफएमसीजी में 0.41 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर अन्य 19 समूहों में तेजी रही। शुरुआत में सेंसेक्स 79,948.80 अंक पर खुला और 79,937.48 अंक के निचले, जबकि 80,844.63 अंक के उच्चतम स्तर पर पूरे दिन रहा।


### 'सिंदूर' के बाद महंगा हुआ सोना, कीमत एक लाख के पार

**मुंबई।** पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार तड़के पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर द्धपीओकेऋ में 9 आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए। इस हमले के बाद दोनों देशों के बीच टेंशन अपने चरम पर पहुंच गई है। जिसकी वजह से देश की राजधानी दिल्ली में गोल्ड की डिमांड में इजाफा देखने को मिला है। जिसकी वजह से दिल्ली में गोल्ड के दाम एक लाख के पार पहुंच गए हैं। खास बात तो ये है कि पहलगाम की घटना के दिन दिल्ली में गोल्ड ने लाइफ टाइम हाई का रिकॉर्ड बनाया था। उम्मीद लगाई जा रही है कि शुक्रवार को सोने के दाम एक बार फिर से रिकॉर्ड तोड़ देंगे।

# खाद्य तेलों में रहा मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से बुधवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। वहीं अन्य जिंसों के भाव यथावत रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 92 रिंगिट लुढ़ककर 3703 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.61 सेंट की तेजी के साथ 48-96 सेंट प्रति पौंड बोला गया।। सूरजमुख तेल 219 रुपए और सोया रिफाइंड 110 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया, जबकि पाम ऑयल 366 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया। सरसों तेल, मूंगफली तेल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।



■ अन्य जिंसों के भाव में कोई परिवर्तन नहीं हुआ

गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18314 रुपए, सूरजमुखी तेल 16703 रुपए, सोया रिफाइंड 14835 रुपए, पाम ऑयल 13553 रुपए और वनस्पति तेल 16116 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### ऑपरेशन सिंदूर ...

इस तरह के सीमा पार हमलों का जवाब देने और उन्हें रोकने तथा उनका प्रतिरोध करने के अपने अधिकार का प्रयोग किया है। विदेश सचिव ने पहलगाम हमले की पृष्ठभूमि की पूरी जानकारी दी और कहा कि 22 अप्रैल 2025 को लश्कर-ए-तैयबा से संबंधित पाकिस्तानी और पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हमला किया और 25 भारतीय नागरिकों और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी। यह हमला स्पष्ट रूप से जम्मू-कश्मीर में बहाल हो रही सामान्य स्थिति को बाधित करने के उद्देश्य से किया गया था। श्री मिस्री ने बताया कि यह हमला स्पष्ट रूप से जम्मू-कश्मीर में सामान्य स्थिति को गड़बड़ाने और अशांति फैलाने उद्देश्य से किया गया। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष घाटी में रिकॉर्ड ढाई करोड़ पर्यटक आए थे। साथ ही इसके जरिये केन्द्र शासित प्रदेश में विकास और प्रगति को नुकसान पहुंचाना और पाकिस्तान से सीमा पार आतंकवाद को जारी रखने के लिए उपजाऊ जमीन बनाना था। उन्होंने कहा कि यह हमला उन्होंने कहा कि देश में ऐसा कुछ नहीं हुआ और इसके लिए केन्द्र सरकार और जनता को श्रेय दिया जाना चाहिए जिन्होंने इन मंसूबों को विफल कर दिया। श्री मिस्री ने कहा कि खुद को द रेसिस्टेंस फ्रंट टीआरएफ कहने वाले एक समूह ने हमले की जिम्मेदारी ली है। यह समूह संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित पाकिस्तानी आतंकवादी गुट लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा है। उल्लेखनीय है कि भारत ने मई और नवंबर 2024 में संयुक्त राष्ट्र की 1267 प्रतिबंध समिति की निगरानी टीम को अर्ध-वार्षिक रिपोर्ट में टीआरएफ के बारे में जानकारी दी थी, जिससे पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूहों के लिए एक कवर के रूप में पाकिस्तान की भूमिका सामने आई थी। इससे पहले भी दिसम्बर 2023 में, भारत ने निगरानी टीम को लश्कर और जैश-ए-मोहम्मद के बारे में सूचित किया था जो टीआरएफ जैसे छोटे आतंकवादी समूहों के माध्यम से काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले की जांच से पाकिस्तान के साथ आतंकवादियों के संपर्क उजागर हुए हैं। रेजिस्टेंस फ्रंट द्वारा किए गए दावे और लश्कर-ए-तैयबा से ज्ञात सोशल मीडिया हैंडल द्वारा इसको रिपोस्ट किया जाना इसकी पुष्टि करता है। चश्मदीद गवाहों और विभिन्न जांच एजेंसियों को उपलब्ध अन्य सूचनाओं के आधार पर हमलावरों की पहचान भी हुई है। इसके अलावा खुफिया एजेन्सी ने इस टीम के योजनाकारों और उनके समर्थकों की जानकारी जुटाई है। श्री मिस्री ने कहा कि इस हमले की रूपरेखा भारत में सीमा पार आतंकवाद को अंजाम देने के पाकिस्तान के लंबे ट्रैक रिकॉर्ड से भी जुड़ी हुई हैं, जिसके लिखित और स्पष्ट दस्तावेज उपलब्ध हैं। पाकिस्तान दुनिया भर में आतंकवादियों के लिए एक शरण स्थल के रूप में पहचान बना चुका है। इसके अलावा पाकिस्तान ने इस मुद्दे पर विश्व और फाइनेन्सियल ऐक्शन टास्क फोर्स जैसे अंतर्राष्ट्रीय मंचों को जानबूझकर गुमराह करने के लिए भी जाना जाता है। साजिद मीर का मामला, जिसमें इस आतंकवादी को पाकिस्तान ने मृत घोषित कर दिया था और फिर, अंतर्राष्ट्रीय दबाव के परिणाम स्वरूप, वह जीवित पाया गया, इसका सबसे स्पष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि हमलों के एक पखवाड़े के बाद भी, पाकिस्तान द्वारा अपने क्षेत्र या अपने नियंत्रण वाले क्षेत्रों में आतंकवादियों के ठिकानों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए कोई स्पष्ट कदम नहीं उठाया गया है। उल्टे, वो इन्कार करने और आरोप लगाने में ही लिप्त रहा है इसलिए यह कार्रवाई जरूरी थी।

# नोएडा एयरपोर्ट पर 131 पुलिसकर्मी संभालेंगे मोर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ विशेष ट्रेनिंग प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, 45 को किया गया प्रशिक्षित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की संचालन प्रक्रिया जल्द ही शुरू होने वाली है। गौतमबुद्धनगर के जेवर में बन रहे एशिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट पर किसी प्रकार की सुरक्षा चूक न हो, इसी कड़ी में, जेवर एयरपोर्ट पर तैनात होने वाले पुलिस. बल को चयनित कर उनकी विशेष ट्रेनिंग की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

इस एक महीने चलने वाली ट्रेनिंग प्रक्रिया के अंतर्गत 45 पुलिस कर्मियों के पहले बैच को ट्रेंड कर दिया गया है। इस ट्रेनिंग का आयोजन ब्यूरो ऑफ इमीग्रेशन की अनुशंसा पर लखनऊ स्थित फॉरेन रीजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिस द्वारा कराया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा जेवर एयरपोर्ट पर इमीग्रेशन सर्विसेस समेत तमाम कार्यों की निगरानी व प्रबंधन के लिए राज्य पुलिस बल की नियुक्ति का आग्रह किया गया था, जिसे पूरा करते हुए योगी सरकार ने पुलिस विभाग के विभिन्न कार्मिकों को सेवाएं देने के लिए चिह्नित किया है। इन सभी कार्मिकों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप ट्रेंड करने तथा विशेष तौर पर इमीग्रेशन सर्विसेस के सफल संचालन के लिए सतर्क, सक्षम व सुदृढ़ निगरानी प्रणाली के तौर पर कार्य करने के लिए ट्रेंड किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग द्वारा गौतमबुद्धनगर के जेवर स्थित एनआईएल में जिन पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाना है, उन्हें विशिष्ट ट्रेनिंग प्रक्रिया का हिस्सा बनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश पुलिस बल द्वारा एनआईएल की सुरक्षा प्रणाली मजबूत करने के लिए जिन 131 पुलिस कार्मिकों का चयन किया गया है, उनमें 10 इंस्पेक्टर, 42 सब इंस्पेक्टर तथा 62 कॉन्सटेबल शामिल हैं।

### योगी ने आकांक्षात्मक विकास खंडों की प्रगति पर जताई संतुष्टि

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आकांक्षात्मक जनपदों और आकांक्षात्मक विकास खंडों में आए बदलाव का स्थलीय परीक्षण करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को भ्रमण पर भेजने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को आकांक्षात्मक जनपद और आकांक्षा त्मक विकास खंड कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आठ आकांक्षात्मक जिलों में प्रमुख सचिव/सचिव स्तर के 8 अलग-अलग अधिकारियों को 3 दिन के दौरे पर भेजा जाए, इसी तरह 108 आकांक्षात्मक जनपदों में भ्रमण के लिए विशेष सचिव स्तर के 108 अधिकारियों को भेजा जाए। यह अधिकारी इन कार्यक्रमों के प्रारम्भ से अब तक इन क्षेत्रों में आए वास्तविक बदलाव का स्थलीय निरीक्षण करें।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर पर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## समाचार विशेष

### भारत माता की जय जयंत चौधरी

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल ने भी पहलगाम आतंकी हमले के प्रतिकार में पाकिस्तान के विरूद्ध भारतीय सेना और सरकार के सफल आपरेशन सिंदूर के लिए अपनी प्रतिक्रिया में उन्हें बधाई दी है। रालोद राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने भारतीय सेना को बधाई देते हुए ट्वीट किया है 'भारत माता की जय'। रालोद के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी ने भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को सलाम करते हुए कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किये गये कायराना हमले का मुंहतोड़ जवाब हमारी देश की सेना और हमारी सरकार ने दिया है। हमारा अखण्ड भारत ऐसी स्थिति में पक्ष विपक्ष एक साथ खड़ा होकर पाकिस्तान के मंसूबे पर पानी फेरने का काम करेगा। राष्ट्रीय लोकदल देश की सेना और सरकार के हर कदम के साथ खड़ा है। उन्होंने भारत सरकार से आग्रह किया कि इस मुहिम को तब तक जारी रखा जाय जब पड़ोसी मुल्क से एक एक आतंकी का सफाया न हो जाय। उन्होंने आपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर भारतीय सेना को बधाई दी और कहा कि देश का प्रत्येक नागरिक आज अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

### रायबरेली में तीन पुलिसकर्मी निलंबित

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली में अवैध गांजा कारोबार में पुलिस की शिथिलता व संलिप्तता पाये जाने पर पुलिस अधीक्षक ने ऊंचाहार थाने के अंतर्गत चौकी इंचार्ज समेत तीन सिपाहियों को निलंबित कर दिया है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि ऊंचाहार इलाके में करीब पांच किलो अवैध गांजा के तीन कारोबारियों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने ऊंचाहार इलाके के चौकी इंचार्ज अजय मलिक मुख्य आरक्षी संतोष कुमार सिंह आरक्षी भूपलाल और आरक्षी आकाश कुमार को कार्य मे शिथिलता बरतने और अवैध नशे के कारोबार में अंकुश न लगा पाने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सूत्रों द्वारा बताया गया कि पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह ने कड़े शब्दों में हिदायत दी है कि भविष्य में किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की गौ तस्करी गांजा तस्करी सटा या जुआ आदि में यदि संलिप्तता पाई जाती है तो उस शख्स के खिलाफ अभियोग दर्ज करा कर कठोतम विभागीय कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। गौरतलब है कि बीते गांजा तस्करी के मामले ब्रजेश कुमार साहू उसकी पत्नी गुघ्यिा और जालिम उर्फ कौशलेंद्र सिंह को अवैध गांजे की तस्करी और कारोबार के मद्देनजर गिरफ्तार किया था। इनके पास से करीब 4900 ग्राम अवैध गांजा और करीब डेढ़ लाख रुपये बरामद हुए थे। यह लोग गांजे के व्यापारियों से गांजा खरीद कर उस की छोटी छोटी पुघ्यिा बना कर दिव्यांग स्कूटी से घूम घूम कर इलाके में बेचते थे। पुलिस की एसओजी सर्विलांस और थाना ऊंचाहार की टीम ने मुखबिर की पुख्ता सूचना पर वाहन चेकिंग के दौरान बीते ब्रजेश साहू उसकी पत्नी गुघ्यिा और जालिम को गिरफ्तार किया था।

### अपना दल (एस) के प्रदेश अध्यक्ष ने छोड़ी पार्टी

**लखनऊ।** अपना दल (एस) के प्रदेश अध्यक्ष राज कुमार पाल ने उपेक्षा का आरोप लगाते हुए अपने पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। श्री पाल ने पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल को भेजे त्यागपत्र में आरोप लगाया है कि उनकी पार्टी में लगातार उपेक्षा हो रही है और पार्टी स्वर्गीय सोनेलाल पटेल की विचार धारा से भटक गयी है। प्रतापगढ़ के पूर्व विधायक ने यह भी आरोप लगाया कि इस बारे में पार्टी नेतृत्व को कई बार जानकारी दी गयी मगर उन्हे अनसुना कर दिया गया।

### बहराइच में वकीलों ने किया प्रदर्शन

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में अधिवक्ताओं ने अपने एक साथी पर हो रहे कथित अन्याय के खिलाफ कलेक्ट्रेट परिसर में आज जोरदार प्रदर्शन किया और संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। यह प्रदर्शन महसी इलाके में रहने वाले एक अधिवक्ता की जमीन पर कुछ दबंगों द्वारा खेती करने से रोके जाने के विरोध में किया गया। जानकारी के अनुसार, महसी इलाके के रायपुर होली पुरवा में स्थित अधिवक्ता विनय तिवारी की कृषि भूमि है, जिस पर उनका कानूनी कब्जा भी है। न्यायालय ने अधिवक्ता के पक्ष में आदेश भी पारित किया है, लेकिन कुछ स्थानीय दबंग व्यक्ति उन्हें अपनी जमीन पर खेती करने से बाधित कर रहे हैं।

## जिलाधिकारी और एसपी के नेतृत्व में मॉक ड्रिल

# हमलों से बचने के लिए दिया गया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** जिलाधकारी अभिषेक आनंद एवम् पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के नेतृत्त्व में थाना कोतवाली नगर क्षेत्र अतंर्गत राजकीय इंटर कॉलेज प्रांगण में नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल का अभ्यास कराया गया। इस अभ्यास में आपातकालीन परिस्थितियों को रिक्रियेट करते हुए कम समय में बेहतर रिस्पॉन्स हेतु सभी आपातक. ालीन सहायता तंत्र द्वारा संयुक्त रूप से सक्रियतापूर्वक प्रतिभाग कर अभ्यास किया।



अभ्यास में आपात परिस्थिति के दौरान सायरन बजाकर आमजनमानस को अलर्ट करते हुए सभी सुरक्षा एवम् सहायता उपकरणों का समुचित प्रयोग किया गया। आग लगने पर घायलों को निकालने, उन्हें सुरक्षित स्थानों तक पहुंचानें, आत्मरक्षा, चिकित्सीय सहायता आदि के संबंध में पुलिस विभाग, फायर सर्विस, चिकित्सा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से गतिविधियां की गयी। किसी भी आपात स्थिति में संयम बनाए रखते हुए स्वयं को बचानें का प्रशिक्षण भी सभी को दिया गया। मॉक ड्रिल के दौरान घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से ग्रीन कॉरीडोर द्वारा शीघ्र नजदीकी चिकित्सालय (जिला चिकित्सालय सीतापुर) ले जाकर तत्काल चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराये जाने का भी अभ्यास सफलतापूर्वक किया गया। मॉक ड्रिल में एनसीसी/एनएसएस/ वॉलटियर्स ने भी प्रतिभाग किया। इस दौरान जिला. धिकारी एवम् पुलिस अधीक्षक द्वारा आमजनमानस से अपील की गयी कि किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की अफवाह फैलाने का प्रयास न करें न ही अफवाहों को शेयर करें। सरकारी स्रोतों से ही यत्र तत्र से प्राप्त हो रही सूचनाओं को सत्यापित करें। आपात परिस्थितियों में शांत रहने का प्रयास करें, घबराहट से बचें और दूसरों को भी शांत रहने के लिए प्रेरित करें। समय समय पर दिये जाने वाले निर्देशों की अवहेलना न करें। प्रशिक्षकों या अधिकारियों के निर्देशों को अनदेखा न करें। आपातकालीन परिस्थितियों के खष्टिगत सभी इकाइयों को सक्रिय किया गया है, कंट्रोल रूम को स्थापित किया गया है एवम् सोशल मीडिया के माध्यम से भी सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। पुलिस एवम् प्रशासन आपातकालीन परिस्थितियों में आमजनमानस की सुरक्षा एवम् सहायता हेतु पूर्णतया तत्पर है।

मॉक ड्रिल के दौरान सभी को सुरक्षा उपायों के विषय में भी बताया गया। नागरिकों से अपेक्षा की गयी कि किसी भी आपात स्थिति की चेतावनी मिलने पर इसे गम्भीरता से लें तथा मजबूत संरचना वाले स्थान में शरण लें। हमले की आवाज सुनाई दे तो तुरन्त जमीन पर लेट जायें, चेहरे को नीचे करें, सिर और गर्दन को हाथों, बैग, किताब या किसी वस्तु से ढकें। बिजली, गैस और पानी की सप्लाई बन्द रखें। किसी प्रकार की अफरा-तफरी ने फैलायें तथा अफवाहों से बचें, मानसिक रूप से संतुलन बनाए रखें तथा प्रशासन एवं बचाव दल का सहयोग करें। मॉक ड्रिल के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक डा प्रवीन रंजन, उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार आदि मौजूद रहे।

# आपातकालीन सुरक्षा से निपटने के लिए स्कूली बच्चों ने बताए सुरक्षा के उपाय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तिलोई अमेठी।** स्थित ब्लाक सिंहपुर के अंतर्गत स्थित विद्याकलश हाईस्कूल खानापर चपरा के प्रांगण में दिनांक 7 मई 2025 दिन बुधवार को केंद्र सरकार एवं गृह मंत्रालय के द्वारा प्राप्त मार्क ड्रिल के संदर्भ में विद्यालय के बच्चों के द्वारा मार्क ड्रिल का आयोजन किया गया।

इस ड्रिल के माध्यम से बच्चों ने आपातकालीन स्थिति में आम नागरिकों को सुरक्षा के दृष्टिगत जागरूकता के लिए प्रदर्शन किया कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक श्री डॉ राजेश कुमार द्विवेदी उपस्थित रहे, एवं उद्‌बोधन के माध्यम से बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की इस कार्यक्रम में हूटर के बचते ही बच्चों ने कक्षा में आपातकालीन समय बेंच के नीचे छिपकर कैसे बचा जाय, तथा हमले में कैसे अपने आप को सुरक्षित रखने का प्रशिक्षण किया और विद्यालय की रेड क्रॉस सोसाइटी ने प्राथमिक चिकित्सा का ड्रिल किया एवं आपातकालीन समय में एम्बुलेंस सेवा का सुचारू उपयोग दिखाया समस्त कार्यक्रम में जिला संगठन आयुक्त स्काउट शशांक यादव एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड रेणुका पाण्डेय जिला ट्रेनिंग काउंसलर्स मो. शकील खान, सचिन शर्मा, सचिन विश्वकर्मा, उपस्थित रहे कार्यक्रम का मार्ग दर्शन विद्यालय अध्यक्ष डॉ आलोक तिवारी व प्रधानाचार्य प्रभारी नित्यानंद त्रिपाठी व स्काउट मास्टर राहुल शुक्ला व गाइड कैप्टन जूली मिश्रा, रेड क्रॉस प्रमुख राहुल यादव, पीजीटी शिक्षक धनंजय उपाध्याय, कार्यालय लिपिक श्यामू मौर्या एवं समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# सरकार का दावा: बीडा के गठन के बाद तेजी से हो रहा भूमि अर्जन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने दावा किया है कि बुंदेलखंड क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर पूरी गंभीरता से काम कर रही है। नोएडा के बाद एक और औद्योगिक शहर बसाने के लिए सरकार ने बुंदेलखंड को चुना है और इसी के तहत बड़ी परियोजनाओं के लिए भूमि अर्जन की प्रक्रिया में तेजी लाई जा रही है। अधिकृत सूत्रों ने बुधवार को कहा कि बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (बीडा) के तहत अब तक कुल 17,840 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है।

जो भूमि अब तक अर्जित की गई है उसमें 12,700 एकड़ निजी भूमि है, जबकि 5,140 एकड़ भूमि शासकीय है। प्रदेश सरकार की दूरदर्शिता और दृढ़ इच्छाशक्ति का ही प्रमाण है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं इस प्रक्रिया की निगरानी कर रहे हैं और भू-अर्जन की प्रगति की साप्ताहिक, मासिक और यहां तक कि दैनिक समीक्षा भी की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी की सतत निगरानी और स्पष्ट दिशा-निर्देशों के चलते भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया न सिर्फ पारदर्शी तरीके से संचालित हो रही है, बल्कि समयबद्ध भी हो रही है। यह प्रयास बुंदेलखंड को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगा। उन्होने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल भूमि अधिग्रहण नहीं, बल्कि पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र को औद्योगिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

डिफेंस कॉरिडोर जैसी परियोजनाएं क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाएंगी और स्थानीय विकास को नई दिशा देंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि बुंदेलखंड का विकास हमारी सरकार की प्राथमिकता है। हम हर एकड़ भूमि का उपयोग क्षेत्र की समृद्धि और आत्मनिर्भरता के लिए सुनिश्चित कर रहे हैं।

# भूमि अधिग्रहण के नाम पर किसानों का हो रहा उत्पीड़न: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार भूमि अधिग्रहण के नाम पर गरीब किसानों का उत्पीड़न कर रही है। श्री यादव ने पार्टी दफ्तर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि बुन्देलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) के उत्पीघ्न के शिकार झांसी और बबीना के 33 गावों के किसानों ने आज उनसे मुलाकात कर न्याय दिलाने की मांग की है।

किसानों की समस्या को लेकर नेता विरोधी दल विधान परिषद लालबिहारी यादव के नेतृत्व में सपा का प्रतिनिधिमण्डल झांसी और बबीना गया। वहां जिलाधिकारी से बात हुई जब जिलाधिकारी ने बात मान ली तो माना जाता है सरकार पूरा करेगी, लेकिन अधिकारी के ट्रांसफर के बाद किसानों की समस्या जस-की-तस है। उन्होने कहा कि समाजवादी पार्टी किसानों की लघई लघ्गी। सरकार किसानों को जमीनों का बाजार भाव दे। जमीनों के बदले किसानों को बाजार भाव मिलना चाहिए। किसानों पर दबाव बनाकर



किसी सहमति के कागज पर दस्तखत नहीं कराने चाहिए। श्री यादव ने कहा कि जब भूमि अधिग्रहण नियम है तो सर्किल रेट बघकर किसानों को चार गुना मुआवजा देना चाहिए। झांसी-बबीना में जब सरकार ने ही किसानों को विस्थापित किया है। सरकार ने किसानों को जमीन दिया लेकिन वह किसानों के नाम नहीं हुई तो इसकी जिम्मेदारी सरकार की है। निर्माण कार्य हो रहे है। जमीन लगातार काम हो रहे है। जमीन सिकुघ् रही है। किसानों के साथ धोखा नहीं होना चाहिए। समाजवादी पार्टी बुन्देलखंड झांसी, बबीना के किसानों की मदद करेगी। उन्होने कहा कि बबीना की तरह ही भाजपा सरकार ने अयोध्या के गरीबों और किसानों की जमीने छीन, ली थी, लूट की थी, मुनाफा कमाया था, उसी का परिणाम था कि प्रभु श्रीराम ने भाजपा को अयोध्या की धरती से हरा दिया था और पूरे देश में भाजपा की साम्प्रदायिक राजनीति के अंत का संदेश दिया था। हम झांसी और बुन्देलखंड के किसानों से अपील करते है कि भाजपा को हरा कर सबक सिखाये क्योंकि भाजपा ने बुन्देलखंड में झूठ बोला है। भाजपा सरकार ने बुन्देलखंड में मिसाइल, गोला बारूद, तोप बनाने का वादा किया था लेकिन अभी तक वहां पर सुतली बम भी नहीं बन पाया है। इससे पूर्व सपा अध्यक्ष को दिये गये ज्ञापन में किसानों ने कहा कि बीघ में वर्तमान राज्य सरकार द्वारा करीब 25000 किसानों को ठगा जा रहा है। किसानों के बच्चों का भविष्य अंधकारमय किया जा रहा है। बीघ से प्रभावित प्रत्येक ग्राम से सरकार द्वारा जानबूझकर सही भौतिक सत्यापन नहीं कराया जा रहा हे। कई ग्रामों में सघ्क व आबादी सर्किल रेट में दर्ज नहीं है। जिससे किसानों को नुकसान हो रहा है।

## यूपी के भू-अभिलेखों का होगा डिजिटल आधुनिकीकरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** 'डिजिटल इंडिया' के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को साकार करने के लिए उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश भर के भू-अभिलेखों को डिजिटल करने के लिए 121 करोड़ रुपये की बड़ी राशि स्वीकृत की गई है। यह बजट भारत सरकार के डिजिटल इंडिया भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के तहत स्वीकृत किया गया है। इस योजना के धरातल पर उतरने से न केवल लोगों को दस्तावेजों के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने से मुक्ति मिलेगी, बल्कि पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी। योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देश हैं कि जनता की सुविधा के लिए पूरे प्रदेश के भू-अभिलेखों का डिजिटलीकरण किया जाए। इस योजना के अंतर्गत जमीन से जुड़े सभी अभिलेख जैसे भू-नक्शा, खतौनी और खसरा को डिजिटल माध्यम से आमजन तक पहुंचाने की व्यवस्था की जाएगी, जिसके लिए विस्तृत डाटा बैंक बनाया जाएगा। इससे भूमि से संबंधित दस्तावेज एक क्लिक में उपलब्ध हो सकेंगे। डिजीटल इंडिया भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के तहत भारत सरकार ने कुल 121 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। इसमें से अब तक 46 करोड़ 45 लाख रुपये जारी कर दिए गए हैं। शेष 74 करोड़ 64 लाख रुपये जल्द ही अवमुक्त किए जाएंगे। इस परियोजना के अंतर्गत पूरे प्रदेश में आधुनिक अभिलेख कक्ष (मॉडर्न रिकॉर्ड रूम) की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही डीआईएलआरएमपी सेल भी गठित की जाएगी, जो इस कार्य को क्रियान्वित करेगी। इसके अलावा विशेष कंप्यूटर प्रयोगशाला व डाटा बैंक भी बनाया जाएगा। इसके जरिए भू-अभिलेखों तक आम जनता की पहुंच को आसान बनाने का मार्ग सुनिश्चित किया जा सकेगा। जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभाग ने एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है जिसको क्रियान्वित करने की प्रक्रिया धरातल पर उतारी जा रही।

# जिस डोली को थामने को कोई नहीं था, उसे उठा लिया 'टिकैत' की परंपरा ने

**गरीब बेटी लक्ष्मी के सपनों को मिली उड़ान, भाकियू 'टिकैत' की पहल से सम्पन्न हुआ विवाह**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बाराबंकी/लखनऊ।** समाज में जब आर्थिक असमानताएं किसी बेटी के अरमानों पर विराम लगाने लगती हैं, तब कुछ हाथ चुपचाप आगे बढ़ते हैं सिर्फ मदद के लिए नहीं, बल्कि गरिमा और सम्मान के साथ सपनों को साकार करने के लिए। भारतीय किसान यूनियन 'टिकैत' की वह परंपरा, जो कभी चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत के नेतृत्व में समाज सेवा की एक मिसाल बनी थी, आज भी ज़िंदा है

बाराबंकी में, अनुपम वर्मा के नेतृत्व में। मंगलवार को संगठन ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि किसान सिर्फ अन्नदाता ही नहीं, संवे. दनाओं का रक्षक भी होता है। भोला कश्यप की बेटी लक्ष्मी का विवाह जब सम्पन्न हुआ, तो वह सिर्फ एक पारिवारिक आयोजन नहीं था, बल्कि एक सामाजिक संकल्प की पुन: पुष्टि थी। ष्पैसों के अभाव में किसी गरीब की बेटी की डोली न रुके। बाराबंकी के यज्ञ सैनी धर्मशाला में आयोजित यह विवाह समारोह अपने आप में समाज की सच्ची ताकत का प्रतीक बन गया। वर नीरज कश्यप और वधू लक्ष्मी ने वैवाहिक रीति-रिवाजों के साथ एक-दूसरे को जीवनसाथी के रूप में स्वीकार किया। लेकिन इस विवाह के पीछे जो भावनाएं थीं, उन्होंने हर उपस्थित जन के मन को छू लिया। भाकियू 'टिकैत' के जिलाध्यक्ष अनुपम वर्मा के नेतृत्व में संगठन के कार्यकर्ताओं ने न केवल आर्थिक योगदान दिया, बल्कि शादी के हर छोटे-बड़े आयोजन को अपने परिवार जैसा अपनाया। भोजन से लेकर बारात के स्वागत तक, साज-सज्जा से लेकर विदाई तक ख्र हर व्यवस्था में आत्मीयता और गरिमा झलक रही थी।

# एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को लेकर कपिल देव ने की कौशल विकास मिशन की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बुधवार को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन कार्यालय, लखनऊ में डेलॉयट इंडिया के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में हो रहे प्रयासों और कौशल विकास योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में कौशल विकास को मिशन मोड में संचालित कर युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। बैठक में मंत्री ने निर्देश दिया कि डेलॉयट इंडिया के साथ नियमित बैठकें कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाए और आगामी दो वर्षों की कार्ययोजना पर आधारित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप अप्रेंटिसशिप को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न संस्थानों से सतत संवाद स्थापित किया जाए ताकि अधिकाधिक युवाओं को स्थानीय स्तर पर अप्रेंटिसशिप के अवसर मिल सकें।

इसके साथ ही छात्रों से योजनाओं की फीडबैक लेने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया, जिसके तहत रैंडम कॉल के माध्यम से उनसे संवाद किया जाए और अधिकारी मौके पर जाकर छात्रों से बातचीत करें। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार गुणवत्तापरक प्रशिक्षण को प्राथमिकता दे रही है ताकि प्रशिक्षण प्राप्त युवा बेरोजगारी का शिकार न हों। स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप रोजगारोन्मुख और तकनीकी पाठ्यक्रमों का संचालन किया जाए जिससे युवाओं को क्षेत्रीय स्तर पर ही आजीविका के अवसर मिल सकें। उन्होंने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों और कौशल विकास मिशन को संयुक्त रूप से नए रोजगारोन्मुख पाठ्‌यक्रम शुरू करने के निर्देश दिए। मंत्री ने मंडल स्तर पर समीक्षा बैठकों एवं कार्यक्रमों के आयोजन पर बल दिया ताकि योजनाओं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से सुनिश्चित हो सके। बैठक में स्किल मित्र पोर्टल के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं की जानक. ारी, उनके ट्रेड और मोबाइल नंबर सहित फीड करने के निर्देश दिए गए। इसी बैठक में योजनाओं की प्रगति की वास्तविक स्थिति जानने के लिए कुछ प्रशिक्षित युवाओं को फोन कर प्रतिक्रिया ली गई, जिसमें सकारात्मक प्रतिक्रियाएं सामने आईं। बैठक में प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम, मिशन निदेशक पुलकित खरे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर किसानों ने सेना को दी बधाई

**युद्ध की स्थिति में 51 लाख रुपये और 5000 यूनिट खून दान का संकल्प**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर।** देश की सरहदों पर खड़े सपूतों ने जब 'ऑपरेशन सिंद. ूर' को अंजाम दिया, तो उसके बाद सिर्फ आतंकियों को जवाब नहीं मिला, बल्कि देशवासियों के भीतर गर्व और आभार का सैलाब भी उमड़ पड़ा। ऐसे ही भावों से ओतप्रोत रही वह विशेष वेबीनार,

जिसमें भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी एकत्र हुए थे। इस आकस्मिक वेबीनार में जो प्रस्ताव पारित हुआ, वह सिर्फ एक ऐलान नहीं, बल्कि देशप्रेम की ज़मीन से उपजा वादा था। यूनियन ने निर्णय लिया कि यदि पाकिस्तान की ओर से युद्ध जैसी स्थिति बनती है, तो देश के किसान न केवल अन्न उपजाएंगे बल्कि 51 लाख रुपये की धनराशि और 5000 यूनिट रक्त भी मातृभूमि को अर्पित करेंगे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे भाकियू (अराजनैतिक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान ने इस अभियान की सफलता पर सेना को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ष्जो आतंकवादी भारत की बहनों को यह कहकर धमका रहे थे कि अपने प्रधानमंत्री से जाकर कहो, उन्हें इस देश की सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया है। यह जवाब एक प्रधानमंत्री ने नहीं, एक मां ने दिया है ख्र जिसने अपने बच्चों की रक्षा के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक ने भावुक शब्दों में कहा कि ष्भारत का किसान सिर्फ खेतों तक सीमित नहीं है। जब देश पर संकट आता है, तो वह अपने हिस्से की रोटी और खून भी देश को सौंप देता है।ष उन्होंने दो टूक कहा कि ह्यदि हालात बिगड़ते हैं तो यह किसान सुनिश्चित करेगा कि कोई नागरिक भूखा न सोए। बैठक में अन्य वक्ताओं ने भी इस बात पर ज़ोर दिया कि सेना का मनोबल गिराने वाली कोई भी टिप्पणी राष्ट्रहित के विरुद्ध है, और नागरिकों को चाहिए कि वे अपने आचरण और वक्तव्यों में सतर्क रहें।

# मौसम के बदलते तेवरों के बीच कृषि परामर्श समूह की तीसरी बैठक

## कृषि उत्पादन- पशुपालन-मत्स्यपालन तक के लिए एडवाइजरी जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मौसम विज्ञान विभाग के अंतर्गत मौसम आधारित कृषि परामर्श समूह द्वारा 9 से 15 मई के लिए जारी पूर्वानुमान और उस पर आधारित परामर्श व सिफारिशों के अनुसार, उत्तर प्रदेश के अधिकांश कृषि जलवायु क्षेत्रों में इस अवधि के दौरान कहीं-कहीं हल्की वर्षा की संभावना है। अधिकतम तापमान सामान्य से थोड़ा कम रह सकता है। उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड, पूर्वांचल और तराई क्षेत्र में गर्म हवाओं की गति 15-20 किमी प्रति घंटे तक हो सकती है। इस मौसम में जल प्रबंधन, कीट नियंत्रण और फसल सुरक्षा को लेकर विशेष रणनीति की आवश्यकता है। कई फसलों पर कीट एवं रोग प्रकोप की आशंका है। इसके साथ ही पशुपालन और मत्स्यपालन से जुड़े दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं।

**फसलों के लिए सुझाव**

**परामर्श** समूह ने अलग-अलग फसलों के लिए अलग-अलग सुझाव जारी किए हैं तथा यह सुझाव सभी संबंधित विभागों के अध्यक्षों को प्रेषित करते हुए उन्हें किसानों तक पहुंचने की अपेक्षा की गयी है किसान इन सुझावों से अपेक्षित लाभ उठाते हुए अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं सूरजमुखी व मक्का की बुवाई करने वाले किसानों के लिए परामर्श यह समय ज़ायद की फसलों ख्र विशेष रूप से मक्का व सूरजमुखी की बुवाई के लिए उपयुक्त है। प्रदेश के पूर्वी जिलों में इसकी खेती बड़े पैमाने पर होती है। बुवाई से पूर्व बीजोपचार अनिवार्य रूप से करें, कार्बेन्डाजिम या ट्राइकोडर्मा से उपचार करें। मक्का की बोआई 60-20 सेंटीमीटर की दूरी पर करें। सूरजमुखी के लिए प्रति हेक्टेयर 6-8 किग्रा बीज पर्याप्त होता है। बोआई के बाद हल्की सिंचाई अवश्य करें और नमी बनाए रखें। गन्ना खरीफकालीन गन्नों में पर्याप्त कल्ले होने पर अनावश्यक कल्लों को निक. ालने के लिए मिटी चढ़ा दें। पछेती गन्ने में अधिक उत्पादन हेतु सिंचाई, पोषक तत्व प्रबंधन एवं गुड़ाई समय-समय पर करें।

**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे आलमबाग लखनऊ-226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

**क्रम संख्या:** 01, **निविदा संख्या:** GEM/2025/B/6162569, **संक्षिप्त विवरण:** Supply of XLPE ISI marked cross linked polyethylene insulated PVC outre sheathed armoured with galvanized round wire or steel strip cable with aluminum conductor suitable for rated voltage 1100 volts grade and confirm to IS 7098 part-1 (amendment or latest) 4 core 400 sq mm LT cable. **मात्रा:** 3750 Nos. **अन्तिम तिथि:** 09.05.2025.

निविदा शर्ते-1. विस्तृत जानकारी GEM वेबसाइट यानी https://gem.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस संख्या-GEM/2025/B/6162569 दिनांक 30.04.2025 **1354/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि 30.05.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।
निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगे

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 05102025 दिनांक:- 07.05.2025 |
| 2 | निविदा सख्या | 1. 06-Sr-DEN-VI-LKO-2025-26 2. 07-Sr-DEN-VI-LKO-2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम | 1. सहायक मण्डल इंजीनियर-प्रयाग एवं सहायक मण्डल इंजीनियर-उन्नाव के अन्तार्गत दिन-प्रतिदिन के रखरखाव और अन्य संबद्ध कार्यों के लिए नियमित आधार पर पी. वे सामग्री का लीडिंग, लोडिंग और अनलोडिंग का कार्य। 2. सहायक मण्डल इंजीनियर-प्रयाग के अन्तार्गत प्रयाग क्षेत्र के (पीआरजी-पीएफएम, पीएफएम-एसडब्ल्यूई और एसडब्ल्यूई-एमईएम) सेक्शन में 03 IBS के प्रावधान के सम्बन्ध में बिल्डिंग के निर्माण का कार्य। |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. Rs. 2,04,75,384.55 2. Rs. 75,15,580.16 |
| 5 | धरोहर राशि | 1. Rs. 2,52,400.00 2. Rs. 1,50,300.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | 1. स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह। 2. स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 16.05.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 30.05.2025 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। **1355/25**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# दो करोड़ के लिए विवाहिता की हत्या का प्रयास

## पति, सास व ससुर समेत सात पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने व दो करोड़ की मांग पूरी न होने पर मारपीट कर घर से निकालने के आरा. ेप में विवाहित की तहरीर पर पति, सास और ससुर समेत ससुराल पक्ष के सात लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया हैं।

पुलिस के मुताबिक नगर निवासी राजीव अग्रवाल की पुत्री सुगंधा अग्रवाल का आरोप हैं कि वर्ष 2022 में उनकी शादी नोयडा निवासी मनु मित्तल के साथ हुई थी। शादी में विवाहिता के पिता ने एक करोड़ रुपये खर्च कर सामर्थ अनुसार दान दहेज भी दिया था। शादी के दो दिन बाद ही ससुराल पक्ष के लोग दो करोड़ नगदी की मांग करने लगे। दो करोड़ के लिए ताने देन लगे और परेशान करने लगे। विवाहिता के साथ मारपीट भी हुई। आरोप है कि शादी से पहले विवाहिता नौकरी भी करती है और उसका पति तनख्वाह के पैसे अपने अकाउंट में ट्रांसफर करा लेता था। ससुराल पक्ष के लोग दो करोड़ की मांग पूरी न होने तक तनख्वाह पति को देने की बात कहते थे। आरोप हैं कि बीती पांच मई को विवाहित के पति ने उसपर चाकू से वार कर घायल कर दिया। ससुराल पक्ष ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। विवाहिता ने पति मनु मित्तल, ससुर अनिल, सास चेतना, ननंद प्रेरणा, नंदोई आशीष, ननंद अर्पणा गर्ग, नंदोई निशिल गर्ग, ताऊ किशन कुमार, ताई मधु पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि विवाहिता की तहरीर पर ससुराल पक्ष के लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# ढाई घंटे अभिरक्षा में रहे अतुल प्रधान

## चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का मामला, कोर्ट से मिली जमानत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** साल 2017 में हुए विधानसभा चुनाव में पूर्व अंतराष्ट्रीय क्रिकेटर चेतन चौहान ने अमरोहा की नौगावां सादात विधानसभा सीट पर बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी लेकिन कोराना कॉल में उनकी मृत्यु के बाद यह सीट रिक्त हो गई थी। निर्वाचन आयोग ने साल 2020 में इस सीट पर उपचुनाव कराया था। सपा ने मौलाना जावेद आब्दी को चुनाव मैदान में उतारा था। एक नवंबर 2020 की शाम पांच बजे के बाद चुनाव प्रचार पर पाबंदी लग चुकी थी। बावजूद इसके मेरठ की सरधना सीट से सपा विधायक अतुल प्रधान नौगावां सादात क्षेत्र में अपने 10-12 समर्थकों को साथ लेकर सपा प्रत्याशी के लिए गांवों में चुनाव प्रचार कर रहे थे। अतुल प्रधान उस समय विधायक नहीं थे। पुलिस ने उन्हें नन्हेड़ा से जमपुरी बमनिया मार्ग पर प्रचार करते हुए पकड़ लिया था। इस दौरान पुलिस और अतुल प्रधान के बीच जमकर नोकझोंक हुई थी। मामले में दो नवंबर को तत्कालीन एसओ सुरेश चंद्र गौतम ने आचार संहिता के उल्लंघन में अतुल प्रधान और उनके 10-12 अज्ञात समर्थकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना पूरी करते हुए पुलिस ने मामले में अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी थी। केस की सुनवाई एसीजेएम द्वितीय अवधेश कुमार की अदालत में चल रही थी। बुधवार दोपहर करीब 12:30 बजे सरधना विधायक अतुल प्रधान आचार संहिता उल्लंघन के इस मामले में आत्मसमर्पण करने पहुंचे तो अदालत ने उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में लेने का आदेश दिया। जिसके बाद उनके चेहरे की रंगत उड़ती दिखाई दी और पसीने छूटने लगे। अधिवक्ता आरिफ मलिक ने बताया कि अदालत ने ढाई घंटे न्यायिक अभिरक्षा में रखने के बाद दो जमानती व इतनी ही धनरा. शि के निजी बंधपत्र दाखिल करने पर सपा विधायक अतुल प्रधान को सशर्त जमानत दे दी

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवती को पीटा

## पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** छत पर गई युवती से पड़ोस में रहने वाले युवक ने छेड़छाड़ की। विरोध के दौरान खींचतान के बीच दीवार में सिर लगने से युवती गंभीर घायल हो गई। शोर मचाने पर युवक से छत से खेत में कूदकर फरार हो गया। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के एक गांव की है। यहां एक किसान का परिवार रहता है। बीती 5 अप्रैल की सुबह करीब 11 बजे किसान की बेटी कपड़े सुखाने के लिए छत पर गई थी। आरोप है कि पास में बने ताऊ के घर की छत पर बने एक कमरे में पड़ोस का रहने वाला युवक शाहरूख सो रहा था। आहट सुनकर वह बाहर निकल आया और युवती को खींचकर कमरे में ले जाने लगा। विरोध के दौरान खींचतान में युवती का सिर दीवार से टकरा गया, जिससे वह गंभीर घायल हो गई। शोर सुनकर युवती की बहन- बहनोई छत पर पहुंच गए। जिन्हें देखकर आरोपी शाहरूख ने छत से खेत में छलांग लगा दी और गांव से फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने मामले में पीड़िता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# बारासिंघा ने बुजुर्ग पर हमला कर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बारासिंघा ने गांव में घुसकर बुजुर्ग पर हमला कर उसे घायल कर दिया। वन विभाग ने बारहसिंगा को पड़कर जंगल में छोड़ दिया। बुधवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के गांव रूखालू में 70 वर्षीय बुंदु पुत्र फकीरा अपने घर से जंगल को जा रहे थे। इस दौरान गांव में एक बारासिंघा घुंस आया। बारासिंघा ने बुजुर्ग बुंदु पर हमला बोल दिया। बारासिंघा ने बुजुर्ग के पेट तथा टांग में सींग घुस दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल को परिजनों के द्वारा निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं ग्रामीणों ने बारहसिंगा की घेराबंदी कर रस्सी से बांधकर उसे एक कमरे में बंद कर दिया और वन विभाग को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और बारासिंघा को पकड़कर सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। वन रेजर नरेश कुमार ने बताया कि उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया है।

# गैंगस्टर ने पत्नी की चोटी काटी

## तीन तलाक दिया, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नशे में धुत गैंगस्टर ने विवाद के दौरान पत्नी की चोटी काट दी। बाद में तीन तलाक देकर रिश्ता खत्म कर लिया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामला अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां रहने वाली एक विवाहिता का आरोप है कि उसका पति कमाल अपराधिक किस्म का है। उसके खिलाफ गोकशी के मुकदमों के अलावा गैंगस्टर का मामला भी विचाराधीन है। 3 मई की रात वह स्मैक का नशा करके घर आया था, उसके साथ में कई युवक भी थे। विवाहिता ने जब इसका विरोध किया तो लाठी-डंडों से मारपीट की और कैंची से उसकी चोटी काट दी। विवाहिता के शोर मचाने पर लोगों की भीड़ लग गई। विवाहिता ने फोन कर अपने मायके वालों को भी बुला लिया। आरोप है कि पति ने तीन तलाक देकर रिश्ता खत्म कर लिया। सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने मामले में आरोपी कमाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# रामलीला कमेटी के मनोज बने अध्यक्ष

## राकेश वर्मा को महामंत्री की कमान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** नगर के बड़ा बाजार स्थित खत्री धर्मशाला में मंगलवार की देर शाम आयोजित कार्यक्रम में खत्री मनोज टंडन को कमेटी का अध्यक्ष एवं राकेश वर्मा को महामंत्री निर्वाचित किया गया।

नई कमेटी नगर के हिंदू इंटर कॉलेज प्रांगण में

**रामलीला कमेटी हुई दो फाड़**

हर वर्ष आयोजित होने वाली रामलीला मंचन की गरिमा को बनाये रखते हुए सामाजिक धार्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए कार्य करेगी। विमल टंडन ने कहा कि पूर्ववर्ती कमेटी द्वारा समाज के साथ जो विश्वासघात किया गया वह निंदनीय है। कुछ स्वार्थी तत्वों द्वारा चंदे के दुरुपयोग एवं पारदर्शिता की कमी ने समाज को ठेस पहुँचाई है। इसलिए सर्व समाज की सहमति से एक नयी एवं सशक्त कमेटी की नींव रखी गई है। इस अवसर पर हिंदू इंटर कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अनिल टंडन ने विश्वास जताया कि समिति मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के कार्य में तन-मन-धन से सहयोग प्रदान करेगी। वाला अवसर पर बीजेपी पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रजेश चौधरी, दिलिप बाल्मीकि, नितिन विजय शंकर सराफ मुकेश रस्तोगी, बबलू चौधरी करतार सिंह चौहान, मोनू यादव, सरदार मंजीत सिंह, विकी टंडन, अंकित गुप्ता, अनिल जग्गा, सुमित धवन, संकेत टंडन, दिलिप टंडन, इंद्रपाल गोले, विशाल रस्तोगी, दिवेश बाहेती, आयुष गोयल राजेंद्र छाबड़ा मौजूद रहे।

# अंजुमन रजाकराने ने सौंपी एम्बूलेंस




**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** एयर कंडीशन एम्बुलेंस को अंजुमने रजाकाराने हुसैनी के पदाधिकारियों को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स द्वारा सौपी गई। बुधवार को आले हुजूर हसन ट्रस्ट के द्वारा एम्बुलेंस को अंजुमन को डोनेट की गई है। इस ट्रस्ट के संचालक आले अबूतराब नकवी नगर के मोहल्ला मंडी चौब के निवासी है और वे अपने ट्रस्ट के द्वारा सेवा कार्य में लगे रहते हैं। अंजुमन के जनरल सेक्रेटरी खुर्शीद हैदर जैदी ने बताया कि एंबुलेंस का संचालन अंजुमने रजाकाराने हुसैनी द्वारा किया जायेगा। यह एंबुलेंस मरीजो को निशुल्क उपलब्ध कराई जायेगी। अंजुमन का यह प्रयास रहेगा की अधिक से अधिक नगर वासी इसका लाभ उठाये। कार्यक्रम में इमदाद आब्दी, हुसैन हैदर, शाने मेंहदी, मौ तकी,इकबाल हसनैन खां, डा चन्दन नकवी, मास्टर अबुल हसनैन,आले अस्कारीऐन, रजा कमाल, अर्शद् कमाल, अमजद कमाल, आसिफ निसार, जाहिद अब्बास, अली हसनैन, डा लाडले,डा शारिक ,दायम रजा ,वसीम अब्बास, नजीर हैदर, मुजाहिद अब्बास एवं अन्य सभी अंजुमन के सदस्य उपस्थित थे।

# लघु उद्योग भारती की जिला कार्यकारिणी का गठन



**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा।** लघु उद्योग भारती की स्थानीय इकाई की बैठक का आयोजन जीआर सॉल्वेन्ट्स एण्ड एलाइड लिमिटेड में किया गया।

**बैठक में संस्था की कार्यप्रणाली पर विस्तार से डाली गई रोशनी**

जिसमें मेरठ प्रांत के महामंत्री अमित कुमार ने कहा कि लघु उद्योग भारती क्षेत्र के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के लिए एक अखिल भारतीय संगठन है, जो एमएसएमई के विकास और सर्मथन के लिए कार्य करता है। इस अवसर पर मुरादाबाद से आये उद्यमी व मुरादाबाद मंडलाध्यक्ष हेमन्त जुनैजा एवं जिलाध्यक्ष अंशुल अग्रवाल ने कहा कि लघु उद्योग भारती एमएसएमई के हित में नीतियों और कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने में सूक्ष्म और लघु उद्योगों की मदद करता है। लघु उद्योग भारती के जिला संयोजक अजय टण्डन ने बताया कि अमरोहा इकाई का गठन तदर्थ रूप से दो वर्ष पूर्व विनय कुमार माहेश्वरी की अगुवाई में किया गया था। उनके निधन के बाद से इस कार्य को वह स्वयं देख रहे हैं। कहा कि वर्तमान समय में सूक्ष्म व लघु उद्योगों को बढ़ावा देने तथा भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं का पूरा लाभ उठाने के उददेश्य से इसका औपचारिक गठन जरूरी हो गया है। इस अवसर पर सर्वसम्मति से अमरोहा इकाई का अजय टण्डन को संरक्षक, अंकित बसल को अध्यक्ष, रिभू माहेश्वरी को उपाध्यक्ष, तरूण अग्रवाल को सचिव, वरूण माहेश्वरी को सहसं. चव मनोनीत किया गया। इस अवसर पर ललित ठाकुर, मुदित शारदा, राजीव कुमार, संदीप माल. ीवाल, तरूण अग्रवाल एवं एसके गोयल उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को रौंदा

## दम्पति व बच्ची गंभीर घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कांठ रोड पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को रौंद दिया। सड़क हादसे में दंपति व बच्ची घायल हो गए। तीनों की हालत गंभीर बनी है। पुलिस ने मामले में ट्रक के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

क्षेत्र के गांव दादूपुर निवासी पुष्पेंद्र अपनी पत्नी और बेटी के साथ कांठ में एक शादी समारोह में शामिल होकर बीती चार मई की सुबह घर लौट रहे थे। कोठी खिदमतपुर बिजलीघर के पास पंजाब नंबर ट्रक के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में पुष्पेंद्र कुमार और उनकी पत्नी व बेटी गंभीर घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को अस्पताल भर्ती कराया। जहां उपचार के बीच पुष्पेंद्र कुमार और उसकी पत्नी की हालत गंभीर बनी है। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने मामले में तहरीर के आधार पर ट्रक के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# सीता जन्मोत्सव में गूंजे भक्ति के स्वर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** प्राचीन श्री राम जानकी मंदिर बाबा जी का बाग में सीता जी का जन्मोत्सव हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। सोमवार की सुबह मंदिर में भक्तों ने भगवान श्री राम व सीता जी का फूल बंगला सजाया। मंदिर में आरती, भजन कीर्तन व प्रसाद का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर कुसुमलता अग्रवाल, ममता अग्रवाल, रजनी अग्रवाल, सोनिया अग्रवाल, मीना, सुशील गुप्ता, अर्चना सिंघल, नीता अग्रवाल, वैशाली गुप्ता, अनीता गुप्ता, सोनल गुप्ता, मीनाक्षी गुप्ता, रजनी शर्मा, विनेश चौधरी, उषा अग्रवाल, मीरा वर्मा आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

# सड़क हादसे में घायल ने दम तोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** शुक्रवार को सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की दिल्ली के एक अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक जंगी सिह गौतम निवासी ग्राम पैपटपुरा लाइनपार मुरादाबाद अपनी बाइक से दिल्ली जा रहा था, गजरौला के सलारपुर में पहुं. चने पर एक अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में जंगी सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिये परि. जनों ने दिल्ली में भर्ती कराया, मगर बीते दिन उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# परवेज ने सड़क का शिलंयास किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** पूर्व विधान परिषद सदस्य परवेज अली ने सीसी व नाली निमार्ण का शिलान्यास किया। बुधवार को मोहल्ला रायपुर में पूर्व विधान परिषद के पूर्व सदस्य परवेज अली ने सदर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री महबूब अली की निधि से निर्मित सीसी व नाली का निर्माण का शिलान्यास किया। यह सड़क काफी समय से जगह हाथ में थी जनता द्वारा लगातार इसको बनवाए जाने की मांग की जा रही थी। परवेज अली ने कहा कि प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक महबूब अली के प्रयास से अमरोहा में सड़कों का निर्माण होता चला रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व कैबिनेट मंत्री सदैव जनता की सेवा के लिए है मौजूद रहते हैं इस अवसर पर हाजी शाहिद, नासिर प्रधान, बब्बू, सलमान, हबीब अहमद, अश्कार अहमद, हाजी सत्तार, हाजी जमशेद, अनस, अदनान, शाने अली अयान आदि मौजूद थे।

# खरीदारी को आये युवक की बाइक चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के गांव चुचौला कला में बाजार में खड़ी एक मोटरसाइकिल को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। पीड़ित ने मोटर साइकिल को तलाश किया। मोटरसाइकिल कहीं पर भी न मिलने पर पीड़ित ने चोरी की शिकायत पुलिस को दे दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी हैं।

थाना क्षेत्र के गांव शहजादपुर निवासी मदनजीत चुचौला कला में बाजार से सामान खरीदने आया था वह अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर बाजार में सामान खरीदने चला गया तभी कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी मोटरसाइकिल को चुरा कर ले गया। मदनजीत बाजार से सामान लेकर वापस लौटा तो उसे मोटरसाइकिल नहीं मिली मोटरसाइकिल गायब देख उसके होश उड़ गए। मदनजीत ने आसपास मोटरसाइकिल की काफी तलाश की लेकिन मोटरसाइकिल नहीं मिली। मदनजीत ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। थाना अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया की मदनजीत की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मोटरसाइकिल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# महिला के खाते से पांच लाख उड़ाए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** साइबर अपराधियों ने महिला के खाते से पांच लाख रुपये उड़ा दिए। अलग-अलग तारीख में रकम खाते से निकाली गई। साइबर थाना पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शाही चबूतरा में सादिक अली का परिवार रहता है। उनकी पत्नी शमीम फात्मा का खाता शहर की बैंक शाखा में है। आरोप है कि साइबर अपराधियों ने धोखाधड़ी करके अलग-अलग तारीख में खाते से पांच लाख रुपये निकाल लिए। बैंक पहुंचने पर शमीम फात्मा को जानकारी हुई तो होश उड़ गए। पीड़िता शमीम फातिमा ने मामले की शिकायत साइबर थाने में की थी। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार बालियान ने मामले में धोखाधड़ी व आईटीआई के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# ब्लैक आउट को लेकर अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**मंडीधनौरा।** भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालातो के बीच आमजन के बचाव को लेकर प्रशासन जगह-जगह मॉक ड्रिल करा रहा है। इसी क्रम में ब्लैक आउट के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है। बुधवार को प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने मुख्य बाजार में लाउडस्पीकर से मुनादी कर बताया कि रात 8:00 बजे सायरन बजते ही लोग अपने घरों की लाइट बंद कर अंधेरा कर लेंगे। सभी खिड़कियां दरवाजे भी बंद कर लेंगे। सवा आठ बजे दोबारा सायरन बजने पर ही रोशनी करेंगे

# नाबालिग को बहला फुसलाकर ले गए युवक, मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** आदमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि गैर समुदाय के युवक नाबा. लिग बेटी को बहला फुसलाकर ले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन युवकों के खिलाफ संबंधी धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर लिया है।

महिला ने बताया कि बीते 2 मई की दोपहर नाबालिग बेटी अपनी छोटी बहन के साथ बकरी चराने जंगल गई थी जब लड़की घर वापस नहीं आई तो छोटी बेटी ने घर आकर बताया कि जब हम दोनों बकरी चरा रही थी तो तीन युवक आए और बडी बहन उम्र 14 वर्ष को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए। जिसके बाद नाबालिग बेटी की मां ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई पुलिस ने तहरीर के आधार पर भरत सिंह गांव चकफैरी,मोनू गांव बड़ा माझरा आदमपुर,लव गांव आदमपुर के खिलाफ अपहरण में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# छत से गिरकर सैलून संचालक की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** छत पर टहलते समय सैलून संचालक अचानक नीचे गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गयी। घटना से परिजनों में को. हराम मच गया।

नगर के मोहल्ला जाटव कालोनी निवासी बिल्लू सलमानी की अमरोहा रोड पर पुलिस चौकी के सामने सैलून की दुकान थी। बीते दिन की घटना है कि वह सैलून की दुकान बंद कर अपने घर पहुंचा तथा खाना खाकर छत पर चला गया। छत पर ग्रिल नहीं थी अचानक उसका पैर फिसल गया तथा वह धड़ाम से नीचे आ गिरा। फर्श पर गिरने के कारण उसके सिर में गंभीर चोटे आयीं। परिजन उसे लेकर डाक्टर के पास पहुंचे जहां बिल्लू सलमानी (35) को डाक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। छत से गिरकर सैलून संचालक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी व चार बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गया है। परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई के शव का अन्तिम संस्कार कर दिया।

# भूमि पर कब्जे की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के गांव एक किसान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें उसने गांव के ही कुछ लोगों पर अपनी भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए पुलिस प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। रघुवर सिंह जाटव नामक किसान का यह कहना है कि उसने एक भूमि को एक व्यक्ति से खरीदा था, मगर गांव के ही कुछ लोग जबरदस्ती अवैध रूप से कब्जा करने पर आमादा हैं। रघुवर का कहना है कि उसने बुधवार को अमरोहा जाकर कलेक्ट्रेट में अधिकारियों को भी शिकायती पत्र दिया है। कहा कि यदि जल्द ही उसकी समस्या का समाधान न हुआ तो वह गलत कदम उठाने पर आमादा होगा।

# घर में बंधी भैंस चोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** घर में बंधी भैंस चोरी हो गई। पुलिस ने आरोपियों को दबोच घटना का खुलासा कर दिया है। अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर हेग. नगर पशुपालक जराफत का परिवार रहता है। बीती चार मई की रात वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ घर पर सोए हुए थे। रात में किसी समय अज्ञात लोगों ने घर में बंधी भैंस चोरी कर ली। सुबह सवेरे जब जराफात की आंख खुली तो भैंस गायब देख उनके होश उड़ गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने बताया कि भैंस चोरी की घटना का खुलासा कर दिया है। मामले में आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए चालान कर दिया गया है।

समाचार विशेष

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद महराजगंज में जश्न का माहौल

**महराजगंज।** पहलगाम में आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना की कार्रवाई से पूर्वी उत्तर प्रदेश के महराजगंज में उत्सव जैसा माहौल बन गया। स्थानीय नागरिकों ने हाथों में तिरंगा लेकर सड़कों पर 'भारत माता की जय' और 'जय श्री राम' जैसे देशभक्ति नारों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना की। एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर लोगों ने अपनी खुशी का इजहार किया। लोगों का कहना था कि उन्हें भारतीय सेना पर गर्व है, जिसने आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब देते हुए देश की रक्षा में साहसिक कदम उठाया। पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना ने कड़ी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। इस हमले में कई आतंकी ठिकाने नष्ट किए गए हैं।

## बहराइच में सीमावर्ती इलाकों में अतिक्रमण मुक्त अभियान जारी

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में भारत-नेपाल सीमा से लगे इलाकों में अतिक्रमण व मदरसों की जांच जारी है। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार, सीमा क्षेत्रों में दस किलोमीटर के दायरे में किए गए अतिक्रमण एवं चल रहे मदरसों की जांच जोर शोर से की जा रही है। स्थानीय प्रशासन और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की ओर से रुपईडीहा, बाबागंज, और मोतीपुर इलाकों में विशेष अभियान चलाया गया है। बीते दस दिनों के दौरान, जिला प्रशासन एवं विभाग ने नानपारा क्षेत्र से लगे सीमा क्षेत्र में स्थित रंजीत बोझा, लखहिया तथा बनकसही व मोतीपुर के बलई ग्राम में जांच अभियान चलाया। इस दौरान, कई मदरसों के संचालन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज न मिलने के कारण कई मदरसों को सीज कर दिया गया है। विशेष रूप से, खेल के मैदान और कब्रिस्तान पर बने मदरसों सहित कुल दस मदरसों को निशानदेही कर बंद कर दिया गया है और उनके दस्तावेज मांगे गए हैं। यह कदम सीमा सुरक्षा एवं अवैध कब्जों को रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है, और जांच प्रक्रिया अभी भी जारी है।

## छपरा एलटीटी के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

**गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस के बीच ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी के संचलन का फैसला किया है। यह गाड़ी छपरा से 13 मई से 24 जून के बीच प्रत्येक तथा लोकमान्य तिलक टमर्िनस से 14 मई से 25 के बीच प्रत्येक बुधवार को सात फेरों में चलेगी। पूर्वोत्तर रेलवे के प्रवक्ता ने बताया कि गाड़ी संख्या 05119 छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस विशेष गाड़ी प्रत्येक मंगलवार का छपरा, बलिया-गाजीपुर सिटी, वाराणसी जं-, प्रयागराज जं-, मानिकपुर, इटारसी, खंडवा, भुसावल, जलगांव, नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण जं-तथा ठाणे होते हुए अगले दिन 1645 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार वापसी यात्रा में, 05120 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा समर स्पेशल हर बुधवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 20-15 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन छपरा 01-15 बजे पहुंचेगी।

## बाराबंकी में हत्या के दोषी को उम्रकैद

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले की एक अदालत ने युवती की हत्या के मामले में अभियुक्त को आजीवन कारावास व 52 हजार 500 रुपए अर्थ दंड की सजा सुनायी है। विशेष लोक अभियोजक कृपाशंकर तिवारी ने बताया कि थाना फतेहपुर के ग्राम रैकपुरवा निवासी चंद्रभान रावत ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया था कि गांव के ही अजय सिंह से कहासुनी व गाली-गलौज हुआ था। इसी के चलते 28 अप्रैल 2019 को सुबह करीब 5:30 बजे उसकी बहन शिवरानी घर के पीछे की तरफ बर्तन धूल रही थी। तभी अजीत सिंह ने पीछे से मिटी का तेल डालकर आग लगा दिया था जिसकी इलाज के दौरान दो जून 2019 को मृत्यु हो गयी थी। न्यायालय में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से आठ गवाह पेश किए गए ।गवाहों के बयान व दोनों पक्षों की बहस होने के पश्चात न्यायाधीश ने अजय सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनायी है।

# डीएम व पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में मॉक ड्रिल का किया आयोजन

### जन सामान्य को आपदा की स्थिति में बचाव के बारे में दी गई जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** बुधवार को शासन के निर्देशानुसार जनपद के विभिन्न स्थानों, अस्पतालों, औद्योगिक संस्थानों तथा रक्षा क्षेत्र के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर आपदा के समय बचाव की स्थिति के सम्बन्ध में प्रशिक्षण एवं तैयारियों के आकलन के लिए मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक की उपस्थिति में इंडोरामा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड जगदीशपुर में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

जिसकी सतत् निगरानी जिला. धिकारी के निर्देशानुसार जिला आपदा नियंत्रण कक्ष के द्वारा की गयी। जनपद मुख्यालय में स्थापित आपदा नियंत्रण कक्ष वर्तमान परिस्थिति में 24*7 शिफ्टवार संचालित है जिसमें जनपद के विभिन्न स्थानों पर घटित होने वाली आपदाओं की सूचना दर्ज करते हुए मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार प्रतिक्रिया की जाती है। घटनाओं के क्रम में इण्डो रामा फर्टीलाइजर कम्पनी द्वारा सूचित किया गया कि अज्ञात कारणों से हुए विस्फोट के कारण अमो. निया स्टोरेज टैंक के पास आग लगने की घटना हुई जिससे गैस रिसाव की सम्भावना है तथा इस घटना में 30-40 लोग घायल हुए है। कंट्रोल रूम द्वारा सूचना प्राप्त होने पर जनपद के जिला. धिकारी समेत अन्य वरिष्ठ अधिका. रियों को सूचित करते हुए पुलिस, स्वास्थ्य, अग्निशमन, एस.डी.आर. एफ. लखनऊ, एन.डी.आर.एफ. लखनऊ को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचित किया गया। सूचना मिलने पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एम्बुलेंस के साथ तथा अग्निशमनकर्मी फायर टेण्डर के साथ घटना स्थल पर पहुंच गये, जहां पर जिलाधिकारी की निगरानी में राहत एवं बचाव का कार्य आरम्भ किया गया, जिसमें कम्पनी के कर्मचारियों द्वारा भी सहयोग किया गया। अन्त में स्थिति नियंत्रण होने के पश्चात् कम्पनी द्वारा सूचित किया गया कि एस.डी.आर.एफ. लखनऊ, एन. डी.आर.एफ. लखनऊ के टीम की आवश्यकता नहीं है। तत्पश्चात् मॉक अभ्यास समाप्त किया गया। इसी प्रकार मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय द्वारा सूचित किया गया कि जनपद के समस्त 12 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जिला अस्पताल में घायलों के राहत एवं बचाव के लिए मॉकड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस एवं अन्य विभागों से प्राप्त सूचना के आधार पर एम्बुलेंस को भेजकर घायलों को निकतवर्ती सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जिला अस्पताल में लाकर इलाज किया गया, जिसमें गम्भीर अवस्था में पाये गये लोगों को उच्च चिकित्सा के लिए अन्य जगह रेफर किया गया।

रक्षा क्षेत्र के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड में आपदा से बचाव हेतु मॉक अभ्यास कराया गया, जिसमें बिल्डिंग से लोगों के निकासी का अभ्यास किया गया। इस अभ्यास में मुख्य सुरक्षा नियंत्रक द्वारा सायरन बजाकर लोगों को चेता. वनी दी गयी, इसके पश्चात् पूर्व निर्धारित स्थान पर लोगो को निकालने का अभ्यास किया गया। इस अभ्यास में स्वास्थ्य सुरक्षा, अग्निशमन की टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इसके अलावा जनपद की विभिन्न ब्लॉकों में अधिकारियों की देख-रेख में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इसके अलावा जनपद के विभिन्न विद्यालयों में आत्मरक्षा एवं बचाव के लिए मॉकड्रिल का आयोजन किया गया जिसमें शिक्षकों द्वारा छात्रों को सम्भावित हवाई हमले, आग लगने की घटना तथा लोगों को बचाने एवं प्राथमिक चिकित्सा के बारे में जानक. ारी दी गयी।

# आपदा प्रबंधन को लेकर चित्रकूट इंटर कॉलेज में मॉक ड्रिल आयोजित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चित्रकूट।** आपदा की स्थिति में जन सुरक्षा और त्वरित प्रतिक्रिया की तैयारियों को लेकर मंगलवार को चित्रकूट इंटर कॉलेज मैदान में मॉकड्रिल (अभ्यास) आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह ने की। यह मॉकड्रिल भारत सरकार, गृह मंत्रालय, महा. निदेशालय अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा एवं गृह रक्षक, नई दिल्ली के निर्देश और पुलिस महा. निदेशक उत्तर प्रदेश के आदेश के अनुपालन में आयोजित की गई।

कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी सहित जिला प्रशासन और सुरक्षा बलों के विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभ्यास का उद्देश्य आपदा प्रबंधन के प्रति आमजन को जागरूक करना, हवाई हमले जैसी आपात स्थितियों से निपटने की तैयारी को परखना और संबंधित विभागों के बीच समन्वय सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि सिविल प्रशासन, पुलिस, अग्निशमन, होमगार्ड, पीआरडी, स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग, सेवानिवृत्त सैनिक, विद्यालयों के शिक्षक-छात्रों और अभिभावकों की सहभागिता से यह अभ्यास सार्थक रहा। मॉकड्रिल में आग लगने की स्थिति में सुरक्षित निकासी, आपातकालीन उपकरणों के संचालन, सुरक्षा प्रोटोकॉल की समीक्षा और तत्काल प्रतिक्रिया के विभिन्न पहलुओं का अभ्यास किया गया। इस अवसर पर बांदा-चित्रकूट डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन पंकज अग्रवाल, उप जिला. धिकारी सदर पूजा साहू, क्षेत्राधिकारी कार्यालय अरविन्द कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, प्रज्ञान क्षेत्राधिकारी अजेय कुमार शर्मा, फहद अली, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र प्रताप सिंह, चित्रकूट इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रणवीर सिंह सहित शिक्षकगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे ।

## अधूरे निर्माण पर डीएम सख्त ठेकेदार को नोटिस देने के निर्देश

### आधे- अधूरे कार्य पर डीएम ने जताई नाराज़गी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोंडा।** डीएम नेहा शर्मा ने शहर में आधे-अधूरे सौंदर्यीकरण और इंटरलॉकिंग कार्यों पर सख्ती दिखाते हुए नगर पालिका परिषद के ई.ओ.को ठेकेदार के विरुद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि, 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत गुरुनानक चौक से गुढ़मल चौराहा तक स्वीख़्रत कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है,

जिससे आमजन को भारी असु. विधा का सामना करना पड़ रहा है। डीएम ने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया है कि संबंधित ठेकेदार को तत्काल नोटिस जारी किया जाए और स्वीख़्रत कार्य को अविलंब प्रारंभ कराया जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि प्रयुक्त निर्माण सामग्री निर्धारित मानकों के अनुरूप हो और समस्त कार्य मानसून से पहले पूर्ण कर लिया जाए। डीएम नेहा शर्मा ने मंगलवार की शाम नगर का भ्रमण किया था। इस दौरान जिला. धिकारी ने देखा कि गुरुनानक चौक से गुढ़मल चौराहा तक स्वीख़्रत कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है । इंटरलॉकिंग हटाने के बाद सड़क पर कई जगह ग्ढ्ढे हो गए हैं, जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है। साथ ही जो इंटरलॉकिंग सामग्री साइट पर स्टोर की गई है, उसकी गुणवत्ता भी संतोषजनक नहीं पाई गई। अधिशासी अधिकारी को निर्देश देते हुए डीएम ने कहा कि वे ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करें और कार्य की गुणवत्ता पर सतत निगरानी रखें। इसके साथ ही अपर जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि एक मजिस्ट्रेट को दैनिक पर्यवेक्षण के लिए नामित किया जाए और वे स्वयं भी समय-समय पर निरीक्षण करें।

## चुनाव आयोग ने आईआईआईडीईएम में 2,300 से अधिक चुनाव अधिकारियों को प्रशिक्षित कर पार किया एक महत्वपूर्ण पड़ाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा देशभर में निर्वाचन प्रक्रिया को सुख्रढ़ और पारदर्शी बनाने की दिशा में लगातार प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आयोग ने दिल्ली स्थित भारतीय अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन संस्थान (आईआईआईडीईएम) में अब तक 2,300 से अधिक क्षेत्र स्तरीय चुनाव अधिकारियों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य पूरा कर एक अहम उपलब्धि हासिल की है। 07 मई से शुरू हुए ताजा प्रशिक्षण कार्यक्रम में तमिलनाडु और पुडुचेरी के निर्वाचन अधिकारियों को उनकी मातृभाषा तमिल में प्रशिक्षण देने की नई पहल की गई है, जिसमें कुल 293 प्रतिभागी शामिल हैं। इनमें 264 बीएलओ पर्यवेक्षक, 14 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ), 2 जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) और अन्य अधिकारी सम्मिलित हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने कहा कि बीएलओ ही मतदाताओं के लिए आयोग के पहले और प्रत्यक्ष प्रतिनिधि होते हैं,

और सही तथा अद्यतन मतदाता सूची सुनिश्चित करने में इनकी भूमिका सबसे अहम होती है। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ सप्ताहों में आईआईआईडीईएम में आयोजित गहन प्रशिक्षण कार्यक्रमों से हजारों निर्वाचन अधिकारी लाभान्वित हो चुके हैं। यह दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम उसी क्रम में एक और प्रभावी कदम है, जिसका उद्देश्य आने वाले वर्षों में देशभर के एक लाख से अधिक बीएलओ सहित सभी स्तरों के निर्वाचन पदाधिकारियों को दक्ष बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीएलओ पर्यवेक्षकों को फॉर्म 6, 7 और 8 भरने की प्रक्रिया, संवादात्मक सत्रों और रोल प्ले जैसे माध्यमों से व्यवहारिक रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में डिजिटल आईटी समाधानों के प्रयोग पर विशेष बल दिया गया है। इन प्रशिक्षुओं को भविष्य में विधानसभा स्तर पर मास्टर ट्रेनर के रूप में अन्य बीएलओ को प्रशिक्षित करने के लिए तैयार किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, प्रतिभागियों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 24 (क) एवं 24 (ख) के अंतर्गत अपील प्रक्रिया की जानकारी दी गई, जिसमें यह बताया गया कि मतदाता सूची से संबंधित प्रथम अपील जिला मजिस्ट्रेट अथवा समकक्ष रैंक के अधिकारी के पास तथा द्वितीय अपील राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पास की जाती है।

## आठ वर्षीय मासूम से किशोर ने किया दुष्कर्म

**गोंडा।** जिले के इटियाथोक थाना क्षेत्र के एक गांव में एक किशोर ने बिस्कुट और टॉफी का लालच देकर आठ वर्षीय मासूम के साथ दुराचार की घटना को अंजाम दिया। पिता की शिकायत पर इटियाथोक पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीख्रत किया है। मिली जानकारी के मुताबिक बीते मंगलवार दिन के करीब दो बजे एक आठ वर्षीय मासूम घर के पास स्थित दुकान पर खाने का सामान लेने गई थी।इस दौरान वहीं पंचर बनाने का काम करने वाले एक पन्द्रह वर्षीय किशोर ने उसे बिस्कुट और टॉफी का लालच देकर उसे दुकान के अंदर एकांत में ले गया, जहां उसने उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। दुष्कर्म की शिकार मासूम जब किसी तरह लहुलुहान रोते बिलखते अपने घर पहुंची तो उसे देख पिता के पैरों तले जमीन खिसक गई। पूछने पर उसने अपने साथ हुई घटना के बारे में पिता को बताया। जिसके बाद पिता की शिकायत पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर बच्ची के मेडिकल परिक्षण के लिए भेज दिया है।

## गैर इरादतन हत्या के प्रयास में दो दोषियों को छह-छह साल की सजा

**चित्रकूट।** थाना मारकुंडी क्षेत्र में वर्ष 2016 में खलिहान में सो रहे युवक पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल करने के मामले में कोर्ट ने सोमवार को दो आरोपियों को छह-छह वर्ष के कठोर कारावास और 13-13 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देश पर चल रहे श्ऑपरेशन कन्विक्शनश के तहत इस प्रकरण में प्रभावी पैरवी करते हुए दोषियों को सजा दिलाई गई। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक मारकुंडी श्याम प्रताप पटेल, पैरोकार आरक्षी अमरेन्द्र प्रताप सिंह एवं मॉनिटरिंग सेल टीम ने गहन प्रयास किया। अपर शासकीय अधिवक्ता सुशील कुमार सिंह की प्रभावी बहस के आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय नीरज श्रीवास्तव की अदालत ने यह फैसला सुनाया। थाना मारकुंडी में 11 नवम्बर 2016 को दर्ज मुकदमे के अनुसार ग्राम डोडामाफी निवासी लोल्ला यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि तीन अज्ञात लोगों ने उसके पुत्र राजाबाबू पर खलिहान में सोते समय हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था और गाली-गलौज की थी। विवेचना के दौरान तत्कालीन निरीक्षक केशव वर्मा ने छोटू उर्फ छोटुवा पुत्र चन्द्रपाल निवासी निही चिरैया, थाना मानिकपुर तथा चौधरी उर्फ रजोला पुत्र शिवमंगल निवासी नौबस्ता, थाना बहिलपुरवा को नामजद कर गिरफ्तार किया था। 29 सितम्बर 2017 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया था। न्यायालय ने दोनों को दोषी मानते हुए कठोर दंड दिया है।

## थाने से पिस्टल गायब, हेड मोहर्रम पर गबन का आरोप

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के थाना जलालाबाद के मालखाने से एक सरकारी नौ एमएम पिस्टल एक मैगजीन और नौ कारतूस गायब होने के मामले में क्षेत्राधिकारी की जांच के बाद हेड मोहर्रम के खिलाफ ड्यूटी में लापरवाही और सरकारी संपति गबन करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बुधवार को बताया कि क्षेत्राधिकारी जलालाबाद ने पिछली 31 जनवरी को त्रैमासिक निरीक्षण किया जिसमें आर्म्स एम्यूनेशन मे से एक 09 एमएम पिस्टल, 10 कारतूस और एक नौ एमएम मैगजीन कम पाए गए थे। जिसकी सूचना उच्चाधिकारी को दी गई थी। तत्कालीन पुलिस अधीक्षक ने तीन फरवरी को क्षेत्राधिकारी जलालाबाद को प्रारंभिक जांच के लिए निर्देशित किया था। उन्होंने बताया कि क्षेत्राधिकारी द्वारा की गई जांच में पुलिस लाइन में तैनात जिला रामपुर के रहने वाले हेड मोहर्रम आंगन लाल को दायित्वो के प्रति लापरवाही बरतने तथा मालखाने से सुरक्षा उपकरणों के गायब होने का दोषी पाते हुए आंगन लाल के विरुद्ध सरक. ारी सम्पत्ति का गबन करने के सम्बन्ध मे 316(5) बीएनएस की धारा में मुक. दमा पंजीकृत किया गया है।

## शादी का झांसा देकर अवैध संबंध बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** थाना रैपुरा पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती से अवैध संबंध बनाने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 69/351(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। अभियुक्त धीरेन्द्र उर्फ गोलू पटेल पुत्र शिवशंकर उर्फ मंजू, निवासी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गई।

## अवैध असलहे के साथ धरा गया

**सीतापुर।** बिसवां कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने बिसवां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जलालपुर निवासी मोहम्मद हसीब पुत्र मोहम्मद अहमद अली को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने मोहम्मद हबीब के खिलाफ बिसवां कोतवाली में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

## सड़कों को कब्जामुक्त कराने की गुहार

सीतापुर। सकरन थाना क्षेत्र के मिश्रपुर गांव निवासी मन्नीलाल मिश्र ने उपजिलाधिकारी लहरपुर को शिकायती पत्र दिया है। आरोप लगाया है कि उनके गांव के किनारे से सकरन से बरियारी जाने के लिए रोड़ निकला है । गांव के कुछ दबंग किस्म के लोगों ने रोड़ को काट कर उसके किनारे पटाई करके अपने घरों के आगे का सहन बना लिया है। इसके अलावा दबंगों ने अपने खेतों के बगल से निकली रोड़ को काट कर खेतों में मिला लिया है। रोड़ को काट कर कब्जा किए जाने से रोड़ बहुत पतली हो गई है। जिस पर ग्रामीणों व राहगीरों को वाहन ट्रैक्टर, ट्राली, डनलफ, कार आदि निकालने में काफी परेशानी होती है। गांव से पहले मोड़ के पास सड़क कट जाने की वजह से वाहन पलट जाते है। ग्रामीण मन्नीलाल ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर मौके की जॉच कराकर दबंगों के विरूद्ध कार्यवाई किए जाने की मांग की है द्य क्षेत्रीय लेखपाल राजेन्द्र चौधरी ने बताया रोड़ पर अतिक्रमण व कब्जे की शिकायत मिली है।

## बीमार ग्रामीणों के बीच दवा वितरण

**सीतापुर।** विकास खंड सकरन की ग्राम पंचायत दुगाना में बुखार व अन्य बीमारियों से कई लोग पीड़ित थे ग्रामीणों द्वारा इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दी गई थी। गांव में बीमारी की सूचना पर बुधवार को सीएचसी अधीक्षक डॉ.अनिल सचान ने स्वास्थ्य विभाग की टीम प्रभावित गांव दुगाना भेजी। जहां पर टीम ने कैम्प लगाया।

## रत्नेश्वर मंदिर पर हर्षोल्लास के साथ हुआ शिव विवाह

**डीजे की धुन पर आनंदित भक्त झूम-झूम कर नाचे-लगाए हर हर महादेव के नारे**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इन्हौना अमेठी।** रत्नेश्वर महादेव मंदिर पर चल रही शिव महापुराण की कथा के छठवें दिनसती के जीवन त्यागने के बाद भगवान शिव कुछ समय तक उदास रह रहे थे,और इस समय पसीने से मंगल की उत्पत्ति हुई,उसके बाद समस्त देवताओं ने आकर प्रार्थना की प्रभु तारकासुर के तांडव से हम सब परेशान हैं, इसलिए आप ख्रपा कर विवाह करें, और आपके विवाह करने के लिए हिमाचल राज के घर पार्वती जी प्रकट होकर आपकी तपस्या कर रही हैं,आप ख्रपा कर उन्हें आशीर्वाद दें,और विवाह संपन्न कर हम देवताओं पर कृपा करें, समस्त देवताओं के साथ भूत प्रेत यक्ष किन्नर गंधर्व शिवगण शिव जी के विवाह में सम्मिलित होकर पर्वतराज हिमाचल मां मैना सहित समस्त भक्तों को शिव ने दर्शन दिया,विवाह संपन्न हुआ विवाह की झलक देखकर रत्नेश्वर धाम में चल रही कथा के समस्त भक्त आनंदित होकर झूमने लगे। उक्त अवसर पर सनवेली की प्रबंधिका, रानी जी उदय प्रताप सिंह, दिनेश सिंह पिंटू एडवोकेट उत्तम सिंह, दीपक श्रीवास्तव, सनत तिवारी आरएसएस, शिवकुमार, रामकृष्ण फौजी, पवन गुप्ता, श्री नारायण सन्नी, सुनील चौरसिया, राधेश्याम शिरीष गुप्ता, शिव लखन चौरसिया, भुलई त्रिवेदी रामकिशोर त्रिवेदी, बबलू, मुकेश श्रीवास्तव, सतगुरु गुप्ता, पंकज त्रिवेदी, सीताराम चौरसिया, ज्ञानेंद्र वर्मा, रामकिशोर यज्ञसैनी, के के गुप्ता, नन्नू गुप्ता, चंद कुमार गुप्ता सूरजमल गुप्ता,मनोज गुप्ता, सुशील मौर्य, रमेश शुक्ला,डॉ मलखान सिंह, प्रसांत सिंह, बेचूलाल गुप्ता,आदि सैकड़ो भक्त लोग उपस्थित रहे हैं।

## अपर जिला मजिस्ट्रेट ने 4 अभियुक्तों को 6 माह के लिए किया जिला बदर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** जिन व्यक्तियों का आस-पास के क्षेत्रों में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नही करता है, ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ा रूख अपनाते हुए अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि0/रा0) अर्पित गुप्ता ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए उन्हें जनपद की सीमा से 06 माह के लिए निष्कासित कर दिया है। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने जिन 04 अभियुक्तों को जिला बदर किया है उनमें जनपद अमेठी के अभियुक्त मशरूर अहमद उर्फ बब्बू पुत्र मकबूल अहमद निवासी ग्राम बख्तावरनगर थाना बाजार शुकुल को आदेशित तिथि 21 अप्रैल 2025 से व अभियुक्त सत्यम सिंह पुत्र स्व0 राम. राज सिंह निवासी ग्राम दिछौली थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक एवं अभियुक्त सुमित सिंह पुत्र शिव कुमार सिंह निवासी ग्राम जनापुर थाना जामों तथा अभियुक्त देवेन्द्र कौशल उर्फ राजन पुत्र कंचन लाल कौशल निवासी ग्राम पूरब गॉव थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक के नाम शामिल हैं, को आदेशित तिथि 29 अप्रैल 2025 से 06 माह की अवधि के लिए जनपद की सीमा से निष्कासित (जिला बदर) किया गया है।

इसके साथ ही जिला मजिस्ट्रेट अमेठी ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय गुण्डा तत्व एवं आपराधिक कार्य में संलिप्त लोगों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं, जनपद के किसी भी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कोई भी असामाजिक तत्वों द्वारा यदि लो. कशांति व लोक सुरक्षा को भंग करने का प्रयास किया जाएगा तो उसके विरुद्ध तत्काल निरोधात्मक कार्यवाही किए जाने हेतु पुलिस को कड़े निर्देश दिए गए हैं।

## वेबकास्ट पोषण पाठशाला आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आठ मई को पोषण पाठशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पूर्वा 11 बजे से अपराह्न 1:30 बजे तक वेबकास्ट के माध्यम से आयोजित होगा। पोषण पाठशाला का उद्देश्य मातृ पोषण, स्तनपान और गर्मी से बचाव के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस विशेष कार्यक्रम में प्रदेश की महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार मंत्री बेबीरानी मौर्य एवं राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला भी प्रतिभाग करेंगी। वेबकास्ट पोषण पाठशाला में विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी साझा की जाएगी। प्रमुख सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग लीना जौहरी, केजीएमयू लखनऊ की विभागाध्यक्ष, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग तथा वाइस-डीन एकेडमिक्स डॉ. अंजू अग्रवाल, उत्तर प्रदेश तकनीकी सहयोग इकाई (यूपीटीएसयू), लखनऊ की सलाहकार एवं आरआरटीसी नोडल डॉ. सीमा टंडन, वीरांगना अवंतीबाई महिला अस्पताल (डफरिन), लखनऊ के वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहम्मद सलमान खान कार्यक्रम में विशेषज्ञ पैनलिस्ट के रूप में शामिल होंगे। इस वेबकास्ट कार्यक्रम में प्रदेशभर के जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ), बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ), मुख्य सेविकाएं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एवं एकीख्रत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) योजना के अंतर्गत आने वाले लाभार्थी गर्भवती महिलाएं, धात्री महिलाएं तथा छोटे बच्चों के अभिभावक भी भाग लेंगे।

## एसडीएम ने अतिक्रमण पर चलवाया बुलडोजर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तरबगंज।** जिले के उमरीबेग. मगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत बरौली में सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण और निर्माण के विरुद्ध एसडीएम तरबगंज राजीव मोहन सक्सेना गाटा संख्या 1676 की 0.809 हेक्टेयर पर बने मदरसे और अन्य निर्माण को बुलडोजर चलवाकर जमींदोज करा दिया। बता दें कि,अतिक्रमित भूमि अभिलेखों में 'स्कूल फार्म' के रूप में दर्ज है। इस संबंध मे एसडीएम ने बताया कि, पूर्व में की गई पैमाइश के दौरान उक्त भूमि पर अवैध अतिक्रमण की पुष्टि हुई थी, जिस पर उन्होंने संबंधितों को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया था। जिसे बुधवार की सुबह राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में प्रशास. निक अमले द्वारा उक्त भूमि से अतिक्रमण हटवाया गया। कार्यवाही के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई, जिससे संपूर्ण कार्यवाही शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न संपन्न हुई। एसडीएम ने यह स्पष्ट किया गया कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण स्वीकार्य नहीं है एवं भविष्य में भी इस प्रकार की प्रवृत्तियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही जारी रहेगी।

# 54 साल बाद कराया जंग का अहसास

■ मॉक ड्रिल से बढ़ा अधिकारियों और लोगों में विश्वास !





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** गृहमंत्रालय के निर्देश के बाद सिविल डिफेंस की तरफ से बुधवार रात शहर में मॉक ड्रिल और ब्लैक आउट अभ्यास किया गया। 10 मिनट के लिए सारा शहर अंधेरे में डूब गया। लोगों ने अपने घरों, प्रतिष्ठानों, धार्मिक स्थलों की लाइट रात आठ बजे बंद कर दी। कहा जा रहा है कि 1971 की जंग के दौरान ब्लैक आउट किया गया था। अब 54 साल बाद ऐसा ब्लैक आउट एक बार फिर शहर ने देखा।

दरअसल भारत और पाकिस्तान के बीच पैदा हुए जंग जैसे हालात के बाद गृहमंत्रालय ने देश भर में मॉक ड्रिल कराने के निर्देश दिए थे। बरेली में भी सिविल डिफेंस की तरफ से बुधवार रात आठ बजे अपने घरों की लाइट 10 बजे बंद रखने के लिए कहा था। देश हित में की गई अपील का असर ये हुआ कि सारा शहर 10 मिनट के लिए अंधेरे में डूब गया। कुतुबखाना, सैटेलाइट, कोतवाली, स्टेडियम रोड, सिविल लाइंस, जंक्शन जैसे इलाकों की सड़कों पर तो अंधेरा छा ही गया वहीं गली मोहल्लों में लोगों ने अपने घरों की बिजली को बंद कर दिया। ब्लैक आउट के दौरान सुरक्षा के लिहाज से कई जगह पुलिस को ट्रैफिक रोकना पड़ा। मालियों की पुलिया और स्टेडियम रोड आदि जगह ट्रैफिक को रोक दिया गया। जिसकी वजह से सैटेलाइट जैसे इलाकों में सड़क पर पूरी तरह सन्नाटा छा गया। वहीं ट्रैफिक रोकने के कारण थोड़ी देर के लिए जाम की स्थिति भी पैदा हो गई।

अफवाहों पर विश्वास न करें, सोशल मीडिया या अनजान स्रोतों से मिली खबरों का सत्य जाने बिना न फैलाएं। बिना योजना के बाहर न निकलें, बाहर निकलना खतरनाक हो सकता है। केवल जरूरत पड़ने पर और सुरक्षा सुनिश्चित करके ही जाएं। ध्यान भटकाने वाले काम न करें। युद्ध की स्थिति में अनुशासन बहुत जरूरी है।

लापरवाही जानलेवा हो सकती है। हथियार या संदिग्ध वस्तु छूने से बचें, किसी भी विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु को न छुए, तुरंत प्रशासन को सूचित करें। भीड़भाड़ वाले इलाकों से बचें, खुले बाजार या स्टेशन जैसे क्षेत्रों में रहने से खतरे की संभावना बढ़ जाती है लिहाजा ऐसे स्थिति में अनावश्यक घर से बाहर न निकलें।

## बाकी पैसे मांगने पर की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** बैंड बजाने के रुपये मांगने पर बारातियों ने बैंड बजाने वालों को ही मारा पीटा। जिससे बैंड बजाने वाले कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

रामपुर जिले के कनकपुर निवासी शमशाद ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसने चौन सिंह के लिए बैंड बजाया था। जब उन्होंने बैंड बजाने के रुपये मांगे तो चौन सिंह और उनके परिवार के लोगों ने उनके साथ मारपीट की। मारपीट में उसके कई साथी घायल हो गए। शमशाद का आरोप है कि चौन सिंह का लड़का और भाई ने उन्हें लाठी और डंडों से मारा, जिससे वह और बैंड बजाने वाले लड़के घायल हो गए। जब उनके साथ नसीम अहमद ने उन्हें बचाने की कोशिश की तो उन लोगों ने उन्हें भी मारा। पुलिस ने चौन सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

# दहेज की मांग को लेकर विवाहिता से मारपीट कर घर से निकाला

■ पुलिस ने पति समेत पांच लोगों पर दर्ज किया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** देवरनियां कोतवली क्षेत्र की ग्राम पंचायत वसुधरन जागीर निवासी विवाहिता प्रीति ने अपने पति नरेश कुमार समेत अन्य ससुरालीजनों पर दहेज की मांग को लेकर उत्पीड़न और मारपीट कर घर से निकालने का गंभीर आरोप लगाया है। विवाहिता प्रीति ने कोतवाली देवरनियां में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए शिकायती पत्र दिया, जिसके आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

विवाहिता प्रीति ने बताया कि उसकी शादी 26 मार्च 2023 को मुरादाबाद के कमला बिहार, गुलाबबाड़ी निवासी नरेश कुमार पुत्र हेतराम के साथ हिन्दू रीति-रिवाज से संपन्न हुई थी। शादी में उसके परिवार ने करीब 6 लाख रुपये खर्च किया था। जिसमें नरेश कुमार को 2 लाख रुपये नकद व 80 हजार रुपये उसके मौसा देवकी नंदन के खाते में ट्रांसफर किए गए थे। शादी के बाद जब वह ससुराल गई तो पति नरेश व सास शकुन्तला देवी ने कम दहेज लाने का ताना देते हुए विवाहिता को लगातार प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। विवाहिता एक हाथ से विकलांग है, जिसकी जानकारी शादी से पहले ही दी गई थी। इसके बावजूद ससुराल वालों ने उसे मानसिक शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया, और 3 लाख रुपये मायके से लाने का दबाव बनाने लगे। विवाहिता प्रीति ने असमर्थता जताई तो उसे गाली-गलौज कर पुराने ही कपड़ों में घर से निकाल दिया गया। प्रीति के मायके वालों ने समझौते के लिए पंचायत बुलाई, जिसमें ससुराल पक्ष से कई लोग शामिल हुए। पंचायत में सुलह के बाद प्रीति को फिर ससुराल अपने पति के साथ चली गई। लेकिन उसे ससुराल न ले जाकर मीरगंज में मौसा के घर नरेश कुमार ले गया, जहां फिर से दहेज की मांग कर मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। पीड़िता ने यह भी बताया कि ससुराल पक्ष ने उसे जान से मारकर लाश को ठिकाने लगाने की धमकी दी। 16 मई 2023 को भाई की मृत्यु पर प्रीति मायके आई, और तब से वहीं रह रही है। समय ज्यादा बीतने पर देवरनियां कोतवाली में पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की माँग की है। इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि विवाहिता की तहरीर के आधार पर पति समेत पाँच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### रामपुर रोड पर बस की टक्कर से घायल हुए युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना देवरनियां क्षेत्र के कठर्रा ढाल निवासी बाइक सवार एक युवक की बस की टक्कर से मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक कठर्रा ढाल निवासी 22 वर्षीय मोहम्मद शादाब की बस की टक्कर से मौत हो गई। मृतक के भाई इरशाद के अनुसार, शादाब 4 तारीख की शाम फतेहगंज पश्चिमी में एक बारात में बैंड बजाने गया था। लौटते समय रामपुर हाईवे पर एक बस ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में शादाब गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। उसकी मौत की खबर सुनते ही परिवार में खलबली मच गई। मृतक के परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। शादाब छः भाई-बहनों में तीसरे नंबर का था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### युवक पर हमले का आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कोतवाली बहेड़ी पुलिस ने बीते 6 मई को देवेंद्र पुत्र मंगल सेन निवासी नजरगंज कोतवाली बहेड़ी हाल निवासी पंजाबी कॉलोनी के तहरीर पर सैफ अली पुत्र सब्बर अली निवासी शेखूपुर कोतवाली बहेड़ी पर चाकू से जान से करने के लिए हमला करने के संबंध में मुकदमा पंजीकृत किया था।

इसके संबंध में मंगलवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुखविर की सूचना पर आरोपी युवक सैफ अली पुत्र सब्बर अली को वन विभाग के पास स्थित एफसीआई के पुराने गोदाम के बराबर से जाने वाले कच्चे रास्ते पर पकड़ लिया। पुलिस को आरोपी युवक के पास से एक चाकू बरामद हुआ है। पुलिस ने दर्ज उपरोक्त मुकदमे में धारा 424/25 वृद्धि करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### प्राथमिक विद्यालय गुलडिया कला में बच्चों को कराया मॉक ड्रिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** बुधवार को प्राथमिक विद्यालय गुलडिया कला में छात्र-छात्राओं को मॉक ड्रिल के बारे में जागरूक किया गया।

स्कूल के प्रधानाचार्य विभोर ने बताया कि सरकार की गाइड लाइंस के अनुसार स्कूल के बच्चों को मॉक ड्रिल कराया और आपातकालीन स्थितियों में सुरक्षा और राहत के तरीको से अवगत कराया। बच्चों को यह सिखाया गया कि आपातकाल की स्थिति में कैसे सुरक्षित स्थान पर पहुंचे। छात्र-छात्राओं को यह भी जानकारी दी गई की सायरन की आवाजों को कैसे पहचाने और सायरन बजते ही अपनी सुरक्षा के लिए उठाए जाने वाले कदम कौन से है।

### दो रोजा उर्स ए शाहिदी में उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

आज बारह बजे होगा आखिरी कुल शरीफ

**बहेड़ी।** दो रोजा उर्स ए शाहिदी के मौके पर दरगाह पर अकीदतमंदों की भीड़ जुट गई। जायरीनों ने मंजूर अली मियां व शाहिद अली मियां की दरगाह पर पहुंचकर फातिहा ख्वानी कर सज्जादनशीन से मुलाकात कर दुआएँ कराई। बाद नमाज फज्र कुरान ख्वानी हुई और जोहर की नमाज के बाद दरगाह शरीफ पर खत्म खव्वाजगान शरीफ हुआ। बाद नमाज मगरिब दरगाह शरीफ पर हल्का ए जिक्र किया गया और फिर फातिहा खव्बानी हुई।

नगर के मोहल्ला शेखूपुर में आस्ताने आलिया शाहिदिया जामिया गौसिया बशीरी उलूम में मौलाना मुफ्ती शाह सय्यद शाहिद अली मियां रहमतुल्लाह अलैह के दो रोजा उर्स ए शाहिदी के मौके पर जायरीन ने हजरत अल्लामा मौलाना मुफ्ती शाह सय्यद शाहिद अली मियां रहमतुल्लाह अलैह व हजरत शाह सय्यद मंजूर अली मियां रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह पर पहुंचकर चादरपोशी व फातिहा ख्वानी की। जायरीनों ने दरगाह पर सलातो सलाम का नजराना पेश कर सज्जादनाशीन हजरत सय्यद फैजी मियां से मुलाकात कर दुआएँ कराईं। इस दौरान जायरीन उर्स ए शाहिदी जिन्दाबाद, फैजाने बशीरी व मंजूरी जिन्दाबाद के नारे लगाते नजर आए। बृहस्पतिवार 8 मई दिन जुमेरात को उर्स ए शाहिदी पर दूसरे दिन सुबह 10 बजे हजरत अल्लामा मौलाना मुफ्ती शाह सय्यद शाहिद अली मियां रहमतुल्लाह अलैह का विसाली कुल शरीफ होगा। बाद में आखिरी कुल शरीफ 12 बजे आयोजित किया जाएगा।

### ब्लैक आउट को लेकर प्रशासन ने की बैठक, नगर पालिका ने निकाला जुलूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कोतवाली में आयोजित एक बैठक में एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय, सीओ गौरव सिंह ने कस्बे के लोगों से ब्लैक आउट को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी, और इसका पालन करने करने की अपील की।

अधिकारियों ने सरकार द्वारा जारी किए गए आदेश का पालन करने का आवाहन किया। इस बैठक में पालिका अध्यक्ष पति नीरेंद्र सिंह राठौर, भाजपा के नगर अध्यक्ष केशव गुप्ता, व्यापारी नेता वीरेन्द्र गुप्ता, हिंदू जागरण मंच के जिला उपाध्यक्ष हरिपाल सिंह के साथ ही परिषद के कई सभासद मौजूद रहे।

# आईजीआरएस की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद बरेली की स्थिति में आया सुधार

■ पुलिस ने पति समेत पांच लोगों पर दर्ज किया मुकदमा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जन शिकायतों के निस्तारण की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद बरेली की स्थिति में सुधार आया। 26वीं रैंक से 17वीं रैंक पर जनपद बरेली आया है।

डीएम अविनाश सिंह ने जनपद में पदभार ग्रहण करने के साथ ही बैठक कर समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के क्रम में स्थलीय निरीक्षण कर शिकायतकर्ता से बात करना व उसे पूरी बात से अवगत कराना आवश्यक है, जिससे जब लखनऊ से उसके पास फोन आये तो वह यह बता सकें कि संबंधित विभाग द्वारा हमसे सम्पर्क किया गया। निर्देश दिए गए थे कि अंतिम दिन देर रात निस्तारण फीड न करें इससे शिकायत के डिफाल्टर होने की सम्भावना रहती है। बल्कि इस कार्य को समय से करें। डीएम ने निर्देश दिए थे कि समस्त अधिकारी अपने कार्यालय में एक कर्मचारी लगायें जो शिकायतकर्ता से फोन कर उनका फीडबैक लें कि वह शिकायत निस्तारण से संतुष्ट है या नहीं। नोडल अधिकारी शिकायत को भी कर्मचारी लगाकर फीडबैक लेने के निर्देश दिये गये। डीएम के प्रयासों से जनपद की रैंकिंग में उछाल आया है। डीएम के स्पष्ट निर्देश हैं कि आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं तय समय के अंदर किया जाये।

उक्त के साथ एक ही शिकायत के बार-बार अपलोड होने को लेकर भी विस्तार से निर्देश दिए गये हैं, और निर्देशित किया गया है कि कोई भी अधिकारी शिकायतों का निस्तारण दफ्तर में बैठकर न करें, बल्कि मौके पर जाकर ही शिकायत का निस्तारण किया जाना चाहिए। उसी का परिणाम है कि जनपद की रैंकिंग में वृद्धि हुई है।

## युवक को रास्ते में घेर कर पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

**देवरनियां।** कोतवाली क्षेत्र की ग्राम पंचायत गुनाहट्टू निवासी तेजपाल पुत्र राम स्वरुप ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया है कि बीती रात रात 8.15 बजे दावत खाकर घर जा रहा था, तभी पहले से ही घात लगाये बैठे गांव के ही प्रेमराज पुत्र हेमराज, छोटू पुत्र लालाराम, राहुल पुत्र लेखराज, शनि पुत्र सुरेन्द्र ने पुरानी रंजिश को लेकर उसके साथ लाठी डंडों व लातों घूसों मे मारपीट कर घायल अवस्था में मरा समझ कर भाग गए।

इंस्पेक्टर दिनेश शर्मा ने बताया कि मामले की तहरीर के आधार पर उक्त चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ब्लैक आउट को लेकर प्रभारी निरीक्षक ने बैठक कर की अपील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद देश के नागरिकों को सुरक्षित रहने के बचाव को लेकर बुधवार को ब्लैक आउट को लेकर प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम ने थाना परिसर में कस्बे के व्यापारियों व संभरान्त नागरिकों के बैठक कर ब्लैक आउट की अपील की।

उन्होंने कहा कि पूरे देश मे शाम 8 बजे 5 मिनट तक सभी अपने घरों व प्रतिष्ठानों की लाइट/प्रकाश/,इन्वर्टर आदि के प्रकाश को देश हित मे बन्द रखें,जिससे प्रकाश बाहर दिखाई न दे।साथ ही यह भी अपील की कि अपने घरों पर रहें,लाइट बन्द कर दें,भगदड़ न करें,धूम्रपान न करें,वाहन के साथ जहां हों वहीं रुक जाएं आदि।इस अवसर पर राजकुमार वर्मा, त्रिमल सिंह राठौर, वसीम अकरम, प्रवेश देवल, हाफिज खान आदि मौजूद रहे।

# आपातकाल से निपटने को किया मॉकड्रिल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** शासन के आदेशों के क्रम में कमिश्नर सौम्या अग्रवाल की उपस्थिति में डीएम अविनाश सिंह के निर्देशन व एडीएम नगर सौरभ दुबे के मार्गदर्शन में जनपद के आईवीआरआई कैम्पस व उसके सामने की रोड तथा आसपास के क्षेत्र में युद्ध अथवा किसी भी आपातकालीन, संकट की स्थिति, ब्लैक आउट के दौरान निपटने के लिए आपदा विशेषज्ञयों सहित मेडिकल टीम, फायर ब्रिगेड एवं अन्य सम्बंधित संसाधनों के साथ लाइव मॉकड्रिल, बचाव का अभ्यास किया गया।

मॉक ड्रिल के दौरान आपदा विशेषज्ञ द्वारा उपस्थित छात्र-छात्रों, एनसीसी कैडेड एवं आम नागरिकों को युद्ध जैसी भयावह स्थिति, संकट के समय क्या करें या क्या न करें के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी, और बताया गया कि युद्ध की स्थिति से पहले क्या करें और क्या न करें की स्पष्ट गाइडलाइन्स जानना बहुत जरूरी होता है, ताकि आप और आपके परिजन सुरक्षित रह सकें।

युद्ध अथवा संकट की घड़ी में क्या करें से सम्बंधित जानकारी देते हुए बताया गया कि जरूरी दस्तावेज (आधार कार्ड, पहचान पत्र, जमीन कागज, बैंक डिटेल) को एक बैग में रखें। घर में प्राथमिक चिकित्सा किट, सूखा राशन, पानी, टॉर्च, बैटरियाँ और नकद पैसे रखें। मोबाइल फोन और पावर बैंक चार्ज रखें। रेडियो या सरकारी समाचार स्रोत से स्थिति की जानकारी लेते रहें। नजदीकी शरण स्थल या बंकर की जानकारी पहले से रखें। बच्चों, बुजुर्गों और विकलांगों के लिए विशेष योजना बनाएं। सभी को एक आपातकालीन योजना के बारे में बताएं। अगर संभव हो तो सुरक्षित क्षेत्र की ओर प्रस्थान करें। घर में मजबूत दीवारों के पास या नीचे शरण लें। यदि निकासी का आदेश हो तो तुरंत पालन करें।

जानकारी दिये जाने के दौरान यह भी बताया गया कि युद्ध अथवा संकट काल की घड़ी में हम क्या न करें जैसे अफवाहों पर विश्वास न करें, सोशल मीडिया या अनजान स्रोतों से मिली खबरों का सत्य जाने बिना न फैलाएं। बिना योजना के बाहर न निकलें, बाहर निकलना खतरनाक हो सकता है। केवल जरूरत पड़ने पर और सुरक्षा सुनिश्चित करके ही जाएं। ध्यान भटकाने वाले काम न करें, युद्ध की स्थिति में अनुशासन बहुत जरूरी है।

लापरवाही जानलेवा हो सकती है। हथियार या संदिग्ध वस्तु छूने से बचें, किसी भी विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु को न छुए, तुरंत प्रशासन को सूचित करें। भीड़ भाड़ वाले इलाकों से बचें, खुले बाजार या स्टेशन जैसे क्षेत्रों में रहने से खतरे की सम्भावना बढ़ जाती है, अतः ऐसे स्थिति में अनावश्यक घर से बाहर न निकलें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, उपाध्यक्ष बरेली विकास प्राधिकरण मनीकंडन ए, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा राजेश कुमार, आपदा विशेषज्ञ, आपदा मित्र, एनसीसी कैडेट सहित सम्बंधित अधिकारी एवं शिक्षकगण आदि उपस्थित रहे।

## दरगाह आला हजरत पर किया गया ब्लैक आउट

शहर की प्रमुख दरगाह आला हजरत पर भी मॉकड्रिल के दौरान रात जैसे ही 8 बजे, ब्लैक आउट किया गया। इस दौरान 8 बजकर 10 मिनट तक दरगाह गुंबद, रजा मस्जिद, अफ्रीकी हॉस्टल, मदरसा मंजर-ए-इस्लाम, रहमानी मंजिल, दारुल इफ्ता, मेहमान खान, लंगर खाना, दरगाह बाजार की सभी लाइट बंद कर दी गई। इसके अलावा शहर की मस्जिदों और उनके मीनारों की लाइटें भी बंद कर दी गईं। दरगाह से जुड़े नासिर कुरैशी ने बताया कि दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) के निर्देश पर सुबह से ही लोगों को फोन कॉल और सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूक किया गया कि ब्लैक आउट एक्शन हमारे मुल्क और मुल्क वासियों की सुरक्षा का हिस्सा है। आगे कहा कि इसका मकसद नागरिकों को जागरूक करना है। इस दौरान दरगाह बाजार की सभी दुकानों को भी शाम 7 बजे बंद करा दिया गया।

## बहेड़ी में ब्लैक आउटः सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस की पहल

बुधवार रात 8 बजे बहेड़ी में ब्लैक आउट हो गया, जिसमें पूरे शहर की लाइटें बंद कर दी गईं। इस दौरान लोगों ने अपने वाहनों की लाइटें भी बंद कर दीं और पुलिसकर्मी नगर के चौराहों पर मौजूद रहे।

कोतवाल संजय तोमर ने बताया कि यह ब्लैक आउट सुरक्षा के मद्देनजर उठाया गया कदम है। उन्होंने नगर में स्थिति का जायजा लिया, और पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

ब्लैक आउट 10 मिनट तक रहा, जिसमें पूरा शहर थम गया और चारों ओर घनघोर अंधेरा छा गया। पुलिस की इस पहल से आम जनता में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ सकती है।

# बिलाल को बरेली पुलिस ने तमंचे समेत दबोचा



■ पुराना हिस्ट्रीशीटर निकला आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** किला थाना पुलिस ने मंगलवार को एक शातिर बदमाश को धर दबोचा। मुखबिर की सूचना पर हुई कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद किया। गिरफ्तार आरोपी कोई नया नाम नहीं, बल्कि आपराधिक रिकॉर्ड से लबरेज पुराना खिलाड़ी निकला।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत यह गिरफ्तारी की गई। पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय की निगरानी में थाना किला प्रभारी निरीक्षक के निर्देशन पर चौकी सराय प्रभारी उपनिरीक्षक जुगमेन्द्र बालियान ने टीम संग दबिश दी।

पकड़े गए आरोपी की पहचान बिलाल पुत्र मौ० राजा निवासी गुलाबनगर, घोसी वाली मस्जिद, थाना किला बरेली के रूप में हुई। आरोपी को पुलिस ने दोली रघुवर दयाल जाने वाले रास्ते से 315 बोर का एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस के साथ रंगे हाथों दबोचा। उसके खिलाफ थाना किला में 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

बिलाल का आपराधिक इतिहास पुलिस फाइलों में भरा पड़ा है। उसपर पहले से लूट, धोखाधड़ी, जालसाजी, आर्म्स एक्ट और जुए से जुड़े आधा दर्जन से ज्यादा केस दर्ज हैं।

जिसमें लूट व धोखाधड़ी (प्रेमनगर), जुआ अधिनियम (किला), चोरी व जालसाजी (किला), मारपीट व धमकी (बारादरी) अवैध हथियार (प्रेमनगर) में केस दर्ज है।

# डीएम के आदेशों पर भी नहीं खुले नगर पालिका के बड़े बाबू की अलमारी के ताले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** तू डाल डाल मैं पात पात यह कहावत आजकल नगर पालिका परिषद की चेयरमैन और अभी तक वरिष्ठ लिपिक रहे सुरेश पाल द्वारा इक दूसरे के खिलाफ की जा रही कार्यवाहियों से सही साबित हो रही है। परिषद के कुछ सभासदों द्वारा की गई शिकायत पर नगर पालिका परिषद अध्यक्षा प्रेमलता राठौर ने 17 अप्रैल को बड़े बाबू सुरेश पाल को उनके पद से हटाकर बैकलॉग सफाई कर्मी धीरेन्द्र कुमार (डी के) को वरिष्ठ लिपिक का पदभार सौंपे जाने के आदेश दिए थे, इन आदेशों के खिलाफ बड़े बाबू सुरेश पाल ने उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी, जिसपर हाईकोर्ट ने गुजरी 30 अप्रैल को सुनवाई करते हुए परिषद के अधिशासी अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से रिकॉर्ड के साथ 14 मई को तलब किया है। खास बात यह है कि जहां बड़े बाबू उच्च न्यायालय चले गए हैं, वहीं वह मेडिकल पर चले गए हैं और उन्होंने अभी तक वरिष्ठ लिपिक का चार्ज बनाए गए नए बड़े बाबू को चार्ज नहीं सौंपा है।

सुरेश पाल द्वारा चार्ज नहीं सौंपे जाने को लेकर परिषद प्रशासन ने जिलाधिकारी को इस मामले की शिकायत कर सुरेश पाल से चार्ज दिलाए जाने की मांग की, जिसपर जिलाधिकारी ने एक मई से तीन सदस्यीय समिति का गठन करते हुए बड़े बाबू की अलमारी के ताले खोलकर परिषद के ईओ को चार्ज दिलाए जाने के आदेश दिए हैं।

तहसीलदार, ईओ नगर पालिका फरीदपुर के साथ ही खण्ड शिक्षा अधिकारी को टीम में शामिल किया गया है। एक सप्ताह गुजर जाने के बाद भी यह तीन सदस्यीय टीम बड़े बाबू की अलमारी के ताले नहीं खुल सके हैं, जिस कारण उनका चार्ज नए वरिष्ठ लिपिक डी के को नहीं मिल सका है।

दूसरी ओर तहसीलदार के नेतृत्व में गठित की गई इस टीम कि जानकारी लगते ही सुरेश पाल ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन को मंगलवार को उच्च न्यायालय द्वारा पारित किए गए आदेश की प्रति देकर इसका पालन कराए जाने कि मांग की है। इस बारे में टीम के वरिष्ठ सदस्य, तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सुरेश पाल उच्च न्यायालय गए हैं, जहां से आदेश पारित हुआ है, वह इस बारे में डीजीसी से राय ले रहे हैं, उसके बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )

पत्रांकः- 200 /न०पा०प०ब०/2025-26 दिनांकः- 06.05.2025

**जैम बिड सूचना**

नगर पालिका परिषद बहेड़ी द्वारा 15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत 300 नग 80 ली. क्षमता डस्टबीन की आपूर्ति कार्य हेतु जैम बिड-जैम/2025/बी/6177053 दिनांक-28.04.2025 आमंत्रित की गयी हैं। उक्त कार्य हेतु पंजीकृत फर्म/ठेकेदार जो अर्हता पूर्ण करते हों बिड में प्रतिभाग कर सकते हैं। बिड से संबंधित समस्त विवरण जैम पोर्टल पर देखा जा सकता है।

| ( अहमद हसन ) | ( शशि प्रभा चौधरी ) | ( रश्मि जायसवाल ) |
|---|---|---|
| सफाई निरीक्षक | अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
| नगर पालिका परिषद | नगर पालिका परिषद | नगर पालिका परिषद |
| बहेड़ी ( बरेली ) | बहेड़ी बरेली | बहेड़ी ( बरेली ) |

पढ़ते रहिए दैनिक शाह टाइम्स

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com


# फर्जी जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्रा बनाने के रैकेट का पर्दाफाश

■ एसटीएफ ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** एसटीएफ की अयोध्या यूनिट ने बरेली एसटीएफ के साथ बदायूं रोड स्थित देवचरा के दिलजीत इंटरनेट कैफे पर छापा मारा। टीम ने यहां से खेड़ा गांव निवासी देव कुमार और रवि कुमार नाम के दो सगे भाईयों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से 26 फर्जी जन्म प्रमाण पत्र और पांच मृत्यु प्रमाण पत्र मिले। टीम ने उनके दो लैपटॉप, प्रिंटर और आदि सामान जब्त कर लिया। टीम इन दोनों को भमोरा थाने ले आई। यहां दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है। एसटीएफ को सूचना मिली थी कि दोनों भाई काफी समय से फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने का धंधा कर रहे हैं। इसके जरिए यह लोगों से मनमानी रकम वसूलकर उन्हें उनकी मनचाही तारीख का प्रमाण पत्र थमा देते हैं। भमोरा थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है।



# मॉक ड्रिल के माध्यम से युद्ध जैसी स्थिति को लेकर जनमानस को किया जागरूक

## उमंग डेयरीज में पुलिस प्रशासन ने श्रमिकों को समझाया, नगर पालिका कार्यालय पर भी हुआ कार्यक्रम, पुलिस ने भी कराई मुनादी

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिगत आम जनमानस को बचाव एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरुक करने हेतु मॉकड्रिल के माध्यम से अभियान चलाया गया। नगर के हसनपुर रोड स्थित उमंग डेयरीज लिमिटेड में मंडी धनौरा के सीओ श्वेताभ भास्कर ने श्रमिकों को, जबकि चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा देवी, ईओ ललित कुमार आर्य ने पालिका में सभासदों के साथ, प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने गली-मोहल्लों में लोगों को एकत्र कर आपातकालीन स्थिति का सामना करने के लिए मॉक ड्रिल के जरिए सुरक्षित रहने के संबंध में

**■ किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने की अपील**

जानकारी दी। सीओ ने फायर ब्रिगेड के अधिकारियों के युद्ध जैसी स्थिति में किए जाने वाले बचाव के बारे में बताया। कहा कि युद्ध जैसी स्थिति में हमें सरकार द्वारा जारी की जाने वाली गाइड लाइन पर ही चलना है, साथ ही सोशल मीडिया या अन्य किसी माध्यम से प्रसारित होनी वाली अफवाहों से भी बचना है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने भी मोक ड्रिल के दौरान अग्निशमन सहित अन्य महत्तवपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी। उमगं डेयरीज लिमिटेड में



हसनपुर एसडीएम, गजरौला प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान, एसएसआई ब्रजेश सिंह, चौपला चौकी इंचार्ज प्रवीन कुमार, कस्बा चौकी इंचार्ज अतवीर सिंह, महिला थाना इंचार्ज निधि तोमर के साथ पुलिसकर्मी, फायरमैन, चिकित्सीय टीम व यातायात पुलिस मौजूद रही।




वहीं नगर पालिका परिषद के सभागार में पालिकाध्यक्ष राजेंद्री उर्फ उमा देवी एवं अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य ने बैठक में युद्ध की स्थिति में हमलों से बचाव संबंधित उपायों के बारे में समझाया गया एवं युद्ध की आपातकालीन स्थिति में जरूरी सामानों को एकत्रित कर के रखने की सलाह दी। इस अवसर पर लेखाकार आदेश कुमार अग्रवाल, लिपिक ललित कुमार, इरशाद खान, प्रमोद कुमार, संजीव कुमार, जितेन्द्र सिंह, बीपी सिंह, लखपत सिंह, सभासद अरकानआलम, नफीस अहमद, सौरभ वर्मा, कपिल रावत, अमित चौधरी, सुभाष सैनी व भाजपा मंडलाध्यक्ष सुनील गुप्ता आदि मौजूद रहे। इस दौरान सभी से रात आठ बजे से सवा आठ बजे तक पंद्रह मिनट के लिए ब्लैक आउट को सफल बनाने की भी अपील की गई।

**कंपोजिट विद्यालय में भी एनसीसी छात्रों ने कराया मॉकड्रिल का अभ्यास** नगर के बस्ती स्थित कंपोजिट विद्यालय में बुधवार को ज्ञान भारती इण्टर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने मॉकड्रिल का अभ्यास कराया। एमएमसी गोष्ठी में भी ब्लैक आउट के विषय में जानकारी प्रदान करते हुए मॉकड्रिल का अभ्यास कराया गया। बताया कि किस प्रकार सायरन बजने के बाद सरकार की गाइडलाइन का अमल करना है और स्वयं को सुरक्षित करना है। इस मौके पर प्र.अ. रेखा रानी, अनीता पाल, नूतन शर्मा, मीना, विभूति त्रिवेदी, दीपक कुमारी, नीतिका संगल, दीपिका रानी, शशिबाला, आकांक्षा मिश्रा, उमा देवी उपस्थित रहे।

## भारतीय सेना के कार्य को सराहा



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो ने पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते कहा कि भारतीय सेना ने बीती रात पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के नौ ठिकानों को ध्वस्त कर मुंहतोड़ जवाब दिया है। इससे हमारा देश गौरावन्वित महसूस कर रहा है। पूरी दुनिया ने देखा कि हमारी सेना ताकतवर है। इसके लिए देश के दुश्मनों से निपटने में सक्षम है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा करते कहा कि देश के वीर जवान इसके लिए बधाई के पात्र हैं।

## छात्राओं को मार्कड्रिल के बारे में बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता सैदनगली।** सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर इंटर कालेज में मार्कड्रिल व ब्लैकआउट कार्यक्रम आयोजित किया। क्षेत्राधिकारी हसनपुर दीप कुमार पंत ने केन्द्र सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार छात्र छात्राओं को युद्धकाल, आकस्मिक घटनाओं, आपदा इत्यादि के समय होने वाली जनहानि को रोकने व सुरक्षा की दृष्टि के लिए की जाने वाली सुरक्षा उपायों के विषय में जानकारी दी। इस मौके पर प्रधानाचार्य दिवाकर पाण्डेय, थानाध्यक्ष दिनेश शर्मा व संजीव आदि मौजूद रहे।

# मिनी स्टेडियम में मार्क ड्रिल की रिहर्सल

### छात्र-छात्राओं को दी जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** राजकीय इंटर कालेज एवं मिनी स्टेडियम में सिविल मार्क ड्रिल का आयोजन किया गया। जहां एएसपी राजीव कुमार व एडीएम ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने छात्र छात्राओं को बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

डीएम श्रीमति निधि गुप्ता वत्स ने आरजू सिटी होम्स व ग्रीन काला. ेनी तथा अमरोहा-जोया रोड को पूरी तरह ब्लैकआउट करने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने जिला युवा कल्याण अधिकारी व जिला होमगार्ड कमाडंडेंट को सभी पीआरडी व होमगार्ड् को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के निर्देश दिये। सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र ने डीपीआरओ को सभी ग्राम पंचायतों में आपातकालीन परिस्थियितों में सूचना प्रसारित करने व पीए सिस्टम लगवाने के निर्देश दिये।



अमरोहा। जीआईसी में मार्क ड्रिल का प्रदर्शन करते छात्र।

## दो भाईयों को पीटकर किया घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** शादी समारोह में शामिल होकर घर लौट रहे सगे भाईयों को मारपीट कर घायल कर दिया। मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव गुलड़िया में इसूफ अली का परिवार रहता है। उनका आरोप है कि चार मई को गांव के रहने वाले जाहिद की बेटी की बारात आई थी। उनका भाई यूनुस और शाकिर शादी में खाना खाकर लौट रहे थे। उसी दौरान गांव के रहने वाले कय्यूम, नईम, फहीम और आसिफ ने उन्हें घेरकर मारपीट की, दोनों गंभीर घायल हो गए। मामले में पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# भारतीय सेना के पराक्रम पर सपा ने जताया हर्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो, अमरोहा।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक में दुनिया की सबसे बहादुर व पराक्रमी भारतीय सेना के शौर्य ओर पराक्रम पर सभी समा. जवादियों ने गर्व महसूस किया। साथ ही जय हिन्द जय जवान के

**■ जिला कार्यालय पर हुई मासिक बैठक**

नारे भी लगाए। इसी के साथ ही समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की लम्बे समय से मांगी जाने वाली मांग जातिगत जनगणना कराने की मांग का केन्द्र सरकार के समर्थन का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। जिलाध्यक्ष




मस्तराम सिंह यादव ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी के शासन से भारतीय समाज का प्रत्येक गरीब एवं पिछड़ा परेशान है। अल्पसंख्यकों,पिछड़ों एवं गरीबों पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं। उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। चौनल व अखबारों में रामराज दिखाई दे रहा है। ग्रासरूट लेवल पर कहीं भी विकास दिखाई नही दे रहा है। बैठक में प्रदेश सचिव ब्रह्मसिंह पवार, पूर्व मंत्री जगराम सिंह, जिला महासचिव चन्द्रपाल सैनी वरिष्ट सपा नेता महमूद अली उर्फ भूरे ने भी समाजवादी पार्टी की सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। इस मौके पर सन्तराम यादव, मुमताज खां, विपिन कौशिक, महेश यादव, नवाजिश अली, लवलीन चौधरी, चंद्रसेन चौधरी, जिताम्बर सिंह यादव, खलील अहमद ,प्रशांत पवार, रईस अहमद, परम सिंह यादव , मिंटू सिंह जाटव, अब्दुल बहाव सैफी ,मिंकु चौधरी, मुमताज खां,जुबेर अली खान, धर्मपाल सिंह, कृपाल यादव, प्रतीक धारीवाल, इश्तियाक मलिक आदि मौजूद रहे।

# भाकियू संयुक्त मोर्चा ने किया हवन यज्ञ

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने

**■ ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा करते हुए सैनिकों पर जताया गर्व**

आतंकवादी ठिकानों पर भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि आतंक के खात्मे के लिए किसान का बच्चा-बच्चा देश के नेतृत्व और सेना के साथ खड़ा है। बता दें कि पहलगाम में आंतकियो ने देश के निर्दोष 27 लोगों की हत्या कर दी थी। बीती रात भारतीय सेना द्वारा



आपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकी अड्डे ध्वस्त करने की लक्षित कार्रवाई के बाद बुधवार को भाकियू संयुक्त मोर्चा अलग-अलग जनपदों में किसानों द्वारा हवन-यज्ञ आदि देश की सीमा व सेना के जवानों की कुशलता की प्रार्थना की गईं। इस अवसर पर भाकियू संयुक्त मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा है कि देश चाहता है कि आतंक के ढांचे को पूरी तरह नष्ट कर आतंक का सफाया कर देना चाहिए। हमें अपने वीर जवानों और भारतीय सेना पर गर्व है। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजयवीर सिंह, मुख्य सचिव अरुण सिद्धू, महिला मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष रीता चौधरी, डॉ.गौतम, राहुल सिद्धू, कलीम अजहर, पवन गोयल, नितिन चौधरी, पाटिल चौधरी आदि मौजूद रहे।

# नगरवासियों से मॉक ड्रिल में भाग लेने की अपील



## पालिका में व्यापारी व सभासदों की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** बुधवार को नगर पालिका सभागार में आयोजित बैठक में भारत पाक के बीच तनाव के देखते हुए मॉकड्रिल को लेकर नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने नगरवा. सियों से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा रात्रि आठ बजे मॉकड्रिल के उद्देश्य से सायरन बजाया जाएगा। नागरिकों, विशेषकर युवाओं से कहा इस अभ्यास में सक्रिय रूप से भाग लेकर आपदा प्रबंधन और नागरिक सुरक्षा की दिशा में एक मजबूत योगदान दें। यह मॉक-ड्रिल भारत सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार आयोजित की जा रही है जिसका उद्देश्य आपदा प्रबंधन की तैयारियों, नागरिक सुरक्षा तंत्र की प्रभावशीलता, और विभिन्न सरकारी एजेंसियों के बीच आपसी समन्वय का परीक्षण करना है। ईओ अवधेश कुमार वर्मा ने कहा मॉकड्रिल के दौरान परिवार के सभी लोग एक साथ बंकर, बेसमेंट या भवन के सबसे मजबूत हिस्से में मौजूद रहेंगे एवं अपने साथ पर्याप्त मात्रा में आवश्यक सामग्री यथा पेयजल, फर्स्ट-एड-किट, खाद्य सामग्री व अन्य आवश्यक वस्तुएं साथ में रखेंगे। यह अभ्यास आपकी सुरक्षा के लिए है, इस दौरान आप घबराएं नहीं, इसे गम्भीरता से लें और सहयोग करें। कस्बा चौकी प्रभारी अनुज मलिक ने बताया कि इस मॉक-ड्रिल में एयर रेड वार्निंग सिस्टम, ब्लैकआउट की व्यवस्था, आपातकालीन निकासी योजनाओं की कार्यप्रणाली, और सामूहिक बचाव एवं राहत उपायों का व्यावहारिक परीक्षण किया जाएगा। इसके साथ ही आम नागरिकों को इस बात का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा कि संभावित आक्रमण या आपदा की स्थिति में वे स्वयं और अपने आस-पास के लोगों की रक्षा कैसे कर सकते हैं। इस दौरान कस्बा चौकी प्रभारी अनुज मलिक, व्यापारी सुरक्षा फोरम नगरध्यक्ष अजय गोयल, गौरव रस्तोगी, आलम शेख, अरुण दीक्षित, मयंक गर्ग, राजू बादशाह, अशोक घरोटिया, भोले आदि सभासद व व्यापारी मौजूद रहे।

# मॉक ड्रिल कर छात्राओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज में मार्क ड्रिल किया गया। छात्र छात्राओं को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया गया।

बुधवार को कॉलेज में सीओ दीप कुमार पंत ने छात्र छात्राओं को आपदीय स्थिति में सतर्कता और संयम बनाए रखने का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने फास्ट सेफ्टी के बारे में भी जानकारी दी। भगदड़ से बचाव के तरीके बताते हुए बचाव दल से सहयोग करने के तरीके भी समझाये। बाईपास मार्ग स्थित एक बैंकट हॉल के सभागार में नगर पालि.



का प्रशासन द्वारा सफाई कर्मचारी एवं स्टाफ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को युद्ध के समय में क्या-क्या सावधानी बरतनी चाहिए उसके विषय में जानकारी देना था। पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस समय भारत एवं पाकिस्तान की सीमा पर तनाव है युद्ध की स्थिति बन रही है। शासन के निर्देश पर मॉक ड्रिल के दौरान भविष्य में होने वाले खतरों से भी लोगों को आगाह किया जा रहा है। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह, सभासद मुन्ना चौहान,शाहनवाज अंसारी, राजपाल सैनी,मोहसिन खान, शराफत, जावेद जरताब नौशाद, पप्पू, अलीम. ुद्दीन, कौशल कुमार, मोहम्मद अहमद, अरशद, शारिक शाहिद काफी संख्या में पालिका का स्टाफ मौजूद रहा

## सेना के अद्भुत साहस को सराहा



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** पहलगाम में निहत्थे सैलानियों पर गोलियां बरसाकर 28 पर्यटकों की नृशंसा हत्या की कड़े शब्दों में निंदा करते आज भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों के नौ अड्डों को तबाह किया। भारतीयों के लिए इससे बड़ी कोई और खुशी नहीं हो सकती। तमाम भाजपाई जोया रोड स्थित ज्योतिबाफूले चौक पर एकत्र हुए तथा भारत माता के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर राम सिंह सैनी, सुधांशू विश्नोई, अपूर्वपाल, शिवम सैनी, रमेश कलाल आदि मौजूद रहे।

# यात्री कर अधिकारी ने की प्राईवेट बस सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** डीएम के निर्देश पर यात्री करअधिकारी सुधीर सिंह ने एक प्राईवेट बस को सीज किया गया। ऐसी बसें जो अनाधिकृत रूप से कामर्शियल माल लादकर औरओवरलोडिंग

**■ यात्रियों के साथ साथ माल की भी थी ओवरलोडिंग**

करके जा रहीं हैं, उनकी धरपकड़ के लिये संयुक्त टीमें गठित की गई हैं, जिसमें परिवहन विभाग के साथ ही सेल्सटैक्स के अधिकारी भी शामिल हैं। बुधवार की सुबह नगर के इंदिरा चौक पर डीएम के निर्देश पर यात्री कर अधिकारी सुधीर सिंह ने एक बस को रोका, जिसमें 70 सवारियां थीं, जो नियम विरूद्ध क्षमता से अधिक




थीं तो वहीं बस में अनाधिकृत रूप से कामर्शियल माल भी लादकर ले जाया जा रहा था। जिसका कोई वैध प्रपत्र भी नहीं था। इस कारण इस बस को सीज किया गया। सुधीर सिंह ने बताया कि डीएम के निर्देश पर ऐसी बसों की धरपकड़ के लिये संयुक्त टीमों का गठन किया गया है। जो अब लगातार चैकिंग करेंगी और ऐसी बसों पर सीज की कार्रवाई करेंगी जो कि क्षमता से अधिक यात्रियों को भरकर, साथ ही बिना वैध बिलों/प्रपत्रों के कामर्शियल माल को लादकर जाती हैं। वहीं यात्री कर अधिकारी द्वारा की गई इस कार्रवाई से प्राईवेट बस चालकों में हड़कंप मचा रहा।

## पशु बाजार में व्यापारी के साथ मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** गजरौला कुमराला के पशु बाजार में पशु बेचने आए व्यापारी के साथ मारपीट की घटना प्रकाश में आई है। घटना को अंजाम देकर आरोपी भागने में सफल रहे। जानकारी के अनुसार हापुड़ निवासी अरविंद कुमार नगर के कुमराला में लगने वाले पशु बाजार में अपना पशु बेचने आए थे, किसी बात को लेकर पशु बाजार के अंदर उसकी कहा. सुनी हो गई, उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। काफी देर तक यहां पर हंगामे की स्थिति बन रही। गजरौला प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया है कि अभी तक किसी ने कोई तहरीर नहीं दिए हैं। तहरीर मिलने पर जांच पड़ताल कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर पत्नी को निकाला

### पति समेत सात ससुरालियों पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** दहेज की मांग पूरी नहीं कराने पर विवाहिता को घर से निकाल दिया। पीड़िता ने मामले में पति समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव हाफिजपुर निवासी गुल हसन ने अपनी बेटी सबीना की शादी करीब आठ साल पहले संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र के गांव मनौटा के रहने वाले समीर के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ससुराल में सबीना दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। करीब आठ महीने पहले ससुराल वालों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। कई बार दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के लिए पंचायत बैठी लेकिन कोई हल नहीं निकल सका। विवाहिता का आरोप है कि पति तीन तलाक देकर दूसरी शादी करने की धमकी दे रहा है। 24 अप्रैल की दोपहर दो बजे सबीना अपनी भाभी के साथ एक धार्मिक स्थल पर गई थी। आरोप है कि वहां पति, सास और देवर मिल गए। तीनों ने गाली-गलौज करते हुए दहेज की मांग दोहराई। दुपट्टे से गला दबाकर मारने का प्रयास किया। बेटे की छीनकर ले जाने लगे। शोर मचाने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घिरने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़िता ने मामले की शिकायत एसपी से की थी। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने मामले में पति समीर, सास राफिया और देवर नसीम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# सिंचाई विभाग एवं पंचायती राज विभाग के अन्तर्गत कराए जा रहे कार्यों की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई

## डीएम ने दिए पेयजल परियोजना की पाइप लाइन बिछाने के दौरान ब्लॉक वाराणसी रोड रेस्टोरेशन के कार्यों का सत्यापन कराने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन(ग्रामीण) के अन्तर्गत पेयजल परियोजनाओं सहित सिंचाई विभाग एवं पंचायती राज विभाग के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता जल निगम ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि पूर्व में 53 परियोजनायें निर्मित थी, जिनके अनुरक्षण एवं सरंक्षण हेतु इस वित्तीय वर्ष में धनराशि आवंटित हो चुकी है। तत्काल अनुरक्षण संबंधी कार्य कराये जायेंगे। इसके अतिरिक्त यह भी अवगत कराया कि ग्रामीण क्षेत्र हेतु जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 564 पेयजल परियोजनायें स्वीकृत की गयी हैं, जिनमें से 150 परियोजनायें पूर्ण रूप से क्रियाशील हैं और निर्बाध रूप से जलापूर्ति घरों में करायी जा रही है। अन्य शेष परियोजनाओं में कार्य प्रगति पर है।



उन्होंने बताया कि क्रियाशील परियोजनाओं पर कनेक्शन, आपरेटर की नियुक्ति, उपभोक्ता पंजिका आदि की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है और साथ ही जल कर आदि वसूलने की भी नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। जिलाधिकारी ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पेयजल परियोजना की पाइप लाइन बिछाने के दौरान ब्लॉक वाराणसी रोड रेस्टोरेशन के कार्यों का सत्यापन कराना सुनिश्चित करें और यदि कहीं पर पाइप लाइन बिछाने के उपरान्त मरम्मत आदि के कार्य नहीं कराये गये हैं, तो इसकी सूची तत्काल उपलब्ध करायें।

उन्होंने कहा कि जितनी भी परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, उन सभी परियोजनाओं का जिला स्तरीय अधिकारियों से सत्यापन कराया जाए, साथ ही सत्यापन के दौरान यह भी सुनिश्चित करें कि गांव के प्रत्येक घर को सुचारू रूप से पानी की सुविधा मिले।

सिंचाई विभाग की बैठक में अधिशासी अभियन्ता सिंचाई नवीन कुमार ने बताया कि जनपद में 138 किलोमीटर की लंबाई में 09 नालों की सफाई एवं 17 संवदेनशील स्थलों पर बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य कराए जाने हैं।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई को बाढ़ की सुरक्षा हेतु बाढ़ निरोधात्मक कार्यों को तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि पूर्व में सिंचाई विभाग द्वारा आवंटित किये गये पट्टों का सत्यापन कराकर उन्हें अभियान चलाकर नियमानुसार कब्जा मुक्त कराया जाये।

उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि 15 वें वित्त आयोग के अन्तर्गत धनराशि का समय से उपभोग कराया जाये। यदि किसी ग्राम पंचायत में सचिव एवं ग्राम प्रधान के स्तर पर धनराशि का उपभोग किये जाने में शिथिलता व लापरवाही बरती जाये तो इसका तत्काल संज्ञान लेते आवश्यक कार्यवाही करें।

इस दौरान जिलाधिकारी ने फैमिली आईडी में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खण्ड विकास अधिकारियों व सचिवों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। बैठक में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सत्य प्रकाश, जिला पंचायतराज अधिकारी जाहिद हुसैन, अधिशासी अभियंता जल निगम मोहित कुमार, अधिशासी अभियंता, सिंचाई नवीन कुमार सिंह सहित समस्त खण्ड विकास अधिकारी मौजूद रहे।

# किसानों के गन्ने का बकाया भुगतान जल्द से जल्द करें गन्ना मिल: वीरेश शर्मा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** भारतीय किसान संघ जनपद रामपुर के शाहाबाद ब्लॉक में ग्राम नबीगंज मे किसानो की बैठक हितेश कुमार दिवाकर की बैठक पर की गई। बैठक का संचालन जिला सहमंत्री अरविंद कुमार ने किया स बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष शाहाबाद कुलदीप गुप्ता ने की बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष वीरेश शर्मा ने सभी किसानों से कहा सभी कार्यकर्ता किसानो को संगठन के विषय मे बताये संगठन को मजबूती प्रदान कराए। शर्मा ने कहा राणा सुगर मिल करीमगंज शाहाबाद पर गन्ना किसानो का 30 करोड़ रुपए बकाया है। जबकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी महाराज का कहना है कि पूरे प्रदेश के किसी भी मिल पर किसानो का पैसा बकाया पाया गया तो उससे किसान क्षेत्र कम कर दिया जाएगा जो मिल सही समय पर किसानों का भुगतान करेगी उसको गन्ना किसान क्षेत्र दे दिया जाएगा।

यदि राणा शुगर मिल ने जल्द से जल्द किसानों का भुगतान नहीं किया तो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से भारतीय किसान संघ एक पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से भेजने को मजबूर होगा। भारतीय किसान संघ किसानों के हित में लड़ते आ रहा है और लड़ते रहेगा। जिला अध्यक्ष ने कहा जल जीवन मिशन योजना की जो योजना है वह केवल जनपद रामपुर में कागजों में चल रही है इससे संबंधित जितने भी अधिकारी हैं इस ओर ध्यान दें जल्द से जल्द इस योजना का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाएं अन्यथा की स्थिति में भारतीय किसान संघ आपका पुतला फूंकने को मजबूर रहेगा। किसानों के संबंध में बहुत चर्चाएं की कुलदीप ठाकुर के द्वारा भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष वीरेश शर्मा को एवं कुलदीप गुप्ता को बाबा श्याम का स्मृति चंद्र देकर उत्साह वर्धन किया और सभी किसानों ने कहा हम भारतीय किसान संघ के साथ हैं रहेंगे। बैठक करने वालों में जिला कोषाध्यक्ष रामवीर, हितेश कुमार, ठाकुर कुलदीप, आशीष चंद्र, मिंटू तिवारी, कुलदीप सिंह, मनीष, अनु श्रीवास्तव सैकड़ो कार्यकर्ता सम्मिलित रहे।

# जिला कृषि अधिकारी ने किया बीज विक्रय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने जनपद रामपुर के विभिन्न बीज विक्रय प्रतिष्ठांनों का निरीक्षण किया। मै. श्याम एग्रो सीड्स, विलासपुर मै. कुमार सेल्स, मै. के. एस. ट्रेडर्स, मै. चौहान एग्री केम, मै. सी.पी. गुप्ता एण्ड सन्स एवं मै. जैन सीड्स स्टोर बिलासपुर का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के समय बीज के दो धान बीज एवं दो ज्वार बीज के नमूने ग्रहीत किये गये। उन्होंने बताया कि ग्रहीत नमूनों को राज्य स्तरीय प्रयोगशाल में परीक्षण हेतु भेजा जा रहा है, साथ ही नए कुमार, सेल्स जैन सीड्स स्टोर बिलासपुर के ब्रिकी पंजिका एवं स्टॉक पंजिका अध्यावधिक नहीं पाये गये। जिसके क्रम में जिला कृषि अधिकारी द्वारा कारण बतायों नोटिस निर्गत किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त राजकीय कृषि बीज भण्डार बिलासपुर में डैचा बीज वितरण के संबंध में प्राप्त हो रही शिकायतों के संबंध में निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान राजकीय कृषि बीज भण्डार बिलासपुर को कुल 40 कुन्तल ढैचा बीज प्राप्त हुआ, जिसमें से 20 कुन्तल उँचा बीज क्लस्टर प्रदर्शन में एवं 20 कुन्तल ढेंचा बीज सामान्य प्रर्दशन में प्राप्त हुआ था, जिसमें 20 कुन्तल क्लस्टर प्रर्दशन में आवंटित कैंचा बीज इस वर्ष चयनित ग्राम वेदपुर, खण्डिया एवं पिपलिय मिश्र के कृषकों ने वितरित किया गया एवं 20 कुन्तल सामान्य में आवंटित कैंचा बीज को विभिन्न कृषकों में पीओएस मशीन के माध्यम से वित. रित किया गया। निरीक्षण के उपरान्त संज्ञान में आया कि राजकीय कृषि बीज भण्डार बिलासपुर में ढेंचा बीज वितरण के संबंध में प्राप्त हो रही शिकायतें निराधार एवं अकथनीय है।

# आधा दर्जन लोगों के खिलाफ विद्युत चोरी की रिपोर्ट दर्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** विद्युत विभाग के अधिकारियों ने विशेष अभियान चलाकर आधा दर्जन से अधिक लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा और उनके खिलाफ मुक. दमा दर्ज कराया। विद्युत उपखंड अधिकारी कृष्ण मोहन और अवर अभियंता राम भवन चौहान के नेतृत्व में बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पिपला शिव नगर बिजली घर के क्षेत्र में बिजली चेकिंग का विशेष अभियान चलाकर आधा दर्जन लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा पकड़े गए। सभी के खिलाफ विद्युत की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# मनमाने ढ़ंग से फीस बढ़ाने वाले विद्यालयों के विरुद्ध होगी कार्रवाई: डीएम

**( इमरान हुसैन )**
**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह की अध्यक्षता में वित्त पोषित शुल्क नियामक अधिनियम के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि निजी विद्यालयों द्वारा अभिभावकों को चिन्हित दुकानदारों से पाठ्य पुस्तक, ड्रेस व अन्य सामग्री क्रय करने हेतु बाध्य किए जाने व समिति की अनुमति के बगैर फीस बढ़ोतरी एवं स्कूल ड्रेस व जूते मोजे में परिवर्तन किए जाने के सम्बन्ध में यदि कोई भी शिकायत प्राप्त होती है तो उन विद्यालयों पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन फीस बढ़ाने या ड्रेस परिवर्तित करने से पूर्व शुल्क नियामक समिति से अनिवार्य रूप से अनुमति प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालय प्रबंधक इस बात को गंभीरता से लें और गाइडलाइन का पालन करें।



जिलाधिकारी ने शिक्षा के अधिकार के तहत जिन बच्चों का पंजीकरण होना है उनकी सूची विद्यालयों से प्राप्त कर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को जांच कर पात्रता का सत्यापन कराने के निर्देश दिए, जिससे समयान्तर्गत उनका पंजीकरण हो सके।

**■ बिना मान्यता के अवैध रूप से संचालित विद्यालय होंगे बंद**

जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित विद्यालयों की अभियान चलाकर आकस्मिक जांच करने तथा जांचोपरान्त बिना मान्यता के अवैध रूप से संचालित विद्यालयों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करते हुए उन्हें तत्काल बंद कराने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली, वरिष्ठ कोषाधिकारी रंजीत सिंह, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कल्पना देवी व समस्त खंड शिक्षाधिकारी सहित जनपद में सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड से सम्बद्ध विद्यालयों के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

# भगवान श्री कृष्णा और राधा की मूर्ति की स्थापना से पूर्व महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** भगवान श्री कृष्णा और राधा की मूर्ति की स्थापना से पूर्व महिलाओं ने कलश यात्रा निकालकर शिव मंदिर में जलाभिषेक किया। नगर के मोहल्ला चाउपुरा में शिव मंदिर में भगवान श्री कृष्णा और राधा की मूर्ति की स्थापना से पूर्व महिलाओं ने मसवासी कस्बे में कलश यात्रा निकाली। यह यात्रा नगर के शिव मंदिर से शुरू की गई और कई मोहल्लों में घूम कर वापस चाउपूरा शिव मंदिर पर पहुंच गई यहां पर मंदिर पर कलशो से जलाभिषेक किया गया और पूजा अर्चना की गई इस दौरान मंदिर पर सुंदरकांड का पाठ भी चल रहा है कलश यात्रा में वंदना शर्मा आंचल वर्मा मोना चंद्र सपना देवी सुमन कुमारी खुशबू देवी रेखा रानी लक्ष्मी देवी अनुज कुमारी सरला देवी रजनी देवी खुशबू देवी लक्ष्मी शांति आदि शामिल रही।



# चेयरमैन फैजान खान ने की नगर वासियों से ब्लैकआउट के दौरान सहयोग की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर पंचायत अध्यक्ष, फैजान खान ने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए सभी नगर वासियों से सरकार के आद. शानुसार रात 9:00 बजे होने वाले ब्लैकआउट के दौरान सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने सभी दुकानदारों से अनुरोध किया है कि वे अपनी दुकानें समय से बंद कर दें। इसके अतिरिक्त, सभी नगर वासियों से यह भी आग्रह किया गया है कि वे रात्रि 9:00 बजे के बाद सड़कों पर अनावश्यक रूप से न घूमें। नगर अध्यक्ष फैजान खान ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि ब्लैकआउट के दौरान किसी भी प्रकार की लाइट या रोशनी वाली चीज का इस्तेमाल बिल्कुल न किया जाए। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को रात 9:00 बजे के बाद घर के अंदर ही रखने का भी अनुरोध किया है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि यह ब्लैकआउट सरकार के महत्वपूर्ण दिशा निर्देशों का हिस्सा है और सभी नागरिकों का सहयोग इसमें अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नगर वासियों से शांति और व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है।


फैजान खान अध्यक्ष

# थाना अजीमनगर में लगाया गया नि:शुल्क आंखों का चेकअप कैम्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगर/रामपुर।** अजीमनगर थाने में बुधवार को निशुल्क आंखों का कैंप लगाया गया। इस दौरान करीब 200 लोगों को जांच के बाद दवाएं बांटी गई। थाना परिसर में लगे कैंप का शुभारंभ थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल ने फीता काटकर किया।

साईं हॉस्पिटल रुद्रपुर से आई डॉक्टर की टीम ने मरीजो का चेकअप किया। इस दौरान थाने में तैनात पुलिस कर्मियों की आंखों से संबंधित जांच भी की गई। जबकि आसपास से आए तमाम लोगों ने निशुल्क कैंप का लाभ उठाया। डॉक्टर ने मरीजों के मोतियाबिंद एवं नाखूना के ऑपरेशन की जानकारी दी।



इस मौके पर उप निरीक्षक विकास राजपूत, उप निरीक्षक बलराम सिंह, उपनिरीक्षक संतोष चौधरी, शिवा यादव, नफीस अहमद, विनय कुमार, सईमुद्दीन, राजपाल खड्गवंशी और परसोत्तम लोधी आदि मौजूद रहे।

# पुलिस उपमहानिरीक्षक ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शहीद –ए– आजम स्पोर्टस स्टेडियम बमनपुरी जनपद रामपुर मे चल रहे 42 वें अन्तर्जनपदीय पुलिस बैडमिन्टन / टेबल टेनिस ( महिला / पुरुष) प्रतियोगिता 2025 आज समाप्त हुई। प्रतियोगिता का समापन पुलिस उपमहानिरीक्षक, मुरादाबाद परिक्षेत्र मुरादाबाद मुनि राज के कर कमलो द्वारा किया गया। बताते चलें कि दिनांक 05.05. 2025 से शहीद ख्ए– आजम स्पोर्टस स्टेडियम बमनपुरी जनपद रामपुर में चल रहे 42 वें अन्तर्जनपदीय पुलिस बैडमिन्टन / टेबल टेनिस (महिला / पुरुष) प्रतियोगिता 2025 में आज दिनांक 07.05.2025 को खेले गये फानल्स, प्रतियोगिता का समापन पुलिस उपमहानिरीक्षक, मुरादाबाद परिक्षेत्र मुरादाबाद मुनि राज के कर कमलो द्वारा किया गया तथा विजेता रहे खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्तिपत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर , अपर पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर, समस्त क्षेत्राधिकारीगण मौजूद रहे। पुलिस उपमहानिरीक्षक, मुरादाबाद परिक्षेत्र मुरादाबाद द्वारा प्रतियोगिता के आयोजन में सहायक पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण को भी मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। उक्त प्रतियोगिता को रेडिको खेतान, रामपुर द्वारा प्रायोजित किया गया था।



**प्रतियोगिता में विजेता रही टीमों एवं खिलाडियों का विवरण निम्न है**

- पुरुष बैडमिन्टन में जनपद रामपुर एवं महिला बैडमिन्टन में जनपद रामपुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये टीम चैम्पियनशिप पर कब्जा किया।
- पुरुष टेबिल टेनिस में जनपद मुरादाबाद एवं महिला टेबल टेनिस ने जनपद मुरादाबाद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये टीम चौम्पियनशीप पर कब्जा किया।
- पुरुष बैडमिन्टन टीम चौम्पियनशीप में फाईनल मैच रामपुर व बरेली के मध्य खेला गया जिसमे रामपुर की टीम ने जनपद बरेली की टीम को हराकर चल वैजन्ती प्राप्त की।
- पुरुष बैडमिन्टन व्यक्तिगत में सन्दीप जनपद रामपुर व प्रदीप कुमार जनपद पीलीभीत के मध्य खेला गया जिसमें रामपुर ने पीलीभीत को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया ।
- पुरुष बैडमिन्टन में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब आरक्षी सन्दीप कुमार जनपद रामपुर व म.उ.नि. मधु कश्यप जनपद मुरादाबाद ने हासिल किया।
- पुरुष टी.टी. टीम चौम्पियनशीप में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब मुख्य आरक्षी सुनील यादव जनपद मुरादाबाद व म.का. कोमल जनपद बरेली ने हासिल किया।

# सभासदों ने नगर पंचायत अध्यक्ष पर लगाया विकास कार्यों में उपेक्षा बरतने का आरोप

**( मो. फारूख अंसारी )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** नगर पंचायत के कई बार्ड सभासदों ने पंचायत अध्यक्ष पर विकास कार्यों में मनमानी बरतने का आरोप लगाया है और इस मामले की शिकायत जिला अधिकारी से की है। नगर पंचायत के सभासदों ने जिलाधिकारी को पत्र भेज कर शिकायत की है कि पंचायत अध्यक्ष अपनी मनमानी कर रहे हैं और कुछ वार्डो में विकास कार्य शून्य है कोई तवज्जो नहीं दी जा रही है जिससे वह परेशान है और बोर्ड की बैठक में भी उन्हें अपमानित करने की को. शिश की जाती है। और बोर्ड मीटिंग के दौरान महिला सभासदों के सामने अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है। अगर कोई सभासद पंचायत की मीटिंग के दौरान समस्या के निस्तारण की मांग करता है तो पंचायत अध्यक्ष घर बुलाकर उसको अपमानित करते हैं और धमकाते हैं जिससे वह काफी परेशान है। सभासदों की शिकायत है कि पंचायत अध्यक्ष ने पूरी नगर पंचायत को हाईजैक कर रखा है उन्होंने जिला अधिकारी से पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ जाच कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत करने वालों में सभासद आरती कश्यप साहिब नूर मोहम्मद ओवैस बिमला देवी राजकुमारी भगवती प्रसाद जमील अहमद, कुसुम देवी आदि शामिल रहे।

# रामपुर में युद्ध जैसी स्थिति की तैयारियों की दी गई ट्रेनिंग

# मॉक ड्रिल में अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग ने किया प्रतिभाग










**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को दयावती मोदी एकडमी के परिसर में जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में विशेष जागरूकता अभियान मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान अग्निशमन कर्मियों द्वारा गैस सिलेण्डरों तथा बिल्डिग में आग लगने तथा बिल्डिग में फंसे नागरिकों को बाहर निकालने की स्थिति से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने स्कूली बच्चों को आपातकालीन स्थिति जैसे प्राकृतिक आपदा, आग, आतंकवादी घटना एवं अन्य संकट की स्थिति में बचाव के साथ ही सावधानी के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि मॉकड्रिल न केवल आपातकालीन तैयारियों को मजबूत करते हैं, बल्कि जागरूकता बढ़ाने का भी काम करते हैं। उन्होंने स्कूली बच्चों को संकट की स्थिति में ब्लैक आउट में क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि आन्तरिक सुरक्षा की जिम्मेदारी हम सबकी है, इस स्थिति में सभी को सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि यह अभ्यास नागरिकों को संभावित आपातकालीन परिस्थितियों जैसे कि हवाई हमले या बड़े आपदाओं की स्थिति में सतर्क रहने और त्वरित प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार करने के उद्देश्य से किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि निर्धारित समय रात्रि 09:00 बजे ब्लैकआउट के समय बिजली बुझाना, एयररेड सायरन बजने पर शान्तिपूर्वक अपने सुरक्षित स्थान पर शरण लें। किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचे और प्रशासन द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करें। नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों व स्थानीय प्रशासन का सहयोग करें। मॉकड्रिल को गम्भीरता से लें, ताकि आपातकाल की स्थिति में जान-माल की हानि को न्यूनतम किया जा सके। घबराये नहीं और बच्चों एवं पूरे परिवार को जागरूक करें। मोबाइल या रेडियो पर सरकारी अलर्ट सुनें, सुरक्षित शरण स्थल एवं बंकर की जानकारी लें। अपने घर में मजबूत बिना खिड़की वाला कमरा तैयार रखें और शरण स्थल तक जल्दी से पहुंचने का रास्ता पहले से तय करें। जरूरी वस्तुएं तैयार रखे, जैसे: पीने का पानी कम से कम तीन दिन का,
सूखा भोजन (बिस्कुट, ड्राई फूड आदि), प्राथमिक चिकित्सा किट, टार्च एवं एक्स्ट्रा सेल रखें।

जरूरी दस्तावेज जैसे: आई.डी., मेडिकल रिपोर्ट आदि सुरक्षित रखें, खिड़कियों पर मोटे काले कागज लगाये, शीशे से दूर रहें, जमीन पर लेट जाये। हवाई हमले के बाद बाहर तभी निकले जब सरकारी निर्देश मिले, घायल हो तो प्राथमिक उपचार करें और संदिग्ध वस्तु या बम दिखें तो छुपे नहीं पुलिस को सूचित करें। यदि रोड पर हो तो, वाहन किनारे खड़ा करके वाहन की लाईट ऑफ कर दें और समय-समय पर जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेशों/निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। घबराये नहीं, ट्रैफिक नियमों और आपदा प्रबन्धन कर्मियों/पुलिस के निर्देशों का पालन करें। यह अभ्यास आपकी सुरक्षा के लिए है। इसलिए इसे गम्भीरता से लें और सहयोग करें। जिलाधिकारी ने बताया कि क्रैश ब्लैक आउट के दौरान रात्रि 09:00 बजे अपने घरों/प्रतिष्ठानों आदि की लाईट/प्रकाश/इन्वर्टर आदि के प्रकाश को देश हित में बन्द रखे, जिससे प्रकाश बाहर दिखाई न दें। हवाई हमले का रेड सिग्नल 02 मिनट तक ऊँची-नीची आवाज में सायरन बजाया जाता है तथा खतरा टलने की सूचना 02 मिनट तक सायरन को एक ही आवाज में बजाकर दी जाती है, ताकि बचाव व राहत की कार्यवाही तुरन्त की जा सकें। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व हेम सिंह, सीएमओ डा. एसपी सिंह, एएसपी, एसडीएम सदर मोनिका सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित एनसीसी केडिट भी उपस्थित रहे।

## कई रियासतों के पूर्व शासकों के वंशजों का नूर महल में स्वागत



**( इमरान हुसैन )**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सहसपुर-बिलारी, नाभा, जैसलमेर और गोंडल राजघरानों के पूर्व शासकों के वंशजों का नूर महल में पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां और पूर्व सांसद बेगम नूरबानो ने परम्परागत रूप से फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। पूर्व मंत्री नवेद मियां के पीआरओ काशिफ खां ने बताया कि बुधवार को सहसपुर-बिलारी राजघराने के राजा चंद्र विजय सिंह (पूर्व सांसद) और रानी सुषमा कुमारी, नाभा (पंजाब) की रानी उमा देवी, जैसलमेर की राजमाता रासेश्वरी राज्य लक्ष्मी, गोंडल (गुजरात) की रानी गौरी देवी नूर महल पहुंचीं। पूर्व शासकों के वंश. जों ने रामपुर के अंतिम शासक नवाब रजा अली खां की बहू बेगम नूरबानो और पौत्र नवेद मियां से मुलाकात की। दोनों ने सभी का स्वागत करते हुए विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

उन्होंने बताया कि देशभर के राजघरानों में बहुत मजबूत रिश्ते हैं। राजघरानों के प्रतिनिधि एक परिवार की तरह हैं। सभी ने इस मुलाकात पर खुशी जाहिर की।

## जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने दी फसलों के बचाव की उचित जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को जिला कृषि रक्षा अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि ग्रीष्म कालीन जुताई मानसून आने से पूर्व मई-जून मे की जाती है, परम्परागत कृषि विधियों यथा कतार बुआई, फसल चक्र, सहफसली खेती, ग्रीष्म कालीन जुताई आदि कम लागत मे गुणवत्ता पूर्ण उत्पादन प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण है, इसको अपनाकर फसलों को बचा सकते है, ग्रीष्म कालीन जुताई का मुख्य उददेश्य एवं उसके लाभों में ग्रीष्म कालीन जुताई करने से मृदा की संरचना में सुधार होता है जिससे मृदा की जलधारण क्षमता बढती है जो फसलों के बढवार के लिए उपयोगी होती हैं। खेत की कठोर परत को तोड कर मृदा को जडों के विकास के लिए अनुकूल बनाने हेतु ग्रीष्म कालीन जुताई अत्यधिक लाभकारी है। खेत में उगे हुए खरपतवार एवं फसल अवशेष मिट्टी मे दबकर सड जाते है, जिससे मृदा में जीवांश की मात्रा बढती है। उन्होंने बताया कि मृदा के अन्दर छिपे हुए हानिकारक कीडे मकोडे उनके अण्डे, लार्वा, प्यूपा एवं खरपतवारों के बीज गहरी जुताई के बाद सूर्य ही की तेज किरणों के सम्पर्क में आने से नष्ट हो जाते है। गर्मी की गहरी जुताई के उपरान्त मृदा में पाये जाने वाले हानिकारक जीवाणु, कवक, निमेटोड एवं अन्य हानिकारक सूक्ष्म जीव मर जाते है जो फसलों में बीमारी के प्रमुख कारण होते है। जमीन मे वायु संचार बढ जाता है जो लाभकारी सूक्ष्म जीवों के वृद्धि एवं विकास में सहायक होता है। मृदा मे वायु संचार अढने से खरपतवारनाशी एवं कीटनाशी रसायनों के विषाक्त अवशेष एवं पूर्व फसल की जडों द्वारा छोडे गए हानिकारक अवशेष एवं पूर्व फसल की जडों द्वारा छोडे गए हानिकारक रसायनों के अपघटक में सहायक होती है।

## भारत के उन सभी वीर जवानों को सलाम

### जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में भाग लेकर पाकिस्तानी आतंकियों के खिलाफ अदम्य शौर्य का परिचय दिया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिला कांग्रेस के अध्यक्ष निक्कू पंडित ने अपने व्यान में कहा भारत के उन सभी वीर जवानों को सलाम जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में भाग लेकर पाकिस्तानी आतंकियों के खिलाफ अदम्य शौर्य का परिचय दिया। जिन्होंने पहला गांव में 27 निर्दोष भारतीयों की निर्मम हत्या की थी। उन्होंने कहा भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान की सीमा में 100 किलोमीटर अंदर 9 आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए हैं सभी बधाई के पात्र हैं। और हमले में शामिल सभी पायलट और सैनिक सुरक्षत लौटने पर शुभकामनायें ज्ञापित की। हिंद की सेना पर हमें गर्व है। आपने हमें हमेशा हम भारतीयों को गौरवान्वित और सुरक्षित रखा है। कांग्रेस पार्टी इस मौके पर देश की केंद्र सरकार और आमजन के साथ दलगत से ऊपर उठ कर खड़ी है। कांग्रेस पार्टी का हर सिपाही देश की सेना के साथ है। कांग्रेस पार्टी के विपक्ष के नेता राहुल गाँधी जी ने हमेशा माना है। की किसी भी दल से हमारे मतभेद हो सकते हैं मनभेद नहीं होना चाहिए, दलों से हमारी विचारधारा की लड़ाई वो हमारे घर की बात है लेकिन इस घड़ी में देश एक साथ है। उन्होंने हमेशा नफरत को छोड़ की मोहब्बत का दामन थामा है।

## मिलक कार्यालय पर बसपा की बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**मिलक/रामपुर।** बुधवार को बहुजन समाज पार्टी जनपद रामपुर की एक बैठक शाहबाद विधानसभा क्षेत्र के नगर मिलक में अंबेडकर चौराहा रमेश मेडिकल स्टोर पर हुई। बैठक में नवनियुक्त पिछड़ा वर्ग भाईचारा कमेटी के जिला संयोजक सुरेंद्र पाल सिंह गंगवार का फूल मालाएं पहनकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रमोद सागर एडवोकेट निरंकारी ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी एक मिशन है जो भी कार्यकर्ता मिशन से जुड़कर काम करते रहते हैं एक न एक दिन बहन जी उन्हें संगठन में सम्मान जरूर देती हैं।

इसी कड़ी में बुधवार को सुरेंद्र पाल सिंह गंगवार को जिला संयोजक बसपा एवं सहसंयोजक




राजू सागर को बनाया है। आगे कहां के आने वाला समय बहुजन समाज पार्टी का है 2027 में बहुजन की सरकार बनेगी और इस प्रदेश की बहन जी पांचवी बार मुख्यमंत्री होगी। इस अवसर पर उपस्थित रहे जिला प्रभारी राजेश प्रकाश सैनी, जिला महासचिव रमेश श्रीवास्तव, विधानसभा प्रभारी नवनीत यदुवंशी, विधानसभा अध्यक्ष हरनन्दन सागर, विधानसभा अध्यक्ष राकेश सागर, विधानसभा महासचिव परमानंद श्रीवास्तव, विधानसभा उपाध्यक्ष नजमी खान, रईस अहमद पूर्व प्रधान धर्मपुर, राजू सागर, मदनलाल श्रीवास्तव, हरकेश श्रीवास्तव, वीरेंद्र प्रधान, पजावा, कैलाश नाथ गोस्वामी, उस्मान भाई, बृजपाल सिंह गंगवार ,विपिन गंगवार ,डोरी लाल गंगवार, मनोज गंगवार, रामकरण गंगवार, अब्दुल भाई, राजेंद्र प्रसाद गंगवार, रघुवीर गंग. वार, सोनू गंगवार, मुकेश गंगवार, कैलाश श्रीवास्तव, मोहम्मद इस्लाम, सरताज सलमानी,सहित सैकड़ो लोग उपस्थित है।

## 6 वर्ष के बच्चे के साथ कुकर्म



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** ज्ञातव्य है कि शहर के एक मोहल्ला निवासी 6 वर्ष का बच्चा अपने घर के करीब खाली मैदान में शाम के समय खेल रहा था कि दीपांशु ठाकुर पुत्र मनीष ठाकुर बच्चे को बहला फुसलाकर मैदान के एक साईड में ले जाकर कुकर्म किया। घटना विष्णु विहार कालोनी ज्वाला नगर रामपुर की है जहां अनुसूचित जाति का बच्चा मैदान में खेल रहा था उसे क्या मालूम था कि उसके साथ कोई घटना घटित हो सकती है। इस बीच दीपांशु ठाकुर ने उस बच्चे को बुलाया और उसे बहला फुसलाकर एक साईड में ले गया उसके साथ गन्दी-गन्दी हरकतें करने लगा फिर दीपांशु ठाकुर ने उसका कच्छा नीचे कर उसे धमकी में लेकर उसके साथ अप्राकृतिक कुकर्म किया जब बच्चे की चीख निकली तो उसने उसे छोड़ा तब उससे छुड़ाकर बच्चा भागा और आप बीती अपने पिता को बताई इस बात को सुनकर उनके होश उड़ गए। आनन-फानन में उसे देख तो वह भागने लगा उसे किसी तरह से पकड़ा तभी डायल 112 नम्बर पर कॉल करके पुलिस को बुलाकर उसे पुलिस के हबाले कर दिया गया। बच्चे के परिजनों ने मामले की तहरीर थाना सिविल लाइन्स में दी है। पुलिस मामले की जॉच में जुट गई है।

## भारत के ऑपरेशन सिंदूर के तहत रामपुर में पाकिस्तान का फूंका पुतला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भारत का ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में हुई एयर स्ट्राइक में पाकिस्तान में 9 स्थानो पर एयर स्ट्राइक की गई जिसमें पाकिस्तान के लगभग 100 आतंकवादी मारे गए।

इस एयर स्ट्राइक से पूरा हिंदुस्तान हिंदुस्तान की फौज की सराहना कर रहा है इसी के तहत रामपुर में व्यापार संगठन ने आतंकवाद पाकिस्तान का पुतला फूंका गया। भारत के सैनिक के जिंदाबाद के नारे



भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नारे लगाए।

## भारत की तीनों सेनाओं को और भारतवासियों को दी बधाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** श्री त्रिपुरेश्वरी शक्तिपीठ, रामपुर की कार्यकारिणी अध्यक्ष डॉ. प्रियंका शुक्ला ने अपने बयान में कहा आपरेशन सिंदूर की इस सफल सर्जिकल स्ट्राइक के लिए केन्द्र सरकार, भारत की तीनों सेनाओं को और भारतवासियों को बहुत बधाई भारत की सेना और सरकार के बल को कम हांकने वाले पाकिस्तान के मुह पर ये करारा जबाब है सरकार और भारतीय सेना ने अपने देश की बेटियों के आंसुओं और सिंदूर का बदला 100 आतंकवादियों के खून से लिया मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से ये कहना चाहती हूं कि समस्त भारतीय आपके साथ है बस अब जो कदम आगे बढ़ाया है उसे पीछे ना करते हुए आर पार के युद्ध का शंखनाद करे।

## चोरी के माल के साथ एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** दिनांक 06.05.2025 को वादी की लिखित तहरीर बावत प्राचीन शिव मन्दिर सीरका पट्टी थाना टाण्डा, रामपुर से अज्ञात चोर द्वारा मन्दिर परिसर में बने वादी के कमरे में रखा मोबाइल फोन, पीतल का छोटा लौटा, तीन मालाओ को चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना टाण्डा पर मु.अ.सं.-205/2025 धारा- 305(a) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था । आज दिनांक 07. 05.2025 को विवेचना के क्रम में मुकदमा उपरोक्त में अनावरण हेतु गठित टीमो द्वारा घटनास्थल व



उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो से प्राप्त फुटेज में चोरी की घटना कारित करने वाले अभियुक्त भूपाल सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह निवासी फत्तावाला दढियाल थाना टाण्डा जनपद रामपुर का नाम प्रकाश में आया । प्रकाश में आये अभियुक्त भूपाल सिंह उपरोक्त से मन्दिर से चोरी किये गये एक लौटा पीतल धातु का, तीन माला, एक शंख व एक मोबाईल तथा घटना में प्रयुक्त एक अल्टो कार के साथ जटपुरा की पुलिया से मुवाना नहर के किनारे जाने वाले कच्चे रास्ते से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी । बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 305(घ)/317(2) बीएनएस की वृद्धि की गई । गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिंह, उ.नि. प्रशान्त कुमार, उ.नि. मुनीष कुमार मिश्रा, हे.का. 216 राजेन्द्र सिंह शामिल रहे।

# भारतीय क्रिकेटरों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में वीरता के लिए सशस्त्र बलों की सराहना की









**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट बिरादरी ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाये जाने पर 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए बुधवार को देशभक्ति की भावना से एकजुट होकर देश के सशस्त्र बलों के प्रति अटूट समर्थन व्यक्त किया है। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि धर्मो रक्षति रक्षता जय हिंद की सेना 'ऑपरेशन सिंदूर'।

स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने इंस्टाग्राम पर ऑपरेशन सिंदूर की तस्वीर साझा की। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सेना की सराहना की। उन्होंने एक्स पर 'जय हिंद (भारत की जीत)' लिखा और ऑपरेशन सिंदूर की तस्वीर साझा की। पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा और प्रज्ञान ओझा भारतीय सशस्त्र बलों की सार्वजनिक रूप से प्रशंसा करने वालों सबसे आगे थे। उनमें से प्रत्येक ने सोशल मीडिया पर देशभक्ति संदेश साझा किए, सभी ने 'जय हिंद' लिखा।

## केकेआर ने दिया सीएसके को 180 रनों का लक्ष्य

**कोलकाता नाइटराइडर्स के अजिंक्य रहाणे ने 48 रन बनाए सीएसके के नूर को 4 विकेट**

**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल के 57वें मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को 180 रन का टारगेट दिया है। टीम ने ईडन गार्डन्स स्टेडियम में टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 179 रन बना लिए हैं। मनीष पांडेय 36 रन बनाकर नाबाद लौटे। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 48, आंद्रे रसेल ने 38 और सुनील नरेन ने 26 रन बनाए हैं। नूर अहमद ने 4 विकेट झटके।

रवींद्र जडेजा और अंशुल कंबोज को एक-एक विकेट मिला। मथीशा पथिराना ने पारी के आखिरी ओवर में 6 रन खर्च किए। इन रनों के सहारे कोलकाता ने 20 ओवर में 179 रन का स्कोर बनाया। 19वें ओवर में कोलकाता ने छठा विकेट गंवाया। यहां रिंकू सिंह 9 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नूर अहमद ने आयुष म्हात्रे के हाथों कैच कराया। 17वें ओवर में कोलकाता ने 5वां विकेट गंवाया। यहां आंद्रे रसेल 38 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नूर अहमद ने डेवाल्ड ब्रे. विस के हाथों कैच कराया। एमएस धोनी के आईपीएल में 200 डिसमिसल्स हो गए हैं। वे ऐसा करने वाले पहले विकेटकीपर बने हैं। उनके बतौर विकेटकीपर 153 कैच और 47 स्टंपिंग हो गई हैं। 12वें ओवर में कोलकाता ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। अश्विन के ओवर की आखिरी बाल पर मनीष पांडेय ने दो रन लेकर टीम स्कोर 100 पार पहुंचाया। नूर अहमद ने 8वें ओवर में दो विकेट झटके। उन्होंने ओवर की पहली बाल पर सुनील नरेन और चौथी बाल पर अंगक्रिष रघुवंशी को पवेलियन की राह दिखाई। कोलकाता ने पावरप्ले में 67 रन बनाए, नरेन-रहाणे की फिफ्टी पार्टनरशिप टॉस जीतकर बैटिंग कर रही कोलकाता की टीम ने अच्छी शुरुआत की है। टीम ने पहला विकेट गंवाने के बाद पावरप्ले में 67 रन बना लिए, हालांकि गुरबाज का विकेट भी गंवाया। लेकिन रहाणे-नरेन ने फिफ्टी पार्टनरशिप करके टीम को शुरुआती झटके से उबारा। पारी के 5वें ओवर में कोलकाता ने 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया है।



## धर्मशाला में होने वाले आईपीएल मैच के स्थान में हो सकता है बदलाव

**सीमावर्ती राज्यों के हवाई अड्डें बंद करने को लेकर जताई जा रही ऐसी आशंका**

**धर्मशाला, वार्ता।** भारतीय सशस्त्र सेनाओं के पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के नौ आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाये जाने के बाद सीमावर्ती राज्यों के हवाई अढे बंद करने को लेकर ऐसी आशंका जतायी जा रही है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) एतिहायती तौर पर धर्मशाला में पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच होने वाले मैच का स्थान बदलवा कर सकती है। पंजाब किंग्स की ओर से यूनीवार्ता को बताया गया कि अभी तक बीसीसीआई की ओर से मुम्बई इंडियंस के साथ 11 मई को धर्मशाला में होने वाले मैच के स्थान के बदलाव के बारे में आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं दी है। भारतीय सेनाओं की ओर से चलाये गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद से दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए ही जम्मू-कश्मीर और लद्दाख से लेकर पंजाब, हिमाचल प्रदेश के हवाई अढे बंद किये जाने पर ऐसा माना जा रहा है कि धर्मशाला में होने वाले मैच को कई अन्यत्र स्थानांतरित किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच 11 मई को मैच होना है।

## IPL आचार संहिता उल्लंघन के लिए पांड्या, नेहरा पर लगा जुर्माना



**मुंबई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 56 मैच के दौरान धीमे ओवर रेट के लिए मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या और उनकी पूरी टीम तथा गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा पर आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। मंगलवार रात वानखेड़े स्टेडियम में मुम्बई इंडियंस और गुजरात टाइटन्स के बीच खेले गए मैच में धीमी ओवर गति के लिए हार्दिक पांड्या पर जुर्माना लगाया गया है। चूंकि आईपीएल की न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित आचार संहिता के तहत उनकी टीम का सीजन का दूसरा अपराध है इसलिए पांड्या पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इम्पैक्ट प्लेयर और कन्कशन सब्सटीट्यूट सहित मैच खेल रही टीम के सभी सदस्यों पर व्यक्तिगत रूप से छह लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, जुर्माना लगाया गया। वहीं गुजरात टाइटन्स के मुख्य कोच आशीष नेहरा पर आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।




## निशानेबाजी में वेदांत उर्वा ने जीते स्वर्ण पदक

- **वेदांत ने 452.5 अंकों के साथ स्वर्ण जीतकर देश का नाम रोशन किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की निशानेबाजी प्रतियोगिता के तीसरे दिन बुधवार को महाराष्ट्र के वेदांत नितिन ने 50 मीटर थ्री पोजीशंस राइफल (पुरुष युवा वर्ग) में और उत्तर प्रदेश की उर्वा चौधरी ने 10 मीटर एयर पिस्टल (महिला युवा वर्ग) में स्वर्ण पदक जीते।

यहां कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर वेदांत ने 452-5 अंकों के साथ स्वर्ण, हरियाणा के रोहित कन्यन ने 451-9 अंकों के साथ रजत और पंजाब के अमितोज सिंह ने 440-1 अंकों के साथ कांस्य पदक हासिल किया। उत्तर प्रदेश की उर्वा चौधरी ने 10 मीटर एयर पिस्टल (महिला युवा वर्ग) में शानदार प्रदर्शन करते हुए 237.7 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। स्वर्ण पदक जीतने के बाद वेदांत ने कहा कि मैं पिछली खेलो इंडिया प्रतियोगिता में एक बार पांचवें स्थान पर था, इसलिए इस बार थोड़ा नर्वस था, लेकिन अब जब मैंने स्वर्ण पदक जीता है, तो यह बहुत खास है। मैं 2022 से खेलो इंडिया से जुड़ा हूं और सरकार की आर्थिक सहायता से चीजें काफी आसान हो गई हैं। मैंने पहले भी भाग लिया है, लेकिन इस बार बिहार सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाएं सराहनीय हैं।

**खेल विशेष**

## द. अफ्रीका को हराकर भारतीय महिला टीम त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में

**कोलंबो, वार्ता।** जेमिमाह रॉड्रिग्स (123) की शतकीय, दीप्ति शर्मा (93) और स्मृति मंधाना (51) की अर्द्धशतकीय पारियों के बाद अमनजोत कौर की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय महिला टीम ने बुधवार को त्रिकोणीय श्रृंखला के पांचवें मुकाबले में द. अफ्रीका की महिला टीम को 23 रनों से हरा दिया है। तीन हार के साथ दक्षिण अफ्रीका त्रिकोणीय श्रृंखला से बाहर हो गई। भारत रविवार को फाइनल मुकाबले में श्रीलंका से भिड़ेगा। 338 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी द. अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने अपना पहला विकेट लारा गुडॉल (चार)रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद मियान स्मिट ने तेजमिन ब्रिट्स के साथ दूसरे विकेट के लिए 63 रन जोड़े। 15वें ओवर में अमनजोत कौर ने तेजमिन ब्रिट्स (26) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। मियान स्मिट (39) को दीप्ति शर्मा ने आउट किया। नोंडुमिसो शंघासे (36) के रूप में द. अफ्रीका का चौथा विकेट गिरा। सिनालो जाफ्टा (21) रन बनाकर आउट हुई। एन डर्कसन ने 80 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए (81) रन बनाये। कप्तान क्लोई ट्राइऑन 43 गेंदों में (67) रन को दीप्ति शर्मा ने बोल्ड कर द. अफ्रीका के मैच जीतने की उम्मीदों को ध्वस्त कर दिया। 48 ओवर के बाद कम रोशनी को लेकर अंपायर हरमनप्रीत कौर और बल्लेबाजों से बात की। और खराब रोशनी के कारण मैच रुक गया है। रोशनी में सुधार के बाद मैच फिर से शुरु हुआ। लेकिन द.अफ्रीका की टीम निर्धारित 50 ओवरों में 7 विकेट पर 314 रन ही बना सकी।



## पेट्रा ने इटालियन ओपन में पहली जीत दर्ज की

**क्वितोवा ने रोमानिया की इरिना को 7-5 और 6-1 से हराया**

**रोम, वार्ता।** दो बार की विंबलडन चैंपियन और चेक गणराज्य की टेनिस खिलाड़ी पेट्रा क्वितोवा ने अपने पहले बच्चे के जन्म के बाद इटालियन ओपन मुकाबले में पहली जीत दर्ज की है। रोम में इटालियन ओपन के पहले दौर में चेक गणराज्य की खिलाड़ी क्वितोवा ने रोमानिया की इरिना-कैमेलिया बेगू पर सीधे सेट 7-5, 6-1 से जीत दर्ज की।

पेट्रा क्वितोवा ने महिला टेनिस संघ (डब्ल्यूटीए) को मैच के बाद कहा कि मुझे 95 प्रतिशत लग रहा था कि मैं कोर्ट में कभी वापस नहीं लौट पायेगी। उस समय मैं टेनिस से ऊब चुकी थी। मैं सोच रही थी 'मैं अब और नहीं खेल सकती' इसलिए हमने बच्चे के लिए प्रयास करने का फैसला किया। क्वितोवा टूर्नामेंट के दूसरे दौर में ट्यूनीशिया की विश्व नंबर 36 की ओन्स जबूर से भिड़ेगी। दूसरे मैच में, ब्रिटेन की सोनय कार्टल ने दो घंटे 10 मिनट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बिरेल को 4-6, 6-3, 6-4 से हराया।

## मिशेल ओवेन को चोटिल मैक्सवेल की जगह पंजाब टीम में मिली जगह



**मुझे लगता है कि हम सभी इस सत्र के अंतिम चरण के लिए ओवेन को लेकर खुश है: रिकी पोंटिंग**

**धर्मशाला, वार्ता।** चोटिल ग्लेन मैक्सवेल की जगह ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिशेल ओवेन को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेष सत्र के लिए पंजाब किंग्स की टीम में शामिल किया गया है।

पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने 23 वर्षीय ओवेन का टीम में स्वागत करते हुए कहा कि मुझे लगता है कि हम सभी इस सत्र के अंतिम चरण के लिए मिशेल ओवेन को अपनी टीम में शामिल करके बहुत खुश हैं। वह एक ऐसा खिलाड़ी है जिसे मैंने पिछले 12 महीनों में बहुत करीब से देखा है।

वह ऐसा खिलाड़ी है जो अलग-अलग क्रम पर बल्लेबाजी कर सकता है और साथ ही कुछ बहुत ही उपयोगी मध्यम गति की गेंदबाजी भी कर सकता है। मैं उसे टीम का हिस्सा बनाकर वास्तव में उत्साहित हूं और जल्द से जल्द उसके यहां आने का इंतजार कर रहा हूं। तीन करोड़ रुपये में पंजाब किंग्स में शामिल हुए ओवेन ने 34 टी-20 मैचों में कुल 646 रन बनाए हैं और 10 विकेट लिए हैं। उनके नाम दो शतक भी हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 108 है।

## रोहित ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया

**भारत के लिए अब केवल रोहित शर्मा एकदिवसीय में जारी रखेंगे खेलना**



**नई दिल्ली, वार्ता।** टीम इंडिया के नियमित कप्तान रोहित शर्मा ने तत्काल प्रभाव से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। इससे अब सबसे लंबे प्रारूप में उनके भविष्य को लेकर चल रहीं अटकलों पर विराम लग गया है। रोहित टेस्ट प्रारूप में भारत के सबसे सफल बल्लेबाज हैं, जिन्होंने 67 टेस्ट मुकाबलों में 12 शतकों और 18 अर्धशतकों की मदद से 40.57 के औसत से 4301 रन बनाए। रोहित ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान अपने सोशल मीडिया हैंडल से किया। उन्होंने इंस्टा स्टोरी पर अपनी टेस्ट कैप की तस्वीर साझा की और कैप्शन में लिखा कि मैं आप सभी साथियों को बताना चाहता हूं कि मैं टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले रहा हूं। इस प्रारूप में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं वनडे में भारत के लिए खेलना जारी रखूंगा। भारत को टी-20 विश्व कप 2024 का खिताब जिताने के बाद रोहित शर्मा ने विराट कोहली के साथ इस प्रारूप से संन्यास का ऐलान कर दिया था। भारत ने यह खिताब दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर अपने नाम किया था। भारतीय टीम को दूसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब दिलाने के बाद दोनों दिग्गजों ने टी-20 से संन्यास लेकर सभी को चौंका दिया था। अब 38 वर्षीय बल्लेबाज ने क्रिकेट से लंबे प्रारूप से संन्यास की घोषणा कर दी है। अब वह सिर्फ वनडे में भारत का नेतृत्व करते नजर आएंगे। रोहित के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद यह साफ हो गया है कि इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम को नया टेस्ट कप्तान मिलेगा। इस दौड़ में बुमराह, केएल राहुल, शुभमन गिल और ऋषभ पंत सबसे आगे चल रहे हैं। इस सीरीज की शुरुआत जून में होगी। रोहित 2024-25 सीजन के दौरान खराब दौर से गुजरे। उन्होंने 15 मैचों में 10.83 के औसत से 164 रन बनाए। रोहित बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान खराब फॉर्म में थे। इसके बाद वह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच में अपने बेटे के जन्म के कारण नहीं खेले थे। एडिलेड में हुए दूसरे टेस्ट के दौरान जब रोहित वापस आए तो उन्होंने ओपनिंग नहीं की और यशस्वी जायसवाल तथा केएल राहुल को पारी का आगाज करने भेजा। रोहित की अनुपस्थिति में पहले टेस्ट में यशस्वी और राहुल की जोड़ी ने 201 रनों की साझेदारी की थी। रोहित छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे, लेकिन संघर्ष करते दिखे। ब्रिसबेन में खेले गए तीसरे टेस्ट में उन्होंने महज 10 रन बनाए। इसके बाद रोहित ने शीर्ष क्रम में वापसी की, लेकिन वहां भी असफल रहे।

## मार्केज ने जून में प्रशिक्षण लेने वाले 28 सदस्यीय भारतीय फुटबॉल टीम की घोषणा की

**भारत क्वालीफायर के ग्रुप-सी में बांग्लादेश हांगकांग चीन और सिंगापुर के साथ है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच मनोलो मार्केज ने एएफसी एशियाई कप 2027 क्वालीफायर को लेकर बुधवार को आगामी 18 मई से कोलकाता में शुरु होने वाले प्रशिक्षण शिविर के लिए 28 सदस्यीय संभावित दल की घोषणा की। भारत एएफसी एशियाई कप 2027 के अंतिम दौर के क्वालीफायर के ग्रुप सी में बंगलादेश, हांगकांग चीन और सिंगापुर के साथ है। भारतीय टीम की अगली बड़ी चुनौती 10 जून को काई टेक स्पोर्ट्स पार्क में हांगकांग, चीन के साथ होने वाले मैचों को लेकर है। हांगकांग के खिलाफ एशियाई कप क्वालीफायर की तैयारी के हिस्से के रूप में भारतीय टीम का कोलकाता में 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर होगा। भारतीय टीम चार जून को थाईलैंड के खिलाफ फीफा अंतर्राष्ट्रीय मैत्रीपूर्ण मैच खेलने के लिए बैंकॉक रवाना होगी। इसके बाद टीम एशियाई कप क्वालीफायर के लिए हांगकांग जाएगी।

# पाकिस्तान को सबक

पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना ने पीओके और पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के नौ ठिकानों को नष्ट कर पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश दे दिया है। पाक को भारतीय सेना की इस कार्रवाई से सबक सीखना होगा, क्योंकि पाकिस्तान आए दिन आतंकियों को प्रशिक्षण देकर भारत में भेजता रहा है, जिससे भारत के लोगों की जान जा चुकी है। यह पहला मौका नहीं है जब भारत ने ऐसी कार्रवाई की है। इससे पहले भी भारत ने कार्रवाई करके पाकिस्तान को सीख दी थी, लेकिन पाकिस्तान नहीं माना और 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी भेजकर निर्दोष लोगों की जान ले ली। आज पूरे भारत में सेना की इस कार्रवाई की सराहना हो रही है। देश के सभी धर्मों के लोग जश्न मना रहे हैं। हिन्दू, सिख, मुस्लिम और ईसाई सभी सेना की इस कार्रवाई की प्रशंसा कर रहे हैं। देर रात से ही देश में जश्न मनााया जा रहा है। इससे पहले भी 26 फरवरी 2019 को भारतीय वायु सेना के 12 मिराज 2000 जेट्स ने नियंत्रण रेखा पार की और बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद संचालित आतंकवादी शिविर पर हमला किया। भारतीय मीडिया ने बताया कि इस ऑपरेशन के दौरान लगभग 200 - 300 आतंकवादी मारे गए। भारतीय सेना ने 28 सितंबर 2016 को भी पाक में सर्जिकल स्ट्राइक कर दी थी। सरहद पार सेना ने 38 आतंकवादी और 2 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया था। इसी तरह से 14 फरवरी, 2019 को पुलवामा अटैक हुआ था। 12 दिन के बाद भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के बालाकोट में एयर स्ट्राइक कर दी थी। इतना सबकुछ होने के बाद भी पाकिस्तान में आतंकी प्रशिक्षण शिविर चालू रहे और भारत को अस्थिर करने के लिए नापाक हरकतें करता रहा, लेकिन अब बहुत हो चुका। पाकिस्तान को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। भारतीय सेना ने जिस तरह 6-7 मई की रात ऑपरेशन सिंदूर चलाकर लगभग सौ आतंकियों को मार गिराया और उनके प्रशिक्षण केंद्रों को तहस-नहस कर दिया, उससे साफ है कि भारत अब आतंकवाद के खात्मे को किसी हद तक जा सकता है। यहां सेना की सराहना करनी होगी कि उसने सिर्फ आतंकवादियों के नेटवर्क को ही निशाना बनाया। किसी भी नागरिक को कोई हानि नहीं होने दी। आज हमारी सेना दुनियां की पांचवीं सबसे बड़ी सेना है। इसके बावजदू पाकिस्तान की समझ में नहीं आया कि वह आतंकी गतिविधियों को रोके और अपनी सरजमीं का इसके लिए इस्तेमाल न होने दे। अगर पास्तिान यह सबकुछ करता, तो आज तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होता, लेकिन कहावत कि लातों केभूत बातों से नहीं मानते। यही भाषा पास्तिान को समझ में आती है, जिसके कारण उसे नुकसान उठाना पड़ता है। आतंकवाद केवल भारत की समस्या नहीं है, बल्कि यह पूरे विश्व के लिए चुनौती है। अगर कोई देश आतंकवाद का सुरक्षित ठिकाना बन गया हो, आतंकवादियों का शरणगाह बन गया हो, तो निश्चित तौर पर ऐसे ठिकानों को नष्ट करना मानवता का पहला कर्तव्य है। पूरी दुनिया एक स्वर में आतंकवाद के चारागाहों, शरणगाहों को खत्म करने की आवाज उठ रही है।

## जांबाज सैनिकों को सलाम



हम अपने सशस्त्र बलों पर गर्व करते हैं, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के आतंकी ठिकानों पर साहसिक और निर्णायक कार्रवाई करते हुए मुहंतोड़ जवाब दिया है, हम अपने जांबाज सैनिकों के साहस, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रभक्ति को सलाम करते हैं, पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के दिन से ही कांग्रेस ने साफतौर पर सशस्त्र बलों और सरकार के साथ एकजुटता से खड़े होकर सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ हर निर्णायक कार्रवाई का समर्थन किया था, कांग्रेस देश के वीर जवानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

**मल्लिकार्जुन खड़गे**
**कांग्रेस अध्यक्ष**

# इन्हें अपराध से नहीं बल्कि अपराधी के धर्म से नफरत है

**2018 में कश्मीर में आठ साल की मासूम बच्ची असिफा के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या की घटना को अंजाम दिया गया था और कई दिनों तक मंदिर परिसर के एक कमरे में मंदिर के पुजारी सहित अनक लोगों ने उसका बलात्कार करने के बाद उसका शव झाड़ियों में फेंक दिया गया था**



**निर्मल रानी**




उत्तरांचल का व्यस्त पर्यटक स्थल नैनीताल पिछले दिनों साम्प्रदायिकतावादियों के निशाने पर आ गया। ख़बरों के अनुसार 12 अप्रैल को नैनीताल में एक 12 वर्षीय नाबालिग़ लड़की के साथ उस्मान नामक एक वृद्ध आयु के आरोपी द्वारा कथित तौर पर बलात्कार किया गया। पीड़िता की मां द्वारा घटना की रिपोर्ट 30 अप्रैल को मल्लीताल थाने में दर्ज कराई गई। आरोप है कि आरोपी उस्मान स्कूल से आते समय बालिका को बहला फुसलाकर कार में बिठाकर ले गया और उसने कार में ही बच्ची के साथ दरिन्दिगी की। पुलिस द्वारा आरोपी को फ़ौरन गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। परन्तु प्राथमिकी दर्ज होते ही थाने में ही हिंदूवादी संगठनों की भीड़ इकट्ठी होनी शुरू हो गई। और उसी दिन देर रात से लेकर अगले दिन 1 मई तक इस घटना के विरुद्ध जो भीड़ द्वारा जो तांडव किया गया। उसकी तो कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। उस्मान की दरिन्दिगी का बदला उसके समुदाय के लोगों से लिया जाने लगा। चुन चुनकर मुसलमानों के घरों व दुकानों में आग लगाई जाने लगी। अनेक मस्जिदें तोड़ी गईं व कई आग के हवाले कर दी गईं। सड़कों पर जुलूस निकालकर समुदाय विशेष के विरुद्ध नारेबाज़ी की गई।

इस घटना का एक अत्यंत सम्प्रदायिकतापूर्ण दुखद पहलू यह भी रहा कि जब हालात को नियंत्रित करने के लिए मल्लीताल थाने में तैनात उत्तराखंड पुलिस के वरिष्ठ सब इंस्पेक्टर मोहम्मद आसिफ़ ख़ान जो डयूटी पर तैनात थे, जब वहां पहुंचे तो उन्मादी भीड़ ने उन्हें भी घेर लिया। उनके साथ धक्का-मुक्की की और वर्दी का कॉलर पकड़ कर खींचने की कोशिश की। वे भी वहां प्रदर्शनकारियों की उग्रता का शिकार हो गए। उग्र भीड़ में कुछ लोग उनका नाम पूछते हुए अभद्रता धक्का-मुक्की करते देखे गए। भीड़ ने केवल धार्मिक आधार पर उन पर निशाना साधा और उन्हें कोतवाली के अंदर तक घसीट ले गए और कोतवाली में भी हंगामा करते रहे। इस घटना का वीडीओ भी सोशल मीडिया पसर शेयर हुआ और ख़ूब वायरल हुआ। इस घटना का दूसरा प्रभाव यह हुआ कि जो नैनीताल शांति व प्रकृतिक सौदर्य के लिए मशहूर था वह भी साम्प्रदायिकता व अचानक साम्प्रदायिक उपद्रव के नाम से कलंकित हो गया। इतना ही नहीं करोड़ों रूपये का पर्यटन प्रभावित हुआ। और ख़बर तो यह है कि अगले महीने यानी जून तक की बुकिंग अनेक पर्यटकों द्वारा रद्द करा दी गई। एक ओर तो उपद्रवियों द्वारा एक व्यक्ति की दरिन्दिगी के चलते द्वारा उसके धर्म के लोगों के विरुद्ध जमकर फ़साद किया गया तो दूसरी तरफ़ इसी समाज के लोगों द्वारा उस्मान के विरुद्ध कई कड़े फ़ैसले लिए गए। नैनीताल के मुस्लिम संगठन अंजुमन-ए-इस्लामिया द्वारा उस्मान को मुस्लिम समाज से बहिष्कृत करने का फ़ैसला लिया गया और उसके मस्जिद में प्रवेश पर रोक लगा दी गई। साथ ही पीड़िता के इलाज से लेकर उसकी शिक्षा तक का पूरा ख़र्च उठाने की घोषणा की गई। अंजुमन ने यथाशीघ्र आरोपी को सख्त से सख्त सज़ा दिलाने की मांग की तथा इस घृणित कार्य की घोर निंदा की व इसे अमानवीय कृत्य बताया। परन्तु इस साम्प्रदायिक उपद्रव ने वही सवाल एक बार फिर खड़ा कर दिया कि क्या किसी एक व्यक्ति के अपराध की सज़ा उसके पूरे धर्म व उसके धर्मस्थलों को दी जा सकती है? और दूसरा यह भी कि बलात्कार जैसे अपराध पर उपद्रवियों का ग़ुस्सा क्या किसी अन्य समाज से जुड़े आरोपियों पर भी कभी उतरते देखा गया? और तीसरा यह भी कि आख़िर वह कौन लोग हैं जो समय समय पर बलात्कारियों व हत्यारों के पक्ष में दिखाई देते हैं? याद कीजिए, इसी उत्तरांचल राज्य में सितम्बर 2022 में 19 वर्षीय अंकिता की हत्या एक रिज़ॉर्ट संचालक और भाजपा नेता व पूर्व राज्यमंत्री विनोद आर्य के बेटे पुलकित आर्य, रिज़ॉर्ट मैनेजर सौरभ भास्कर और एक अन्य रिसोर्ट कर्मी अंकित द्वारा कर दी गई थी। अंकिता विनोद आर्य के स्वामित्व वाले वंतरा रिज़ॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट की नौकरी कर रही थी। पुलिस के अनुसार अंकिता को रिसोर्ट के 'विशेष' मेहमानों के साथ 'अनैतिक कार्य' करने के लिए मजबूर किया जा रहा था और जब अंकिता ने इस बारे में मना किया व इस घटना को दूसरों को बताने की बात कही तो उसकी हत्या कर दी गई। हत्या के बाद अंकिता का शव ऋषिकेश-हरिद्वार मार्ग पर चीला शक्ति नहर के पावर हाउस के पास बरामद किया गया है। उस समय हत्यारे पुलकित का भाई अंकित भी उत्तराखंड में अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग का उपाध्यक्ष था। यह पूरा परिवार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ा है। अंकिता भी उत्तरांचल की ही बेटी थी और पौड़ी गढ़वाल के डोम श्रीकोट की रहने वालीं थीं। इस घटना के बाद न तो किसी भीड़ का खून खौला न कोई हिंदूवादी संगठन सड़कों पर उतरते नज़र आया? आख़िर क्यों? हां महिला अस्मिता के इन साम्प्रदायिकतावादी उपद्रवियों की भीड़ उस समय हत्यारों और बलात्कारियों के पक्ष में ज़रूर खड़ी दिखाई दी थी जब 2018 में कश्मीर में आठ साल की मासूम बच्ची असिफ़ा के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या की घटना अंजाम दी गई थी। और कई दिनों तक कई लोगों द्वारा मंदिर परिसर के एक कमरे में मंदिर के पुजारी सहित अनेक लोगों द्वारा उसका बलात्कार करने के बाद उसका शव झाड़ियों में फेंक दिया गया था। उस समय राज्य में भाजपा व पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की गठबंधन सरकार थी। पुलिस द्वारा आसिफ़ा की मौत व बलात्कार के सिलसिले में एक सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारी, चार पुलिस अधिकारियों और एक किशोर सहित आठ लोगों को गिरफ़्तार किया गया था। मगर देश का इतिहास याद रखेगा कि इन आरोपियों की गिरफ़्तारी ने साम्प्रदायिक रूप ले लिया। भाजपा सहित अनेक हिंदूवादी संगठन जम्मू में विरोध प्रदर्शन करने लगे। हिंदूवादी वकीलों द्वारा आरोप पत्र दायर करने के लिए पुलिस को अदालत में प्रवेश करने से रोकने की कोशिश की गई। यहां तक कि सरकार में शामिल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो मंत्रियों व अनेक विधायकों ने आरोपियों के समर्थन में एक तिरंगा रैली निकाली। विश्व मीडिया में इस शर्मनाक घटना की खूब चर्चा हुई थी।

तो क्या अंकिता व आसिफ़ा की अस्मिता महिला अस्मिता नहीं थी। क्या बिल्क़ीस बानो की अस्मिता महिला अस्मिता का सवाल नहीं है। मणिपुर में नग्न परेड करा दी जाती है किसी का खून नहीं खोलता। आसाराम जैसे अनेक बलात्कारियों पर किसी का खून नहीं खोलता। हाथरस बलात्कार कांड में भी हत्यारों व बलात्कारियों के समर्थन में लोग जुट जाते हैं। यह आखिर कैसा देश और कैसा न्याय है जहां एक विशेष विचारधारा के लोगों को अपराध से नहीं बल्कि अपराधी के धर्म से नफरत है।

**( ये लेखक के निजी विचार है )**

# प्रतिरक्षा कोशिकाएं दर्द भी कम करती हैं



**साइंस पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में शोधकर्ता यह समझने की कोशिश कर रहे थे कि ट्रेग्स दर्द को कैसे प्रभावित करती हैं, उन्होंने मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी को ढंकने वाली सुरक्षा झिल्लियों में मौजूद ट्रेग्स पर ध्यान दिया, जहां ये कोशिकाएं सामान्य से कहीं ज्यादा पाई जाती हैं**

आमूमन प्रतिरक्षा कोशिकाएं शरीर को संक्रमण से बचाने का काम करती हैं, लेकिन रेग्युलेटरी टी कोशिकाओं (ट्रेग्स) का काम एक तरह से सामंजस्य की स्थिति बनाए रखना होता है। ये सूजन कम करती हैं, घाव भरने में मदद करती हैं और प्रतिरक्षा तंत्र को स्वयं अपने शरीर के विरुद्ध काम करने से रोकती हैं और अब, वैज्ञानिकों ने पाया है कि कुछ ट्रेग्स कोशिकाएं दर्द भी कम कर सकती हैं, हालांकि यह असर केवल मादा चूहों में देखा गया है।

साइंस पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में शोधकर्ता यह समझने की कोशिश कर रहे थे कि ट्रेग्स दर्द को कैसे प्रभावित करती हैं। उन्होंने मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी को ढंकने वाली सुरक्षा झिल्लियों (मेनिन्जेस) में मौजूद ट्रेग्स पर ध्यान दिया, जहां ये कोशिकाएं सामान्य से कहीं ज्यादा पाई जाती हैं।

परीक्षण के लिए उन्होंने ऐसे चूहे तैयार किए जिनमें इन खास ट्रेग्स को एक बैक्टीरिया विष के माध्यम से खत्म किया जा सकता था। जब मादा चूहों से ट्रेग्स हटाई गई, तो उनकी यांत्रिक दर्द (जैसे दबाने या छूने से होने वाला दर्द) के प्रति संवेदनशीलता बढ़ गई। लेकिन नर चूहों में ऐसा कोई असर नहीं देखा गया। हालांकि ट्रेग्स ने गर्मी या ठंड से जुड़ी दर्द की संवेदनशीलता पर कोई असर नहीं डाला -न मादा में और न ही नर में।दिलचस्प बात यह है कि जब वैज्ञानिकों ने आईएल-2 नामक एक प्रोटीन के ज़रिए ट्रेग्स कोशिकाओं की संख्या बढ़ाई तो चोटिल मादा चूहों में दर्द पर प्रतिक्रिया बेहतर हो गई-यानी दर्द कम महसूस हुआ। लेकिन जब मादा हार्मोन (जैसे एस्ट्रोजन) को बाधित कर दिया गया अथवा अंडाशय को हटा दिया गया तो आईएल-2 का असर नहीं हुआ। इससे साफ है कि ट्रेग्स कोशिकाएं दर्द से राहत देने का अपना काम मादा हार्मोन, खास तौर पर एस्ट्रोजन, की मदद से करती हैं।इतना ही नहीं, ट्रेग्स कोशिकाएं दर्द कम करने के लिए सिर्फ सूजन रोकने के ज़रिए काम नहीं करतीं बल्कि सीधे तंत्रिका कोशिकाओं पर असर डालती हैं। ये एंकेफेलिन्स नामक प्राकृतिक दर्दनाशक अणु छोड़ती हैं, जो तंत्रिका कोशिकाओं के दर्दरोधी ग्राहियों को सक्रिय करके दर्द की तीव्रता कम कर देते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि महिलाओं और जेंडर पुष्टि देखभाल (जेंडर अफर्मिंग केयर) ले रहे लोगों के लिए दर्द की समस्या ज्यादा होती है। उनके संदर्भ में यह खोज महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। कई शोधकर्ता आत्म-प्रतिरक्षा रोगों के लिए ट्रेग कोशिकाओं की संख्या बढ़ाने पर कार्य कर रहे हैं। उसमें दर्द प्रबंधन के दृष्टिकोण को जोड़ना मददगार हो सकता है। अलबत्ता, इस राह में कई चुनौतियां हैं-मनुष्यों के मस्तिष्क और रीढ़ की झिल्ली तक ट्रेग्स को सही-सलामत पहुंचाना आसान नहीं होगा। लेकिन ऐसा लगता है कि आत्म-प्रतिरक्षा रोगों के इलाज में इस्तेमाल हो रहा प्रतिरक्षा-वृद्धि उपचार इस राह को आसान कर सकता है।

# आपदा के समय भरोसेमंद दोस्त 'रेडक्रॉस'




**8 मई 1828 को जन्मे डयूनेंट 1859 में हुई सालफिरोनो (इटली) की लड़ाई में घायल सैनिकों की दुर्दशा देख बहुत आहत हुए थे, क्योंकि युद्धभूमि में पड़े इन घायल सैनिकों के उपचार के लिए कोई चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी**

**योगेश कुमार गोयल**



रेडक्रॉस की स्थापना महान् मानवता प्रेमी जीन हेनरी डयूनेंट द्वारा की गई थी, इसीलिए उनके जन्मदिन के अवसर पर प्रतिवर्ष विश्वभर में 8 मई का दिन 'अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस' के रूप में मनाया जाता है और संस्था की गतिविधियों से आम आदमी को अवगत कराने के प्रयास किए जाते हैं। रेडक्रॉस की स्थापना वर्ष 1863 में हुई थी और अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी दुनिया के सभी देशों में रेडक्रॉस आन्दोलन का प्रसार करने के साथ-साथ रेडक्रॉस के आधारभूत सिद्धांतों के संरक्षक के रूप में भी कार्य कर रही है। 8 मई 1828 को जन्मे डयूनेंट 1859 में हुई सालफिरोनो (इटली) की लड़ाई में घायल सैनिकों की दुर्दशा देख बहुत आहत हुए थे क्योंकि युद्धभूमि में पड़े इन घायल सैनिकों के उपचार के लिए कोई चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी। युद्ध मैदान में घायल पड़े इन्हीं सैनिकों के दर्दनाक हालातों पर अपने कड़वे अनुभवों के आधार पर उन्होंने 'मेमोरी और सालफिरोनो' नामक एक पुस्तक भी लिखी और 1863 में रेडक्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति 'आईसीआरआई' का गठन किया। डयूनेंट के सतत प्रयासों की बदौलत ही 1864 में जेनेवा समझौते के तहत 'अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस मूवमेंट' की स्थापना हुई।

डयूनेंट ने इटली में युद्ध के दौरान रक्तपात का ऐसा भयानक मंजर देखा था, जब चिकित्सकीय सहायता के अभाव में युद्धक्षेत्र में अनेक घायल सैनिक हृदयविदारक कष्टों से तड़प रहे थे। ऐसे घायलों की सहायता के लिए उन्होंने स्थाई समितियों के निर्माण की आवश्यकता को लेकर आवाज बुलंद की, जिसका असर भी दिखा। युद्ध में आहतों की स्थिति के सुधार के साधनों का अध्ययन करने के लिए उसके बाद एक आयोग का गठन किया गया। 1863 में जेनेवा में एक अंतर्राष्ट्रीय बैठक में रेडक्रॉस के आधारभूत सिद्धांत निर्धारित किए गए तथा रेडक्रॉस आन्दोलन का विकास करते हुए आहत सैनिकों और युद्ध पीड़ितों की सहायता संगठित करने हेतु दुनियाभर के सभी देशों में राष्ट्रीय समितियां बनाने पर जोर दिया गया। नेपोलियन तृतीय के हस्तक्षेप के चलते अंतर्राष्ट्रीय समिति 'स्विस फेडरल काउंसिल' को 8 अगस्त 1864 को जेनेवा में सम्मेलन बुलाने के लिए राजी करने में सफल हुई, जिसमें 26 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस सम्मेलन के चलते जेनेवा अधिवेशन हुआ, जिसमें सुरक्षा के प्रतीक रेडक्रॉस वाले सफेद झंडे पर स्वीकृति की मोहर लगाई गई, जो आज समस्त विश्व में रेडक्रॉस का प्रतीक चिन्ह बना हुआ है। शुरुआती दौर में रेडक्रॉस की भूमिका युद्ध के दौरान बीमार और घायल सैनिकों, युद्ध करने वालों और युद्धबंदियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना तथा उन्हें उचित उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने तक ही सीमित थी किन्तु अब इस संस्था के दायित्वों का दायरा लगातार विस्तृत होता जा रहा है।

मानवीय सेवा को समर्पित रेडक्रॉस ने प्रथम तथा द्वितीय विश्वयुद्ध में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए अनेक घायल सैनिकों तथा नागरिकों की सहायता कर अनुकरणीय उदाहरण पेश किया था। दुनिया के किसी भी भाग में जब भूकम्प, बाढ़, भू-स्खलन या अन्य किसी भी प्रकार की प्राकृतिक अथवा मानवीय आपदा सामने आती है तो सबसे पहले 'अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी' की टीमें वहां पहुंचकर राहत कार्यों में जुट जाती हैं। शांति और सौहार्द के प्रतीक के रूप में जानी जाने वाली इस संस्था ने अपने कर्मठ, समर्पित और कर्त्तव्यनिष्ठ स्वयंसेवकों के माध्यम से न केवल भारत में बल्कि दुनियाभर में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। फिलहाल 190 से भी अधिक देशों में 'रेडक्रॉस' संस्था सक्रिय है। भारत में 'भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी अधिनियम' के तहत वर्ष 1920 में रेडक्रॉस सोसायटी का गठन हुआ था और स्थापना के नौ वर्ष बाद इसकी सराहनीय गतिविधियों को देखते हुए अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी ने 'भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी' को मान्यता प्रदान की।

भारत में रेडक्रॉस की स्थापना के शुरुआती वर्षों में देश में रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष भारत के उपराष्ट्रपति होते थे किन्तु वर्ष 1994 में रेडक्रॉस एक्ट में संशोधन करते हुए सोसायटी का पदेन अध्यक्ष महामहिम राष्ट्रपति को तथा सचिव केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री को बनाया गया। वर्तमान समय में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की देशभर में 750 से अधिक शाखाएं मानवता की सेवा में जी-जान से जुटी हैं। रेडक्रॉस एक ऐसी स्वयंसेवी संस्था है, जो देश के किसी भी हिस्से में प्राकृतिक अथवा मानवीय आपदा के शिकार लोगों को बचाने व राहत पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और इसमें शामिल होने वाले कर्मठ स्वयंसेवकों की संख्या निरन्तर बढ़ रही है। विश्वभर में रेडक्रॉस के करीब एक करोड़ सत्तर लाख स्वयं सेवक हैं। यही कारण है कि रेडक्रॉस दिवस को 'अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस' भी कहा जाता है। रेडक्रॉस लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करती है और अपनी विभिन्न शाखाओं के जरिये देशभर में जगह-जगह रक्तदान शिविर लगाकर प्रतिवर्ष बहुत बड़ी मात्रा में रक्त एकत्रित करती है। देश में रक्त एकत्रित करने तथा वही रक्त जरूरतमंद लोगों के लिए सही समय पर उपलब्ध कराने का कार्य यह संस्था कई दशकों से लगातार कर रही है। वास्तव में रक्त इकट्ठा करने वाली यह विश्व की एकमात्र सबसे बड़ी संस्था है, जिससे कैंसर, थैलेसीमिया, एनीमिया जैसी प्राणघातक बीमारियों से जूझ रहे हजारों लोगों की भी जान बचाई जाती हैं। रेडक्रॉस की पहल पर दुनिया का पहला ब्लड बैंक अमेरिका में 1937 में स्थापित हुआ था और वर्तमान में दुनियाभर के अधिकांश ब्लड बैंकों की देखरेख रेडक्रॉस तथा उसकी सहयोगी संस्थाओं द्वारा ही की जाती है। रेडक्रॉस देश के किसी भी भाग में मानवीय या प्राकृतिक आपदा के शिकार लोगों को बचाने तथा उन्हें राहत पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही है।

# दांत के सड़ने पर हो सकता है कैंसर का खतरा

दांतों में सड़न होने से सिर और गर्दन के पास स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा नामक कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि कैविटी के कारण दांत के अंदरूनी हिस्से से होते हुए गर्दन और सिर में गंभीर बीमारी हो सकती है। हालांकि कैविटी की वजह से सीधा कैंसर नहीं होता है। लेकिन इससे जो सूजन और संक्रमण फैलता है, वह धीरे-धीरे कैंसर का खतरा बढ़ाता है। इसलिए आपको इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि क्या दांत सड़ने से कैंसर का खतरा हो सकता है।

### क्रॉनिक सूजन...

वहीं जिस कैविटी से पानी बाहर नहीं निकल पाता है, तो वहां पर क्रॉनिक सूजन की वजह से साइटोकाइन रिलीज होता है। इसके आसपास के टिशू में क्षति हो सकती है। रिएक्टिव ऑक्सीजन स्पीसीज की वजह से सूजन अधिक बढ़ती है। जिसकी वजह से सेल्स में परिवर्तन होने के साथ दांत सड़ता है।

### ओरल इन्फेक्शन...

बैक्टीरिया टॉक्सिन, फ्यूसोबैक्टीरियम न्यूक्लियेटम और पोर्फिरोमोनस जिंजिवलिस जैसे बैक्टीरिया भी दांतों में मिलते हैं। इनमें टॉक्सिन सेल्स बढ़ता है।

### खराब ओरल हाइजीन...

इसके अलावा खराब ओरल हाइजीन भी एक रिस्क फैक्टर है, जोकि आमतौर पर बिना ट्रीटमेंट वाली कैविटी में मिलता है। इसको सिर और गर्दन के कैंसर का भी कारक माना गया है। वहीं खाब ओरल हाइजीन की वजह से तंबाकू और शराब जैसे कैंसरकारी कारकों के संपर्क में आने से भी मुंह में हानिकारक पदार्थों का जमाव हो सकता है।

### एचपीवी की भूमिका...

अगर मुंह के अंदर लंबे समय तक संक्रमण रहता है, तो इससे ह्यूमन पैपिलोमावायरस के संक्रमण का जोखिम बढ़ जाता है। यह गले के कैंसर से बहुत करीब से जुड़ा हुआ है।

### ल्यूकोप्लाकिया या मुंह का घाव

जब भी हम मुंह के कैविटी या फिर इंफेक्शन का इलाज नहीं कराते हैं, तो ल्यूकोप्लाकिया नामक कैंसर से पहले होने वाले घाव हो सकते हैं। जोकि बाद में गंभीर बीमारी में भी बदल सकते हैं।

### पोषक तत्वों की कमी...

बता दें कि कैविटी की वजह से खाने में दर्द और परेशानी होती है। जिससे हमारी शरीर में पोषक तत्वों की कमी हो सकती है।



## पहलगाम आतंकी हमले का भारत ने पाकिस्तान से किया हिसाब चुकता

# भारत की कार्रवाई से सहमा पाक

## दुनिया के देशों ने किया भारत का समर्थन



### आतंकवाद से लड़ाई में हम भारत के साथ: ट्रम्प



**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** भारत ने जब पहलगाम का बदला लेने के लिए पाकिस्तान में आतंकवादी शिविरों पर बमबारी की, तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्हें पता था कि कुछ होने वाला है और उम्मीद जताई कि यह जल्दी खत्म हो जाएगा। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रम्प ने भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर पर टिप्पणी करते हुए कहा, यह शर्म की बात है, हमने इसके बारे में अभी सुना, ठीक उसी समय जब हम ओवल के दरवाज़े पर चल रहे थे। उन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले का संदर्भ में कहा, मैंने इसके बारे में अभी सुना, मुझे लगता है कि हम जानते थे कि कुछ होने वाला है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, वे (भारत-पाकिस्तान) लंबे समय से लड़ रहे हैं, वे कई, कई दशकों से लड़ रहे हैं। अब मैं बस यही उम्मीद करता हूं कि यह बहुत जल्दी खत्म हो जाए। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति ट्रम्प विश्व के पहले नेता थे जिन्होंने 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फोन करके उनसे बात की, तथा आतंकवादी हमले की निंदा की और मदद की पेशकश की। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों में हस्तक्षेप न करने का फैसला किया है, तथा दोनों पक्षों को आपस में मुद्दों को सुलझाने दिया है। इससे पहले, कल देर रात के बाद रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ढांचे को नष्ट करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जहां से भारत के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाई गई और निर्देशित किया गया। भारत ने कुल मिलाकर, नौ स्थानों को निशाना बनाया गया है। बयान में कहा गया है, हमारी कार्रवाई केंद्रित, मापी गई और गैर-उग्र प्रकृति की रही है। किसी भी पाकिस्तानी सैन्य सुविधा को निशाना नहीं बनाया गया है। भारत ने लक्ष्यों के चयन और हमलों के तरीके में काफी संयम बरता है। उन्होंने कहा कि भारत ने यह कदम पहलगाम में हुए नृशंस आतंकवादी हमले के मद्देनजर उठाए गए हैं, जिसमें आतंकवादियों ने 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी गई थी।

### इज़रायल भारत की आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है



**नई दिल्ली।** इजरायल ने बुधवार को भारत के ऑपरेशन सिंदूर को अपना समर्थन देने की घोषणा की, जिसके तहत भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले का बदला लेने के लिए पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पीओके के नौ स्थलों पर आतंकवादी शिविरों पर हमला किया। भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में अपने देश का समर्थन व्यक्त किया। हैशटैग ऑपरेशन सिंदूर के साथ उन्होंने लिखा, इजरायल भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है। आतंकवादियों को ज्ञात होना चाहिए कि निर्दोषों लोगों के खिलाफ उनके जघन्य अपराधों से बचने के लिए उनके पास छिपने की कोई जगह नहीं है। राजदूत अजार की यह पोस्ट भारत के रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के कुछ घंटों बाद आई है। भारत के भारतीय सशस्त्र बलों ने कल देर रात पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी ढांचे पर हमला करते हुए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया है।

### हम स्थिति पर नजर रखे हुए: मार्को रूबियो



**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कहा है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच उपजे हालातों पर बारीकी से नज़र रखे हुए है और उम्मीद करता है कि यह स्थिति जल्द ही समाप्त हो जाएगी। अमे. रिका विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मार्को रुबियो ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि अमेरिका शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारतीय और पाकिस्तानी नेतृत्व दोनों के साथ बातचीत जारी रखेगा।

रुबियो ने कहा, मैं भारत और पाकिस्तान के बीच उपजे हालात पर बारीकी से नज़र रख रहा हूं। मैं आज पहले अमेरिकी राष्ट्रपति की टिप्पणियों से सहमत हूं कि उम्मीद है कि यह स्थिति जल्द ही समाप्त हो जाएगी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर पर टिप्पणी करते हुए कहा, यह शर्म की बात है। हमने इसके बारे में अभी सुना, ठीक उसी समय जब हम ओवल के दरवाज़े पर चल रहे थे। उन्होंने कहा, मैंने इसके बारे में अभी सुना, अतीत के कुछ अंशों के आधार पर मुझे लगता है कि हम जानते थे कि कुछ होने वाला है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने पहलगाम आतंकवादी हमले का संदर्भ देते हुए यह बात कही है। वे लंबे समय से लड़ रहे हैं, वे कई दशकों से लड़ रहे हैं अब मैं बस यही उम्मीद करता हूं कि यह बहुत जल्दी खत्म हो जाए, अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा। गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रंप पहले विश्व नेता हैं जिन्होंने 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन करके उनसे बात की, और आतंकी हमले की निंदा की और मदद की पेशकश की।


## पाक ने कबूला: भारतीय वायुसेना ने अपनी सीमा से ही दागे हथियार

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने बुधवार सुबह दावा किया कि भारतीय वायुसेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपने हवाई क्षेत्र से ही हथियारों का इस्तेमाल नागरिक आबादी को निशाना बनाने के लिए किया। वहीं पाकिस्तान के जवाब में भारत ने कहा, हमांरी कार्रवाई केंद्रित, मापी हुई और गैर-उग्र प्रकृति की रही है। किसी भी पाकिस्तानी सैन्य सुविधाओं को निशाना नहीं बनाया गया है। भारत ने लक्ष्यों के चयन और हमला करने में काफी संयम बरता गया है। हम इस प्रतिबद्धता पर खरे उतरे हैं कि इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। पाकिस्तान सरकार ने एक बयान में आरोप लगाया गया कि भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के पंजाब में मुरीदके और बहवलपुर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पार और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कोटली और मुजफ्फराबाद में नियंत्रण रेखा के पार के इलाकों को निशाना बनाया। पाकिस्तान ने कहा कि भारतीय कार्रवाई से वाणिज्यिक हवाई यातायात को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। भारतीय सशस्त्र बलों ने 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी ढांचे पर रात 1:44 बजे सटीक हमले किए।



**पाकिस्तान की इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ISPR ने यह फोटो जारी की है। इसमें बहावलपुर के एक हॉस्पिटल में हमले में घायल का इलाज हो रहा है।**

### शहबाज ने इसे बताया युद्ध, जवाब देने की दी धमकी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने आतंकी ठिकानों पर भारत की गोलाबारी को युद्ध की कार्रवाई बताते हुए कहा है कि उनका देश जवाब दे रहा है। शरीफ ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में बुधवार को कहा, पाकिस्तान को भारत के इस एक्ट ऑफ वार का माकूल जवाब देने का पूरा हक है और जवाब दिया जा रहा है।

### अगर भारत आगे कार्रवाई नहीं करता तो पाकिस्तान भी कुछ नहीं करेगा: ख्वाजा आसिफ



**इस्लामाबाद।** भारतीय सशस्त्र सेनाओं के ऑपरेशन सिंदूर से हताश पाकिस्तान ने कहा है कि यदि भारत आगे और कार्रवाई नहीं करता है तो पाकिस्तान भी कार्रवाई नहीं करेगा। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक टेलीविजन चैनल से बातचीत में कहा कि इस कार्रवाई की शुरुआत भारत ने की है और हमने इसके बाद जवाबी कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि यदि भारत रुक जाता है तो पाकिस्तान भी कोई कार्रवाई नहीं करेगा।

## सभी की सुरक्षा सुनिश्चित होगी: सिन्हा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच बुधवार को कहा कि देश के हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। सिन्हा ने आज उपायुक्तों (डीसी) को निर्देश दिया कि वे संवेदनशील इलाकों से ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाएं और उनके लिए भोजन, आवास, चिकित्सा और परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर शुरू किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में रात के समय सीमा पर भारी गोलाबारी देखी गई जिसमें तीन नागरिक मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए। गोलाबारी में कई घर क्षतिग्रस्त हो गए। उपराज्यपाल के कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने सभी सीमावर्ती जिलों के डीसी सहित सभी वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस और जिला अधिकारियों के साथ जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिलों की स्थिति का जायजा लिया। मैं स्थिति पर करीब से नज़र रख रहा हूं और सरकार किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। मैंने डीसी को निर्देश दिया है कि वे ग्रामीणों को संवेदनशील क्षेत्रों से सुरक्षित स्थानों पर ले जाएं और उनके लिए भोजन, आवास, चिकित्सा और परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। हम हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे।


## ऑपरेशन मूवमेंट से संबंधित कंटेंट साझा न करें

**जम्मू।** जम्मू पुलिस ने बुधवार को आम जनता के लिए एडवाइजरी जारी की और जिले में सुरक्षा तैनाती अथवा ऑपरेशनल मूवमेंट से संबंधित कोई भी जानकारी अपलोड या साझा न करने की अपील की। एडवाइजरी में कहा गया है कि सभी नागरिकों को सख्त सलाह दी जाती है कि वे सोशल मीडिया या किसी अन्य सार्वजनिक प्लेटफॉर्म पर सुरक्षा तैनाती, ऑपरेशनल मूवमेंट या संवेदनशील स्थानों से संबंधित किसी भी कंटेन्ट को अपलोड या साझा न करें। ऐसी गति. विधियां सार्वजनिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा करती हैं। ऐसा करने वालों के खिलाफ संबंधित कानूनों के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एडवाइजरी में आगे कहा गया है कि जम्मू जिला पुलिस सभी से जिम्मेदारी से काम करने और ऐसी गतिविधियों से बचने का आग्रह करती है जो सुरक्षा अभियानों की प्रभावशीलता से समझौता कर सकती हैं।

## वैश्विक आतंकवादी है मसूद अज़हर

**बहावलपुर।** भारत ने 2001 के संसद हमले के मास्टरमाइंड जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर के पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के बहावलपुर स्थित घर को निशाना बनाकर हमला किया है। मीडिया ने स्थानीय सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि इस घटना में कम से कम 14 लोग मारे गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। घटना के बाद इलाके में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर दी गई है, हालांकि अभी तक इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि या खंडन नहीं किया गया है। मसूद अजहर ने दावा किया कि मृतकों में उसकी सबसे बड़ी बहन और उसके पति मसूद अजहर का भतीजा, उसकी पत्नी, एक और भतीजी और उनके परिवार के पांच बच्चे शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि मंगलवार देर रात हुए हमले में मसूद अजहर का एक करीबी सहयोगी और उसकी मां तथा दो अन्य करीबी सहयोगी भी मारे गए हैं। बयान में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना करते हुए कहा गया है कि इस हमले में सभी नियम तोड़ दिए हैं। गौरतलब है कि मसूद अजहर और जैश-ए-मोहम्मद 2001 में भारतीय संसद पर हमले, जनवरी 2016 में पठानकोट एयरबेस पर हमले, फरवरी 2019 में पुलवामा आत्मघाती हमले में शामिल थे। मई 2019 को संयुक्त राष्ट्र ने मसूद अजहर को वैश्विक आतंकवादी घोषित कर दिया।

### ऑपरेशन सिंदूर



**बहावलपुर के बाहरी इलाके में एयर स्ट्राइक के दौरान मस्जिद क्षतिग्रस्त हुई।**



**लाहौर से 30 किमी दूर मुरीदके शहर के आतंकी ठिकानों को तबाह किया गया, यहां लोगों के घरों को खाली करा दिया गया।**

### एलओसी पर पाक की जवाबी कार्रवाई



**जम्मू के पुंछ में पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई की है, जिसमें 15 की मौत व दर्जनों घायल हुए हैं।**



**पाकिस्तानी सेना की ओर से बॉर्डर पर की गई गोलाबारी में कई लोग घायल हुए।**

## डोभाल ने अमेरिकी विदेश मंत्री को ऑपरेशन सिंदूर की दी जानकारी

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने अमेरिका के एनएसए और विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात कर और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी है जिसके तहत भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी शिविरों पर सटीक हमले किए हैं। वाशिंगटन में भारतीय दूतावास ने मंगलवार देर रात बताया कि हमलों के तुरंत बाद एनएसए डोभाल ने अमे. रिका के एनएसए और विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात की और उन्हें इस कार्रवाई के बारे में जानकारी दी। वाशिंगटन में भारतीय दूतावास ने एक बयान में कहा, आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में एक नृशंस हमले में 26 नागरिकों की हत्या कर दी थी जिनमें एक नेपाली नागरिक भी शामिल था। भारत के पास विश्वसनीय सुराग, तकनीकी जानकारी, जीवित बचे लोगों की गवाही और अन्य सबूत हैं जो इस हमले में पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों की स्पष्ट संलिप्तता की ओर संकेत करते हैं। भारत को पहले यह उम्मीद थी कि पाकिस्तान आतंकवादियों और उन्हें समर्थन देने वाले बुनियादी ढांचे के खिलाफ कार्रवाई करेगा। इसके बजाय, पिछले पखवाड़े के दौरान, पाकिस्तान ने पहगाम हमले में उनकी संलिप्तता से इनकार दिया और भारत के खिलाफ झूठे अभियान चलाने का आरोप लगाया है। भारत की कार्रवाई अपने लक्ष्य पर केंद्रित और सटीक रही है तथा जिम्मेदाराना और ऐसी कार्रवाइयों या प्रतिक्रियाओं से बचने वाली है जो स्थिति की गंभीरता को बढ़ा दें।

Contact for admission
Seats are Limited

Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges

- Russia
- Georgia
- Kazakistan
- Kyragyzstan
- Uzbekistan
- Iran
- Bangladesh
- Nepal
- China
- Europe
- Egypt
- Armenia
- U.K.
- Canada
- U.S.A.



Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./M.D BHMS, BAMS BDS, BUMS
Since 2010
ABROAD ADMISSION & COUNSELLING FOR INDIA
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTANCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprise, Chahshreen B-21, Bijnor